माघ कृष्ण पक्ष, द्वादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बरेली

बुधवार, 7 फरवरी 2024

वर्ष 5, अंक 81, पृष्ठ 14

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



...तो चांद पर होगा अपना घरौंदा 14

सोनाली ने की अभिनेता मोहनलाल की तारीफ 13

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
₹ 5/-
प्रतिदिन

## अजित पवार गुट ही असली राकांपा



- निर्वाचन आयोग ने दोनों के दावों पर दिया निर्णय
- सुप्रीम कोर्ट जाएगा शरद पवार गुट

**नई दिल्ली/मुंबई।** निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को घोषणा की कि अजित पवार गुट ही असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) है। इसके साथ ही अजित पवार और राकांपा संस्थापक शरद पवार गुट के बीच पार्टी पर दावे को लेकर महीनों से जारी लड़ाई समाप्त हो गई है। आयोग ने अजित पवार के नेतृत्व वाले समूह को राकांपा का चुनाव चिह्न 'दीवार घड़ी' आवंटित किया। आयोग ने कहा कि निर्णय में ऐसी याचिका की पोषणीयता के निर्धारित पहलुओं का पालन किया गया, जिसमें पार्टी संविधान के उद्देश्यों का परीक्षण, पार्टी संविधान का परीक्षण और संगठनात्मक तथा विधायी दोनों में बहुमत के परीक्षण शामिल थे। आयोग ने आगामी राज्यसभा चुनाव के मद्देनजर विशेष छूट देते हुए शरद पवार के नेतृत्व वाले गुट को अपने राजनीतिक दल के लिए एक नाम का दावा करने और तीन प्राथमिकताएं प्रदान करने के लिए बुधवार दोपहर तक का समय दिया। आयोग के फैसले के खिलाफ शरद पवार के नेतृत्व वाला गुट उच्चतम न्यायालय का रुख करेगा। पार्टी के वरिष्ठ नेता जयंत पाटिल ने यह जानकारी दी।

## एआई : मुश्किलों का सामना कर रहीं अदालतें

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने कहा- कृत्रिम बुद्धिमता ने पैदा कीं कई जटिलताएं

दिल्ली हाईकोर्ट के जज जस्टिस अनीश दयाल ने मंगलवार को कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के आने के साथ ही अदालतें एक जटिल एवं कठिन समय का सामना कर रही हैं। इसकी वजह से जजों को उनके समक्ष प्रस्तुत साक्ष्यों की प्रमाणिकता पर निर्णय करने में मुश्किल हो सकती है।

एसोचैम द्वारा आयोजित तीसरे आईपी उत्कृष्टता पुरस्कार और ग्लोबल आईपी कॉन्क्लेव ''एनविजनिंग इंडियाज आईपीः इनोवेशन इकोसिस्टम फॉर विकसित भारत'' में जस्टिस दयाल ने कहा, "एआई आने के साथ हम एक बहुत ही दिलचस्प, जटिल और कठिन समय की दहलीज पर खड़े हैं, जहां हो सकता है कि हम उन सबूतों पर विश्वास नहीं कर पाएं, जो हमारे सामने प्रस्तुत किए गए हैं।' एसोचैम द्वारा जारी एक बयान में न्यायमूर्ति दयाल के हवाले से कहा गया है कि बौद्धिक संपदा (आईपी) प्रभाग की स्थापना आईपी अधिनिर्णय में एक पूरी तरह से नया युग था, क्योंकि बौद्धिक संपदा अपीलीय बोर्ड (आईपीएडी) को 2021 में समाप्त कर दिया गया था। जस्टिस दयाल ने कहा, '28 फरवरी, 2022 को दिल्ली हाईकोर्ट ने लंबे समय से जारी अस्पष्टता को समाप्त करते हुए पहले बौद्धिक संपदा प्रभाग की स्थापना की। आईपी नियम हमें तकनीकी सलाहकारों से सलाह प्राप्त करने की अनुमति देते हैं, जो एक अत्यंत नवीन प्रणाली है। दिल्ली हाईकोर्ट के आईपीडी ने हॉट टबिंग, गोपनीयता क्लब और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य और प्रतिलेखन जैसे आधुनिक तरीकों को अपनाया है।'

7 DAYS OPEN
MONTE CARLO
Sale Start
20% to 50%
वास्तविक छूट
वैवाहिक साड़ियाँ, सिल्क साड़ियाँ, लहंगा चुन्नी, डिजाईनर लेडीज सूट, पशमीना शाल, रेडीमेड गारमेन्ट्स, वूलन्स, लेडीज कोट, जैकिट एण्ड ट्रैक सूट, फुटवियर, जेन्ट्स एण्ड किड्स
SELECTION POINT
The Complete Family Store
दाम इतने कम कि कभी शॉपिंग खत्म ही न हो।
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

# उत्तराखंड विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पेश

### सदन से पास होने और राज्यपाल की मंजूरी मिलने के बाद बन जाएगा कानून

**ब्यूरो, देहरादून**

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक (यूसीसी) पेश किया। विधेयक के पेश होने के बाद भाजपा विधायकों ने सदन में जय श्रीराम व भारत माता की जय के नारे लगाए। सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता विपक्ष यशपाल आर्य व प्रीतम सिंह ने कहा कि यूसीसी की एक्सपर्ट्स कमेटी की रिपोर्ट पहले सदन में पेश की जानी चाहिए थी और ड्राफ्ट के अध्ययन को समय मिलना चाहिए।

प्रारंभिक चर्चा के बाद 11.25 बजे विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने दोपहर 2 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दिया। भोजनावकाश के बाद विधेयक पर फिर चर्चा शुरू हुई। कांग्रेस नेता यशपाल आर्य ने आरोप लगाया कि यूसीसी ड्राफ्ट कमेटी ने विपक्ष को नहीं बुलाया गया, कोई सुझाव नहीं लिए। हिमाचल, यूपी से विवाह करके आए लोगों पर कौन-सा नियम लागू होगा। आर्य ने कहा कि प्रश्नकाल व अन्य कार्यवाही स्थगित कर संवैधानिक नियमों का उल्लंघन किया गया है। कांग्रेस विधायकों ने कहा कि आदिवासी व जनजाति समाज को बाहर क्यों रखा गया। इन समुदाय की महिलाओं को विधेयक में क्यों वंचित किया गया।

भाजपा विधायकों ने यूसीसी विधेयक को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि विपक्ष इसे लेकर भ्रांतियां फैला रहा है। स्पीकर ने सायं 6:35 बजे सदन की कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। बुधवार को सदन में पारित होने के बाद विधेयक राज्यपाल के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

### समान नागरिक संहिता के प्रमुख बिंदु

- तलाक के लिए सभी धर्मों का एक कानून होगा
- तलाक के बाद भरण पोषण का नियम एक होगा
- गोद लेने के लिए सभी धर्मों का एक कानून होगा
- संपत्ति बंटवारे में लड़की का समान हक लागू होगा
- सभी धर्मों में लड़की की विवाह की उम्र 18 वर्ष होगी
- लिव इन रिलेशनशिप के लिए पंजीकरण जरूरी होगा
- प्रदेश की जनजातियां इस कानून के दायरे से बाहर होंगी
- बहुपत्नी प्रथा समाप्त, एक पति-पत्नी का नियम सब पर लागू



भारतीय संविधान की प्रति के साथ सदन में पहुंचे मुख्यमंत्री।

### विधेयक को प्रवर समिति के हवाले किया जाए: कांग्रेस

कांग्रेस के विधायकों ने कहा कि यूसीसी विधेयक को प्रवर समिति के हवाले किया जाए, ताकि उसमें सुधार किया जा सके। नेता विपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि विधेयक को पहले प्रवर समिति के हवाले किया जाए। विधेयक के संदर्भ में संसदीय कार्यमंत्री को चर्चा करनी चाहिए थी। कहा कि एक्सपर्ट कमेटी में धर्मगुरुओं को भी शामिल किया जाना चाहिए था।

### बिना रजिस्ट्रेशन, लिव इन रिलेशन पर जेल

समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद उत्तराखंड में लिव इन रिलेशनशिप का वेब पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी होगा। रजिस्ट्रेशन न कराने पर युगल को छह महीने का कारावास और 25 हजार का दंड या दोनों हो सकते हैं। रजिस्ट्रेशन की रसीद के आधार पर उन्हें किराए पर घर, हॉस्टल या पीजी मिल सकेगा। वयस्क पुरुष व वयस्क महिला ही लिव इन रिलेशनशिप में रह सकेंगे। वे पहले से विवाहित या किसी अन्य के साथ लिव इन रिलेशनशिप या प्रोहिबिटेड डिग्रीस ऑफ रिलेशनशिप में नहीं होने चाहिए। पंजीकरण कराने वाले युगल की सूचना रजिस्ट्रार को उनके माता-पिता या अभिभावक को देनी होगी।

## केजरीवाल के पीए, आप नेताओं के परिसरों पर ईडी की छापेमारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- दिल्ली जल बोर्ड के ठेके में रिश्वत के आरोपों पर कार्रवाई
- राष्ट्रीय राजधानी में 10 से 12 परिसरों में की गई छानबीन

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धन शोधन की जांच के तहत दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार और अन्य लोगों के परिसरों की मंगलवार को तलाशी ली। आरोप है कि डीजेबी की निविदा प्रक्रिया में अनियमितताओं से उत्पन्न रिश्वत को चुनावी फंड के रूप में आम आदमी पार्टी (आप) को भेजा गया। धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत की गई छापेमारी में ईडी के अधिकारियों ने राष्ट्रीय राजधानी के करीब 10-12 परिसरों की तलाशी ली। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी, बिभव कुमार, दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व सदस्य शलभ कुमार, पार्टी के राज्यसभा सदस्य और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एनडी गुप्ता के कार्यालय तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) पंकज मंगल के अलावा पार्टी से जुड़े कुछ अन्य लोगों के परिसरों की तलाशी ले रहे हैं।

दिल्ली की मंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि 'आप' नेताओं के खिलाफ छापेमारी पार्टी को डराने और चुप कराने की कोशिश है। यह छापेमारी दिल्ली जल बोर्ड के ठेके की प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं से जुड़ी है। इसी मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने सेवानिवृत्त मुख्य इंजीनियर जगदीश कुमार अरोड़ा और ठेकेदार अनिल कुमार अग्रवाल को पिछले सप्ताह गिरफ्तार किया था।



एनडी गुप्ता के आवास पर छापेमारी के दौरान सुरक्षाकर्मी।

### प. बंगाल में कई जगहों पर छापा

**कोलकाता।** ईडी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) कोष के कथित गबन की जांच के सिलसिले में मंगलवार सुबह पश्चिम बंगाल में कई स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। सॉल्ट लेक के आईए ब्लॉक में एक पूर्व खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) के आवास पर छापा मारा गया। झारग्राम जिले में पश्चिम बंगाल लोक सेवा के एक अधिकारी के सरकारी आवास पर भी छापेमारी की जा रही है।

### बिहार में जदयू एमएलसी की 26 करोड़ की दो अचल संपत्तियां कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी ने मंगलवार को कहा कि उसने बिहार में कथित अवैध रेत खनन मामले की अपनी धन शोधन जांच के तहत राज्य विधानपरिषद के सदस्य और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेता राधा चरण साह की 26 करोड़ रुपये की दो अचल संपत्तियां कुर्क कीं। बिहार पुलिस ने 'ब्रॉड सन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड' और अन्य के खिलाफ आईपीसी और बिहार खनिज नियम, 2019 की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 19 प्राथमिकियां दर्ज की थीं, जिसके आधार पर निदेशालय ने धन शोधन का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। ईडी ने एक बयान में दावा किया कि जांच में सामने आया कि रेत की अवैध बिक्री और इसके खनन को मुख्य रूप से एक गिरोह द्वारा नियंत्रित किया गया और इस गिरोह के सदस्य होने के नाते राधा चरण 'साह ब्रॉड सन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड' के माध्यम से अपराध से भारी-भरकम आय प्राप्त कर रहे थे।

### एक नजर

#### कश्मीरी कवि फारूक नाजकी का निधन

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध कवि, दूरदर्शन, आकाशवाणी श्रीनगर के पूर्व निदेशक और साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता फारूक नाज़की का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार सुबह कटरा के श्री माता वैष्णो देवी नारायण सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे। परिवारिक सूत्रों ने नाजकी के निधन के बारे में जानकारी दी। नाज़की मूल रूप से जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा के मदार गांव के निवासी थे।

#### पंजाब में जमीन रजिस्ट्री में एनओसी शर्त खत्म

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने किसी भी प्रकार की भूमि-संपत्ति के पंजीकरण के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) की शर्त को खत्म करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार कहा कि लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए व्यापक जनहित में यह निर्णय लिया गया है।

## लापरवाही : विद्युत पोल में दौड़ा करंट, कर्मचारी की मौत

**बांकेगंज, (लखीमपुर खीरी)**

- परिजनों का आरोप, बिना शटडाउन लिए अधिकारियों ने कराया काम
- बांकेगंज-कुकरा मार्ग चौड़ीकरण के बाद शिफ्ट कराए जा रहे विद्युत पोल

**अमृत विचार :** बांकेगंज क्षेत्र में गुरुद्वारा के पास बिजली पोल की शिफ्टिंग के दौरान विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से एक कर्मचारी की जान चली गई। शटडाउन लेने के दौरान पोल में उतरे करंट से अमरेश कुमार (32) की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि शटडाउन लिए बिना काम कराने की वजह से हादसा हुआ है। जबकि बिजली विभाग के अधिकारी शटडाउन लेकर काम कराने का दावा कर रहे हैं।

बांकेगंज-कुकरा मार्ग के चौड़ीकरण के बाद बिजली पोलों को शिफ्ट करने का कार्य हो रहा है। बांकेगंज गुरुद्वारा के पास गोला की ग्राम पंचायत कुम्भी के बासगांव निवासी अमरेश, उत्तम आदि मंगलवार को काम कर रहे थे। पोल लगाने के लिए गड्ढा खोदा था। दूसरी जगह से पोल उखाड़ा जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गड्ढे में लगाने के लिए सीमेंट के पोल को जैसे ही उठाया तो उसमें करंट उतरने से अमरेश चिपककर गिर गया। बताते हैं कि पोल 11 हजार की लाइन से टकरा गया, जिससे चिंगारी निकली थी। अमरेश को बांकेगंज सीएचसी लाया गया। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बांकेगंज चौकी इंचार्ज का कहना है कि मृतक के शरीर पर चोट या जले का निशान नहीं है।

## 23 साल पहले हुई हत्या में तीन भाइयों समेत सात को आजीवन कारावास

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

- वर्ष 2001 में खुदागंज के मवैया पट्टी गांव में हुई थी वारदात
- विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी की अदालत ने सुनाई सजा

**अमृत विचार :** 23 साल पहले थाना खुदागंज क्षेत्र के गांव मवैया पट्टी में हुई हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय विशेष न्यायाधीश, एससी-एसटी (अत्याचार निवारण) आलोक कुमार शुक्ल की कोर्ट ने तीन भाइयों समेत सात लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। प्रत्येक पर 26 हजार 500 रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार खुदागंज के गांव मवैया पट्टी निवासी रामेंद्र सिंह के परिवार के सुनील सिंह के गांव के ही श्रीकृष्ण की बहन लक्ष्मी से अवैध संबंध थे। इसी रंजिश में 24 अगस्त 2001 की शाम करीब 7 बजे श्रीकृष्ण ने अपने भाइयों में सुखपाल, ओमपाल, हरपाल व साथियों में सुरेंद्र सिंह, देवेंद्र, धनपाल, जितेंद्र के साथ लाठी, कांता, तमंचे, बंदूकों के साथ सुनील पर हमला कर दिया। उसे बचाने के लिए पिता रामपाल सिंह उर्फ कल्याण सिंह, पड़ोसी श्रीपाल व प्रतिपाल, सुभाष सिंह पहुंचे, तभी श्रीकृष्ण व उसके साथियों ने लाठी और कांता से हमला कर दिया। जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। गोली व कांता लगने से रामपाल सिंह उर्फ कल्याण सिंह की मौके पर मौत हो गई। पड़ोसी श्रीपाल धोबी को गंभीर चोटें आई थी। सुनील आदि ने भागकर जान बचाई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय भेजा। विशेष न्यायाधीश, एससी-एसटी की कोर्ट ने पेश किए गए गवाहों, शासकीय अधिवक्ता के तर्कों को सुनने और पत्रावली का अवलोकन करने के बाद सात अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद दी। सजा पाने वालों में सुखपाल, ओमपाल, हरपाल सगे भाई हैं। आरोपी श्रीकृष्ण की मुकदमे के दौरान मृत्यु हो गई।

## मप्र के हरदा में पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 11 लोगों की मौत

**हरदा/भोपाल, एजेंसी**

- 200 घायल, राष्ट्रपति मुर्मू व प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने की मदद राशि देने की घोषणा

मध्यप्रदेश के हरदा शहर में मंगलवार को एक पटाखा कारखाने में विस्फोट के बाद आग लग गई, जिससे इसमें 11 लोगों की मौत हो गई जबकि 200 अन्य घायल हो गए। घटना प्रदेश की राजधानी भोपाल से लगभग 150 किलोमीटर दूर हरदा शहर के बाहरी इलाके मगरधा रोड पर बैरागढ़ में हुई। अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) गृह संजय दुबे ने बताया कि अब तक नौ लोगों के मौत की खबर है और लगभग 200 अन्य घायल हुए हैं। कतिपय सूत्र 11 मौतों की बात कह रहे हैं। घटना के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बैठक की और कहा कि बचाव कार्य के लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था के लिए सेना से संपर्क किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की। घायलों के उपचार का पूरा खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि वह इस त्रासदी में लोगों की मौत से बेहद दुखी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि हादसे में लोगों की मौत से व्यथित हूं। मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई और घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की। मोदी ने प्रत्येक मृतक के परिजन को प्रधानमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की मदद देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री के निर्देश पर घटना की जांच के लिए शासन ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की है।

## दिल्ली में लश्कर का आतंकवादी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सेना का रिटायर्ड जवान है पकड़ा गया रियाज अहमद
- जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकी माड्यूल का है सदस्य

दिल्ली पुलिस ने लश्कर ए-तैयबा के सक्रिय मॉड्यूल के एक कथित सदस्य को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।बताया कि यह मॉड्यूल जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सक्रिय है। आरोपी सेना का सेवानिवृत कर्मी है और उसने नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार से हथियार तथा गोला-बारूद प्राप्त करने में सक्रिय भूमिका निभाई। उसकी पहचान कुपवाड़ा जिले के निवासी रियाज अहमद राथर के रूप में हुई है, जिसे रविवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रियाज ने खुर्शीद अहमद राथर और गुलाम सरवर राथर के साथ मिलकर नियंत्रण रेखा पार आतंकी आकाओं से हथियार और गोला-बारूद प्राप्त करने में भूमिका निभाई।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर की जांच एजेंसियों से रविवार को जानकारी मिली थी कि रियाज अहमद राथर नाम का आतंकी उनके द्वारा हाल ही में भंडाफोड़ किए गए आतंकी मॉड्यूल मामले में वांछित है। जम्मू-कश्मीर की जांच एजेंसियों ने इस भंडाफोड़ में पांच लोगों को गिरफ्तार किया था।

## ज्ञानवापी के सभी तहखानों के एएसआई सर्वे पर 15 को सुनवाई

**वाराणसी।** वाराणसी की जिला अदालत ने ज्ञानवापी परिसर में बंद अन्य सभी तहखानों का एएसआई से सर्वे कराए जाने का आदेश देने के आग्रह वाली याचिका पर सुनवाई के लिए 15 फरवरी की तिथि तय की है। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने मंगलवार को बताया कि कार्यवाहक जिला जज अनिल कुमार (पंचम) की अदालत ने याचिका पर सुनवाई के लिए 15 फरवरी की तिथि तय की है। उन्होंने बताया कि ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मामले में पक्षकार और विश्व वैदिक सनातन संघ की सदस्य राखी सिंह ने अपनी याचिका में काशी विश्वनाथ मंदिर से सटे ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में सभी बंद तहखानों का एएसआई से सर्वेक्षण करने का आदेश देने का आग्रह किया।

## परीक्षा में धांधली पर 10 साल की जेल, एक करोड़ जुर्माना

### लोक परीक्षा विधेयक-2024 को लोकसभा की मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकारी भर्ती और प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक तथा फर्जी वेबसाइट जैसी अनियमितताओं के खिलाफ तीन साल से 10 साल तक की जेल और न्यूनतम एक करोड़ रुपये के जुर्माने के प्रावधान वाले लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक, 2024 को मंगलवार को लोकसभा ने पारित कर दिया। लोकसभा में विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थी या अभ्यर्थी इस कानून के दायरे में नहीं आते और ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि इसके माध्यम से उम्मीदवारों का उत्पीड़न होगा।




उन्होंने कहा कि यह कानून उन लोगों के विरुद्ध लाया गया है जो इस परीक्षा प्रणाली के साथ छेड़छाड़ करते हैं। सिंह ने कहा कि यह विधेयक राजनीति से ऊपर है और देश के बेटे-बेटियों के भविष्य से जुड़ा है। मंत्री के जवाब के बाद सदन ने ध्वनिमत से विधेयक को पारित कर दिया। सिंह ने पुनर्परीक्षा के लिए समय-सीमा तय करने के सुझाव पर कहा कि इस तरह के मामलों में सीबीआई जांच और अन्य प्रक्रियाएं शुरू हो जाती हैं, इसलिए सीमारेखा तय करना संभव नहीं, लेकिन सरकार का प्रयास इन्हें समय पर कराना होगा।

### कानून के दायरे में ये परीक्षाएं

विधेयक में कहा गया है कि प्रश्न पत्र या उत्तर कुंजी का लीक होना, सार्वजनिक परीक्षा में अनधिकृत रूप से किसी भी तरीके से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उम्मीदवार की सहायता करना और कंप्यूटर नेटवर्क या कंप्यूटर संसाधन या कंप्यूटर सिस्टम के साथ छेड़छाड़ करना, किसी व्यक्ति, लोगों के समूह या संस्थानों द्वारा किए गए अपराध हैं। विधेयक के दायरे में यूपीएससी, एसएससी, रेलवे द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाएं, बैंकिंग भर्ती परीक्षाएं और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित सभी कम्प्यूटर आधारित परीक्षाएं आएंगी।

### जल संशोधन विधेयक को मिली रास में मंजूरी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने मंगलवार को जल प्रदूषण से संबंधित छोटे अपराधों को जेल की सजा की श्रेणी से बाहर करने, केंद्र को राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के अध्यक्षों की सेवा शर्तों को निर्धारित करने में सक्षम बनाने और औद्योगिक संयंत्रों की कुछ श्रेणियों को वैधानिक प्रतिबंधों से छूट देने का प्रावधान करने वाले जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) संशोधन विधेयक 2024 को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने विधेयक पर हुई चर्चा के जवाब में कहा कि विकास और पर्यावरण संरक्षण एक साथ चलना चाहिए।

## नए निर्वाचन आयुक्त के चयन को आज बैठक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली एक समिति निर्वाचन आयुक्त पद के उम्मीदवार का चयन करने के लिए बुधवार को यहां बैठक करेगी। तीन सदस्यीय निर्वाचन आयोग में 14 फरवरी को चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे के सेवानिवृत्त होने के बाद एक पद रिक्त हो जाएगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल) कानून के मुताबिक, कानून मंत्री की अध्यक्षता वाली एक खोज समिति प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली चयन समिति के विचार के लिए पांच उम्मीदवारों का नाम सूचीबद्ध करेगी। प्रधानमंत्री द्वारा मनोनीत केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी चयन समिति का हिस्सा हैं।

एक नजर

### अश्विनी मिस्टर फेयरवेल तो आद्या शुक्ला बनी मिस फेयरवेल

शाहजहांपुर। तक्षशिला पब्लिक स्कूल में मंगलवार को 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। इस अवसर पर जूनियर कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के सम्मान में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विदाई कार्यक्रम में 11वीं के छात्रों ने 12वीं के छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर और पुष्प भेंटकर स्वागत किया। इसके बाद रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर अश्विनी गौतम को मिस्टर फेयरवेल तथा आद्या शुक्ला को मिस फेयरवेल के खिताब से नवाजा गया। स्टूडेंट ऑफ द ईयर का खिताब अर्जुन अग्रवाल एवं खुशी बियानी को संयुक्त रूप से दिया गया। मिस्टर एवं मिस प्रभावशाली का खिताब राघव मल्होत्रा एवं तवलीन कौर को मिला। संचालन स्वस्ति, खुशी, हरगुन, युसरा, नैना, इशिका मेहरोत्रा ने किया। निदेशक अरुण खंडेलवाल, प्रधानाचार्य प्रखर खंडेलवाल ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शैलेंद्र सिंह चौहान, केसी जोशी, सरवत खान, इशिका शुक्ला, वहीद अहमद, आलोक शर्मा, विशाल भंडारी, सलोनी खंडेलवाल, रिचा बाजपेई, हेमंत अनेजा आदि का सहयोग रहा।

### छात्रवृत्ति डाटा में न हो कोई चूकः डीएम

शाहजहांपुर। डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को दशमोत्तर छात्रवृत्ति की समीक्षा बैठक हुई। डीएम ने कक्षावार छात्रवृत्ति वितरण प्रणाली के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि छात्रों के प्राप्त आवेदनों व डाटा का शत प्रतिशत सत्यापन कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि इस कार्य के प्रति गंभीरता बरतें। किसी भी दशा में कोई चूक न हो। डीएम ने नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारियों को लगाकर सत्यापित करने को निर्देशित किया। मुख्य विकास अधिकारी को भी इस कार्य का औचक निरीक्षण करने को कहा। डीएम ने निर्देश दिया कि इस कार्य को निर्धारित समय में पूरा किया जाए। जिससे कि बच्चों को ससमय छात्रवृत्ति का लाभ मिल सके।

### लैंगिक उत्पीड़न के प्रति किया जागरूक

शाहजहांपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पीयूष तिवारी ने मंगलवार को अपने कार्यालय के विश्राम कक्ष में कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न के संबंध में महिलाओं को जागरूक किया। लोक अदालत लिपिक मोहम्मद अफजल ने आभार व्यक्त किया।

# अनियोजित खोदाई से आफत झेल रहे व्यापारी सड़क पर उतरे

## उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष के घर हुई बैठक फिर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे व्यापारी, सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. वेद प्रकाश मिश्र को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार


बैठक के बाद नारेबाजी करते कलेक्ट्रेट जाते व्यापारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** आफत बनी अनियोजित खोदाई से निजात दिलाने की मांग को लेकर मंगलवार को व्यापारी सड़क पर उतर आए। उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष सचिन बाथम के आवास पर हुई बैठक के बाद नारेबाजी करते हुए व्यापारी सदर बाजार से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां व्यापारियों ने कहा कि बिना सूचना दिए आए दिन किसी न किसी सड़क को खोद दिया जाता है। जिससे व्यापारियों को व्यापार में नुकसान उठाना पड़ रहा है।

महानगर में बिना सूचना दिए आए दिन किसी न किसी सड़क पर खुदाई शुरू कर दी जाती है। इसको लेकर बीते दिनों व्यापारियों ने अधिकारियों को ज्ञापन देने की बात कही थी। जिसके चलते मंगलवार सुबह व्यापार मंडल के अध्यक्ष सचिन बाथम के घर पर व्यापारियों की बैठक हुई। बैठक के दौरान व्यापारियों ने अपनी समस्या रखी। बाद में व्यापारी इकट्ठा होकर जल निगम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अध्यक्ष सचिन बाथम के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे और सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. वेद प्रकाश मिश्र को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि महानगर की मेन मार्केट में सीवर के पाइप पड़ जाने के बाद मलबा नहीं हटाया गया और न ही पैच वर्क कराया गया। बरसात होने पर सारी मिट्टी फैल गई है। मिट्टी ने सड़कों पर दल-दल कर दिया, जिससे महिलाएं-बच्चे और बाइक सवार लोग ई-रिक्शा दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। बाजारों में ग्राहक नहीं आ रहे हैं। सड़कों को तुरंत सही करवाने की मांग रखी। व्यापारियों ने कहा कि जिन गलियों को खोदा गया है उन्हें पहले जैसा नहीं बनवाया गया। सिविल लाइन खुदाई की वजह से ट्रैफिक बंद हो जाता है, जिस वजह से कई रोड अभी भी बंद हैं। बहादुरगंज मशीनरी मार्केट में खोदे हुए मार्ग पर काम हो जाने के बाद मिट्टी व मनमानी की वजह से पूरा दल-दल हो गया। रोड को पूरा ठीक ढंग से बनवाया जाए। एसपी कॉलेज-से निशात टॉकीज रोड खोदने के बाद मलबा पड़ा है। मलबे की वजह से लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। अक्सर वहां जाम लग रही है। बहादुरगंज से निशात टॉकीज रोड पर पूरी रोड बंद कर रखी है और मलबा रोड पर पड़ा है, जिसकी वजह से उस रोड पर सभी दुकानदारों को भारी नुकसान हो रहा है। जल्द ही मलबा हटा कर रोड चालू किया जाए। तारीन टिकली - ट्रांसफार्मर के पास पाइप पड़ने के बाद लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है, उसकी मरम्मत की जाए।

### कचहरी रोड पर पड़ा है मलबा

व्यापारियों ने बताया कि अंटा चौराहे से कचहरी रोड पर पाइप लाइन पड़ने के बाद मलबा पड़ा है। रोड क्षतिग्रस्त होने के कारण पानी भरा हुआ है, जिससे निकलना मुश्किल है। लोहा मंडी तिराहे पर सीवर लाइन का कार्य हो जाने के बाद रोड को ठीक नहीं किया गया, जिस कारण काफी गहरे गड्ढे हो गये हैं। दिन भर धूल उड़ती रहती है। सदर बाजार सिटी कार्ट से खिरनी बाग रोड पर खुदाई के बाद जो रोड भरी गई है। उसे ठीक कराया जाए। सीतापुर आंख के अस्पताल के पास सड़क बैठ गई है, उसे ठीक कराया जाए। इस मौके पर अमित शर्मा, अखिल मिश्रा, पंकज टन्डन, विवेक सहगल, साहिल आनंद, संजय गुप्ता, राम अवतार वर्मा ,विवेक कुमार, फुरकान, अशोक गुप्ता, साहिल, विनीत अवस्थी, मो. नासिर, प्रमोद, महेश तुली, गिरीश पीयूष गुप्ता आदि व्यापारी मौजूद थे।

# मार्च बाद मिलेगी शहरवासियों को खोदाई से निजात

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** मार्च के बाद शहर वासियों को आफत बनी खोदाई से निजात मिलने की उम्मीद है। मंगलवार को नगर आयुक्त केपी सिंह के साथ हुई जल निगम के अधिकारियों की बैठक में नगर आयुक्त ने अनियोजित खोदाई को लेकर गहरी नाराजगी जताई। कहा हर हाल में तय समय सीमा के भीतर निर्माण कार्य पूरा किया जाए। उन्होंने शहर की दो खुदी पड़ीं सड़कों का निर्माण जल्द से जल्द शुरू कराने के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त ने कहा कि जनता को सीवर लाइन डाले जाने के चलते परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोक निर्माण विभाग की ओर से शहर में दो सड़कों का निर्माण किया जाना है। वर्तमान में यह सड़कें खुदी पड़ी हैं। मंजूरी मिल गई है, लेकिन जल निगम की ओर सहमति न मिलने के चलते अभी तक निर्माण शुरू नहीं हो सका है। नगर आयुक्त ने इस बात पर गहरी नाराजगी जताई कि जल निगम की ओर से मंगलवार को सहमति पत्र देने देने की बात कही गई थी, जो अब तक नहीं मिला। कहा कि सभी संबंधित विभागों को आपसी सामंजस्य से कार्य करना है। सीवर लाइन डालने के बाद सुरक्षित तरीके से सड़कों की मरम्मत और पुनर्निर्माण कराया जाए। ताकि जनता को हादसों से बचाया जा सके। बैठक के दौरान जल निगम के अधिशासी अभियंता कपिल एम सिंह ने कहा कि जल्द से जल्द सीवर लाइन का कार्य पूरा कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मार्च तक निर्माण पूरा कर लिया जाएगा।


जल निगम के अधिकारियों के साथ बैठक करते नगर आयुक्त केपी सिंह।

# अब किराए के कमरे में नहीं रहेंगे पुलिस कर्मी

संवाददाता, तिलहर

- चार मंजिला आवास और एक विवेचना कक्ष का किया जाएगा निर्माण
- पुलिस आवास निगम के जेई ने कोतवाली पहुंचकर की जगह की पैमाइश

**अमृत विचारः** पुलिस कर्मियों को आवास के लिए होने वाली किल्लत को देखते हुए पुलिस आवास निगम के द्वारा कोतवाली में चार मंजिला आवास तथा एक विवेचना कक्ष का निर्माण किया जाएगा। निगम के जेई ललित वर्मा ने कोतवाली पहुंचकर जगह की पैमाइश की।

कोतवाली परिसर में पुलिसकर्मियों के आवास जर्जर और कंडम हो जाने के कारण इन आवासों में कोई भी नहीं रह रहा है। पुलिसकर्मी नगर क्षेत्र में किराए के कमरों में रहने को विवश है। पुलिसकर्मियों की इस समस्या को देखते हुए शासन के निर्देश पर पुलिस आवास निगम के जेई ललित वर्मा मंगलवार को कोतवाली पहुंचे। उन्होंने कोतवाल सुरेंद्र पाल सिंह के साथ कोतवाली परिसर के कंडम आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि प्रभारी निरीक्षक के आवास के पड़ोस में विवेचना कक्ष तथा इसके पड़ोस में चार मंजिला पुलिस बैरक का निर्माण कराया जाएगा।

# बच्चों ने हुनर दिखाकर जीते पुरस्कार, मेधावी सम्मानित


प्रतियोगिता में बनाए पोस्टर दिखातीं कुरसंडा स्कूल की छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- परिषदीय स्कूलों में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव
- प्रतियोगिताओं के बाद की गईं पीटीए की बैठकें

**अमृत विचारः** महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक के निर्देश पर मंगलवार को परिषदीय स्कूलों में वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। साथ ही तमाम प्रतियोगिताएं भी कराई गईं।

विकास खंड भावलखेड़ा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुरसंडा में वार्षिकोत्सव एवं शिक्षक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। एसएमसी अध्यक्ष गुड्डाली सिंह एवं प्रधान प्रतिनिधि धीरज शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर और पुष्पार्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत। इसके बाद खेल कूद प्रतियोगिताएं, पीटी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और कविता पाठ, भाषण, पोस्टर, चित्रकला, रंगोली, अंत्याक्षरी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सर्वाधिक उपस्थिति वाले बच्चों और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया।

सर्वाधिक उपस्थिति वाले बच्चों में पिंटू, प्रशांत कुमार, आयुष शामिल रहे। प्रतियोगिताओं में प्रतिज्ञा, सुमित, चंद्रभान सिंह, आरती, नंदिनी, पायल, नैंसी, प्रतिभा, क्रांति आदि बच्चे शामिल रहे। वार्षिकोत्सव में पूर्व एसएमसी अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह, उपाध्यक्ष राजाराम, सत्यपाल, सुभाष, जागेश्वर, करन सिंह, शशि प्रभा, जागेश्वरी समेत बड़ी संख्या में अभिभावक शामिल रहे। संचालन रामसेवक शर्मा ने और आभार प्रदर्शन प्रधानाध्यापक विश्राम सिंह ने व्यक्त किया।

### लघु नाटिका से समझाया शिक्षा का महत्व

कंपोजिट विद्यालय सुजातपुर में वार्षिकोत्सव एवं अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। शुरुआत एसएमसी अध्यक्ष मुबारक अली एवं प्रधानपति राममोहन शुक्ला ने मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर की। इस अवसर पर खेल कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। शिक्षा के मूल्यों पर आधारित लघु नाटिका, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, कविता पाठ, भाषण, पोस्टर, चित्रकला, रंगोली आदि के माध्यम से बच्चों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। संचालन विमलेश कुमार त्रिपाठी ने और प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार गंगवार ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

### अटसलिया में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पर किया जागरूक

कंपोजिट विद्यालय अटसलिया में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत बैठक भी हुई, जिसमें अभिभावकों को जागरूक किया गया। वार्षिकोत्सव के तहत रंगोली प्रतियोगिता, दौड़ प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान ओम प्रकाश ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।


कंपोजिट विद्यालय अटसलिया में अपने बनाए पोस्टर दिखातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

शिक्षिका निकहत परवीन, दपिंदर कौर, रश्मि सक्सेना, शालिनी मिश्रा, वर्षा मिश्रा, नम्रता मिश्रा, मुन्नी आदि का सहयोग रहा।

### रोटी गोदाम स्कूल में हुईं प्रतियोगिताएं

महानगर स्थित कंपोजिट विद्यालय रोटी गोदाम में खंड शिक्षा अधिकारी नगेंद्र कुमार के निर्देश पर विद्यालय प्रबंध समिति एवं अभिभावकों की बैठक भी हुई, जिसमें स्कूली बच्चों के लिए सरकार की ओर से चलाई जा रहीं योजनाओं की जानकारी दी गई। एसएमसी अध्यक्ष आशाराम की अध्यक्षता में शुरू हुए कार्यक्रम में बीईओ ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई से लेकर अन्य व्यवस्थाओं में जितनी ज़िम्मेदारी शिक्षकों की है, उतनी ही अभिभावकों की भी है। अभिभावकों को चाहिए किए अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें और घर पर भी बिना किसी भेदभाव के बेटी-बेटों की पढ़ाई पर ध्यान दें।



पीटीए की बैठक में अपनी बात रखतीं एक अभिभावक। ● अमृत विचार

प्रधानाध्यापक इमरान सईद खां ने अभिभावकों से बच्चों को निपुण बनाने में सहयोग करने का आह्वान किया। इस अवसर पर निबंध, कला व सुलेख प्रतियोगिता भी कराई गई, जिनके विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। रचना जौहरी, खुशबू सबूर, नीलम, मीना देवी, जय देवी, मुन्नी, लौंगश्री, मुन्ने, राजेश कुमार, जौहरी प्रसाद, रेहान अली आदि का सहयोग रहा।

# शिक्षकों ने सीएम को भेजे पोस्टकार्ड

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड भेजते परिषदीय शिक्षक। ● अमृत विचार

- परिषदीय शिक्षकों ने पदोन्नति नहीं होने पर जताई नाराजगी

**अमृत विचारः** प्राथमिक शिक्षक संघ की पुवायां इकाई ने मंगलवार को शिक्षकों की लंबित पदोन्नति प्रक्रिया को पूर्ण कराने के लिए मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड भेजे।

तहसील अध्यक्ष अश्विनी कुमार अवस्थी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पूर्व में दिए गए दिशा निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है, जिस कारण शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया रुकी है। बेसिक शिक्षक पांच साल की सेवा पूर्ण होने पर भी पदोन्नति के अधिकार से वंचित हो रहे हैं। आक्रोशित शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड भेज कर उनसे पदोन्नति कराने का आग्रह किया है। इा दौरान राकेश रोशन, राजीव कुमार गुप्ता, आलोक दुबे, विनोद सिंह, छोटेलाल राठौर, अंबुज गुप्ता, सुखपाल सिंह, शंभू सिंह, मंगल प्रसाद, दिग्विजय सिंह, दक्षिता, आकृति, अमिता शुक्ला, शुभांगी आदि शामिल रहे।

निरीक्षण

## कंपोजिट विद्यालय, प्राथमिक स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे डीएम बोले- कमजोर बच्चों पर ध्यान देने की जरूरत

# डीएम ने परखी शैक्षिक गुणवत्ता, बच्चों से सुने पहाड़े, किताब पढ़वाई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



प्राथमिक स्कूल जानकीनगर का निरीक्षण करते जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

- प्राथमिक विद्यालय में सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं मिलने पर बीईओ से मांगा जवाब

**अमृत विचारः** डीएम उमेश प्रताप सिंह ने मंगलवार को कंपोजिट विद्यालय हथौड़ा बुजुर्ग, प्राथमिक विद्यालय जानकी नगर एवं आंगनबाड़ी केंद्र हथौड़ा बुजुर्ग का निरीक्षण किया। प्राथमिक विद्यालय जानकीनगर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं पाए जाने पर बीईओ का जवाब तलब करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने कंपोजिट विद्यालय के निरीक्षण के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता, अध्यापकों एवं बच्चों की उपस्थिति, मिड-डे मिल की गुणवत्ता, साफ-सफाई आदि का गहनतापूर्ण निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से गिनती और पहाड़े सुने साथ ही अंग्रेजी की पुस्तक पढ़वाकर शिक्षा की गुणवत्ता परखी। 8वीं कक्षा के बच्चे अंग्रेजी की पुस्तक सही ढंग से नहीं पढ़ सके, जिस पर उन्होंने शिक्षिका को निर्देशित किया कि वह कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान दें, ताकि उनकी रुचि शिक्षा की ओर बढ़ सके। ऐसे बच्चों को चिन्हित कर उन्हें अतिरिक्त समय देकर अध्ययन करवाया जाए। डीएम ने कहा कि मिड-डे-मिल वितरण के दौरान सभी बच्चों को व्यवस्थित ढंग से भोजन कराया जाए और मिड-डे-मिल रोस्टर के अनुसार बनवाया जाए। इसी क्रम में डीएम ने प्राथमिक विद्यालय जानकी नगर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में साफ-सफाई व्यवस्थित नहीं मिलने और स्कूल परिसर में गाड़िया खड़ी मिलने पर नाराजगी जताई। साफ-सफाई व्यवस्थित नहीं मिलने पर बीईओ से जवाब तलब किए जाने के निर्देश दिए। यहां भी बच्चों से पहाड़े सुने तथा अन्य पुस्तकें पढ़वाकर शिक्षा की गुणवत्ता परखी गई। मिड-डे-मिल की गुणवत्ता संतोषजनक मिली। आंगनवाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान डीएम ने तीन वर्ष के बच्चे का वजन तथा ऊंचाई की माप कराई। बच्चों का अक्षर ज्ञान भी परखा।

## जानकी नगर के प्रधान-सचिव के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** डीएम उमेश प्रताप सिंह ने मंगलवार को जानकीनगर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गांव में अत्यधिक गंदगी देख डीएम ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। साथ ही प्रधान और सचिव के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर में चिकित्सकों से डीएम ने प्रतिदिन आने वाले मरीजों की संख्या, दवाइयों की उपलब्धता आदि के बारे में जानकारी ली। मौजूद मरीजों से भी आयुष्मान आरोग्य मंदिर से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछताछ की। चिकित्सक उपस्थिति रजिस्टर भी चेक किया गया। डीएम ने कहा कि आने वाले मरीजों के साथ मधुर व्यवहार रखें तथा दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करे, ताकि किसी भी मरीज को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े।



आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण करते डीएम उमेश प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

# यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण शुरू


जीआईसी में यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण करते भंडार प्रभारी।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


उत्तर पुस्तिकाओं को वाहन में भरकर केंद्र पर ले जाते कर्मचारी।

**अमृत विचारः** इसी महीने की 22 तारीख से शुरू होने वाली यूपी बोर्ड की परीक्षा के लिए मंगलवार से उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण शुरू हो गया। पहले दिन तहसील पुवायां के केंद्रों के लिए कापियां वितरित की गईं।

नियंत्रक डीआईओएस हरिवंश कुमार के निर्देश पर उप नियंत्रक अनिल कुमार की देखरेख में मंगलवार को राजकीय इंटर कॉलेज स्थित भंडारगृह से बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण शुरू किया गया। भंडार गृह प्रभारी डॉ. राजीव अग्रवाल ने बताया कि सात फरवरी को तहसील तिलहर, आठ को जलालाबाद, नौ को कलान और 10 फरवरी को तहसील सदर के परीक्षा केंद्रों के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण किया जाएगा। इन तिथियों में जो केंद्र कापियां लेने से छूट जाएंगे, उन्हें 12 से 14 फरवरी तक कापियां बांटी जाएंगी। मंगलवार को केंद्र प्रभारी अपने सहायकों के साथ उत्तर पुस्तिकाएं, कला पेपर, ओएमआर शीट आदि परीक्षा सामग्री लेने के लिए स्वयं के वाहनों से जीआईसी पहुंचते रहे। वितरण में सुरेंद्र पाल, मनीराम तिवारी आदि का सहयोग रहा।




# 2668.83 लाख से जिले में बिछेगा सड़कों का जाल

## बंडा, पुवायां, खुटार सहित तमाम ब्लॉकों में होगा 37 सड़कों का निर्माण, शासन ने दी स्वीकृति

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- लंबे समय से जनता व स्थानीय जनप्रतिनिधि कर रहे थे इंतजार टेंडर निकालने के निर्देश
- मिल क्षेत्र में कृषि सुविधाओं के लिए किया जा रहा मार्गों का चौड़ीकरण व सुदृढीकरण

**अमृत विचार:** शासन ने जिले में 37 सड़कों के नव निर्माण को मंजूरी दे दी है। प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति देते हुए टेंडर निकालने के निर्देश दिए हैं। जल्द ही 2668.83 लाख की लागत से जिले में सड़कों का जाल बिछेगा। बंडा, पुवायां, कांट, खुटार सहित अधिकांश ब्लॉकों में सड़कों का पुनर्निर्माण होना है। लंबे समय से जनता व जनप्रतिनिधि सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे। अब वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति मिलने से निर्माण का रास्ता साफ हुआ है। टेंडर निकालने को निर्देश जारी हो चुके है। पूर्व में पुवायां की कुछ सड़कों का टेंडर शासन से स्वीकृति न होने के चलते बीते दिनों रद्द हो गया था। जिससे लोगों को धक्का लगा, लेकिन अब स्वीकृति से खुशी है।

शासनादेश जारी करते हुए उप सचिव उत्तर प्रदेश सरकार राज कुमार ने कहा कि चीनी मिल क्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओं के लिए मार्गों का चौड़ीकरण, सुदृढीकरण, नवनिर्माण, पुनर्निर्माण कराया जाना है। इसके लिए एकमुश्त व्यवस्था योजना के तहत प्रदेश भर में कुल 37113.14 लाख रुपये से कार्य कराए जाने हैं। इनमें से 37 सड़कों का नवनिर्माण शाहजहांपुर जिले में होगा।

**एक बार रद्द हो गया था टेंडर:** इससे पहले भी एक बार पुवायां तहसील में कई गांव में सड़क बनाने के लिए टेंडर निकाला गया था। जिसके तहत जेवा मार्ग से आनंदपुर पिपरी मार्ग का निर्माण 40 लाख से, नाहिल गुलौली मार्ग से बेलाबाली मार्ग तक सड़क 50.42 लाख से, पुवायां- खुटार रोड से दियुरिया तेंदुआ मार्ग तक डेढ़ किमी लंबी सड़क 50.08 लाख से और पुवायां - बंडा टकेली मार्ग से मिल्किया तक 40.10 लाख से सड़क बनाई जानी थी। बाद में शासन से स्वीकृति न मिलने के चलते वह टेंडर रद्द हो गया था। टेंडर रद्द होने के बाद नत्थापुर के ग्राम प्रधान दलप्रीत सिंह व गांव के सोहन, राकेश, विनोद, मनीजत, गुड्डू आदि ने दोबार से लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद से मिलकर सड़क बनवाने की मांग की थी। अब वित्तीय स्वीकृति मिलने का ग्रामीणों ने स्वागत किया है।

### यह सड़कें बनेंगी नई

रामापुर उत्तरी से पोंसिल, कटरा मकरंदपुर मार्ग से पोंसिल, कटरा रामापुर से सैजना संपर्क मार्ग, गुलचंपा फाटक से हाजीपुर संपर्क मार्ग, सेहरापुर हरीहरपुर मार्ग सैदापुर मार्ग, ददउ मार्ग से सिउरा मार्ग का पुनर्निर्माण कार्य शामिल है। इसी तरह राईखेड़ा से गमिहार, शाहजहांपुर निगोही से पराझरसा मार्ग, पुवायां निगोही से भटयुरा बुजुर्ग, चौडेरा चौडेरी बथुई अक्का से त्रिलोकपुर, बहादुरिया पक्के मार्ग से बहादुरिया खुर्द बिलंदुपर मार्ग से सरैया जती, बिलंदुपर से सिमरा, बिलंदुपर सिंधीपुर से मिश्रीपुर, जिंदपुरा से सफ़ौरा मार्ग, पुवायां जेवा से आनंदपुर पिपरी, पुवायां खुटार से दियुरिया तेंदुआ, पुवाया बंडा टकेली से मिल्किया भाग-2 का पुनर्निर्माण कराया जाएगा। वहीं, पुवायां खुटार से नथुआपुर, पुवायां बंडा से बसंतापुर, नाहिल से नोहा, बरेली रोड से शेरपुर बतलिया संपर्क मार्ग, गढ़िया रंगीन गोगेपुर से महोटा, महोटा से छोटा घेरा (बडा घेरा) संपर्क मार्ग, सुल्तानपुर से पीरी, गढ़िया रंगीन हिम्मतपुर पकड़िया से जगदीशपुर, गढ़िया रंगीन से हिम्मतपुर, कटरा जलालाबाद से मथाना, बरखेडा जैपाल से लखोआ, बरीखास तिलहर से भेदसराय, बरीखास तिलहर से रहदेवा, मदनापुर लोनिवि से कुनिया जमालपुर, रहदेवा से गौटिया मार्ग प्रथम व द्वितीय का पुनर्निर्माण कराया जाना है। इसके अलावा हठीपुर कुरिया से गंगानगर, परौर से तालिकापुर सत्यनगला से नौगवां, कांठ जलालाबाद नहर पुलिया से मिल्किया, सिसौरी मझारी से गौटिया संपर्क मार्ग का पुनर्निर्माण कराया जाना है।

> गन्ना विभाग की सड़कों को शासन से स्वीकृति मिल गई है। टेंडर लगा हुआ है, जल्द इन सड़कों का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।
> –महेंद्र पाल, अधिशासी अभियंता लोनिवि

# मोनू की मौत का कारण स्पष्ट नहीं, विसरा प्रिजर्व

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जांच को भेजा जाएगा लखनऊ शव पहुंचने पर मचा कोहराम
- कोचिंग के ग्राउंड में बेहोशी की हालत में मिला था मृतक

**अमृत विचार:** पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे छात्र मोनू यादव के शव पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने से विसरा प्रिजर्व किया गया। विसरा जांच के लिए लखनऊ भेजा जाएगा।

तिलहर क्षेत्र के गांव पिथनापुर निवासी देवेंद्र सिंह यादव का पुत्र मोनू यादव की पुलिस विभाग में नौकरी करने की इच्छा थी। पुलिस भर्ती तैयारी के लिए आईजी एकेडमी में कोचिंग कर रहा था। सोमवार की दोपहर दो बजे मोनू कोचिंग पढ़ने के लिए गया था। जहां उसकी अचानक तबीयत खराब हो गई थी। उसे कोचिंग के ग्राउंड में बेहोशी की हालत में पाया गया था। कोचिंग में पढ़ने वाले साथी उसे लेकर तिलहर सरकारी अस्पताल में लेकर आए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने रेफर कर दिया था। परिवार वाले मोनू को लेकर बरेली जा रहे थे। रास्ते में उसकी मौत हो गई। देवेंद्र सिंह ने मौत का कारण जानने के लिए बेटे का पोस्टमार्टम कराने की मांग की थी।

पुलिस ने मोनू के शव का पोस्टमार्टम कराया। प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने पर विसरा सुरक्षित रखा गया है। विसरा जांच के लिए लखनऊ भेजा जाएगा। वह माता-पिता का इकलौता बेटा था। इधर पोस्टमार्टम के बाद उसका शव पहुंचा तो परिवार में रोना पीटना मच गया।

## एक नजर

### डंपर ने नायब तहसीलदार की कार को मारी टक्कर



**तिलहर।** जांच कर तहसील मुख्यालय लौट रहीं नायब तहसीलदार की कार को डंपर ने टक्कर मार दी। जिससे कार की एक साइड क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में नायब तहसीलदार व चालक बाल-बाल बच गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया। मंगलवार को नायब तहसीलदार पूनम देवी जैतीपुर क्षेत्र में किसी मामले की जांच करके तिलहर मोहल्ला बाहर पत्थर स्थित आवास पर लौट रही थीं। इसी दौरान एजेंसी से आधा दर्जन नए डंपर हाईवे से नगर के बांधा रोड पर जा रहे थे। इसी बीच एक डंपर ने नायब तहसीलदार की क्रेटा कार में टक्कर मार दी। नायब तहसीलदार की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले डंपर को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया।

### रंजिशन युवक को किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**शााहजहांपुर।** निगोही क्षेत्र के गांव चकौर पूर्वी निवासी चंद्रपाल ने बताया कि शनिवार को दिन में 11 बजे खेत पर जा रहा था। गांव के रामरतन आदि ने पुरानी रंजिश को लेकर रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि आरोपी उसे गाली देने लगे। विरोध करने पर उसे डंडे से पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने घायल का डॉक्टरी परीक्षण कराया। पुलिस ने राम रतन, विपिन सर्वेश, दिवाकर के खिलाफ मारपीट आदि की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### ट्रक ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, दो घायल

**जलालाबाद।** याकूबपुर तिराहे पर मंगलवार दोपहर बाद करीब तीन बजे जलालाबाद की तरफ से जा रहे ई रिक्शा को बरेली से चमड़ा भरकर आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा पर बैठी गांव कोठी वाला बाग निवासी रामप्यारी और ई-रिक्शा चालक आसिफ निवासी सिकंदरपुर घायल हो गया। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को हिरासत में लेकर घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है।

### धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** मिर्जापुर थाना के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि अभियुक्त जयवीर निवासी औरंगाबाद थाना मिर्जापुर के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने सोमवार की रात दस बजे जरियनपुर तिराहे से आरोपी जयवीर को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया।

# नेपाल से चरस ला रहा पीलीभीत का तस्कर पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- दो किलो 45 ग्राम चरस बरामद होटल व ढाबों पर करता था सप्लाई

**अमृत विचार।** बंडा पुलिस ने ददियुरा मोड़ तिराहे पर एक मादक पदार्थ तस्कर को पकड़ लिया। पुलिस ने तस्कर के कब्जे से दो किलो 45 ग्राम चरस बरामद की है। पकड़ा गया तस्कर पीलीभीत जिले का रहने वाला है। बरामद चरस की कीमत अंतर्राज्यीय बाजार में दो करोड़ 45 लाख रुपये बताई जा रही है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

एएसपी ग्रामीण मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि बंडा थाने के उप निरीक्षक नीरज कुमार सिंह को मंगलवार की सुबह साढ़े नौ बजे सूचना मिली कि ददियुरा मोड़ तिराहे पर एक मादक पदार्थ तस्कर खड़ा है। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया तस्कर मुन्ने निवासी शेरपुर थाना पूरनपुर जिला पीलीभीत है। पुलिस ने उसके कब्जे से दो किलो 45 ग्राम चरस बरामद की है। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि नेपाल से चरस सस्ते दाम में खरीदकर लाता है और शाहजहांपुर व पीलीभीत जिले में स्थित ढाबों के आस-पास चरस की पुड़िया बनाकर बेचता है। नेपाल में जिस व्यक्ति से चरस खरीदता है, उसका नाम नहीं पता है। एएसपी ग्रामीण मनोज अवस्थी ने बताया कि बरामद चरस की कीमत अंतर्राज्यीय बाजार में दो करोड़ 45 लाख रुपये है। टीम में उप निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा आदि थे।

# सट्टे की पर्ची समेत सटोरिया गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि सोमवार की शाम साढ़े सात बजे सूचना मिली कि निगोही रोड पर पुरानी मछली मार्केट के पास एक सटोरिया सट्टे की खाईबाड़ी कर रहा है। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पकड़ा गया आरोपी गौरव निवासी गदियाना है। पुलिस ने उससे सट्टे की पर्ची व 320 रुपये बरामद कर चालान कर दिया।

### जिला बदर गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** पुवायां प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने बताया कि नईम निवासी गहगुलइया थाना पूरनपुर के खिलाफ विभिन्न अपराध के पांच मुकदमें कोर्ट में विचाराधीन है। वह जिला बदर अपराधी है। पुलिस ने सोमवार की रात आठ बजे कस्बे से अभियुक्त नईम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तमंचा व कारतूस बरामद कर उसका चालान कर दिया।

# पुल की रेलिंग तोड़कर नीचे गिरी कार, क्षतिग्रस्त


कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** घने कोहरे के कारण गोविंदगंज ओवरब्रिज पर सोमवार देर रात हादसा हो गया। कार पुल की रेलिंग तोड़ती हुई दस फुट नीचे गिर गई। गनीमत रही कि कार में सवार दो लोगों को मामूली चोटें आई। पुल के नीचे वाला रोड जाम हो गया। सदर बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन से कार उठाकर रास्ता साफ कराया।

सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला सदर बाजार निवासी अजय गुप्ता की पंखी चौराहे पर बाला जी स्वीट्स के नाम से दुकान है। उनका बेटा मणि गुप्ता (30) अपने एक साथी के साथ सोमवार की रात दस बजे कैंट क्षेत्र में स्थित मैरिज लॉन में बरात में गया था। सोमवार की रात साढ़े 12 बजे काफी कोहरा था। मणि कार से वापस घर लौट रहे थे। गोविंद गंज रेलवे ओवरब्रिज पर पीडब्ल्यूडी डाक बंगले से पहले कार रेलिंग को तोड़ते हुए दस फुट नीचे गिर गई। कार के चारों पहिये ऊपर उठ गए थे। जिस जगह कार गिरी है, पुल की साइड की रोड है, जो गोविंदगंज बाजार में निकलती है। वाहन से निकल रहे लोग रुक गए। लोगों ने सदर बाजार पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कार में कोई नहीं था। सुबह नौ बजे तक रास्ता अवरुद्ध रहा तो लोग दूसरे रास्ते से निकले। उसके बाद क्रेन मंगाकर पलटी क्षतिग्रस्त कार को रास्ते से हटाया गया। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि रात में पुल की रेलिंग तोड़कर पलट गई थी और कार में सवार दो लोगों को मामूली चोट आई है।



ओवरब्रिज से नीचे गिरी कार को देखते लोग।



ओवरब्रिज से नीचे गिरकर क्षतिग्रस्त हुई कार। ● अमृत विचार

- गोविंदगंज ओवरब्रिज पर सोमवार देर रात हुआ हादसा, बरात से लौट रहे थे कार सवार

# पूरनपुर के गांव मंडनपुर खुर्द में वनभूमि पर कब्जा कर हो रही थी खेती

संवाददाता, खुटार

- जिले की टीम ने पीलीभीत में खुटार वन रेंज की 1.882 हेक्टेयर अवैध कब्जा से मुक्त कराई भूमि
- रेंजर के पत्र पर पीलीभीत डीएम ने एसडीएम को टीम गठित कर दिए थे कार्रवाई के निर्देश

**अमृत विचार:** पीलीभीत के गांव मंडनपुर खुर्द में राजस्व विभाग और खुटार वन विभाग की टीम ने मंगलवार को पैमाइश कराकर कब्जेदारों से वनभूमि को कब्जा मुक्त कराई है। इसके बाद वनभूमि के चारों ओर खोदाई कर तूदाबंदी कर भूमि वनकर्मियों को निगरानी में दे दी गई।

वन रेंज खुटार और पड़ोसी जनपद पीलीभीत की तहसील पूरनपुर के गांव मंडनपुर खुर्द तक है। मंडनपुर गांव में वन विभाग की 1.882 हेक्टेयर वनभूमि पर पिछले कई सालों से कुछ फार्मर अवैध रूप से कब्जा कर खेती कर रहे थे। वन विभाग के खुटार रेंजर मनोज कुमार श्रीवास्तव की ओर से वनभूमि को खाली करने के लिए पीलीभीत जिला प्रशासन को पत्राचार भेजकर सहयोग की मांग की गई थी। पीलीभीत डीएम ने इसे गंभीरता से लेकर पूरनपुर एसडीएम को राजस्व टीम गठित कर वन विभाग की भूमि को खाली कराने में वन विभाग की टीम का सहयोग करने के आदेश दिए थे। आदेश पर पूरनपुर तहसील के राजस्व अधिकारियों के साथ सोमवार को वन क्षेत्राधिकारी खुटार मनोज कुमार श्रीवास्तव टीम के साथ मंडनपुर खुर्द गांव पहुंचे। राजस्व टीम और वन विभाग की टीम ने पैमाइश की। पैमाइश के दौरान 1.882 हेक्टेयर वनभूमि अवैध कब्जेदारों के कब्जे में पाई गई। राजस्व व वन विभाग की संयुक्त टीम ने उक्त वन भूमि को अवैध कब्जेदारों से मुक्त कराकर वन विभाग के अधिकारियों के कब्जे में दे दिया है। इसके साथ ही वनभूमि के चारों ओर खाई खुदवाकर तूदाबंदी करा दी गई है।



मंडनपुर में वन विभाग की भूमि को कब्जा मुक्त कराने पहुंची राजस्व व वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

## निवाजपुर में नगर निगम की टीम ने कब्जा मुक्त कराई जमीन

संवाददाता, रोजा

**अमृत विचार :** अवैध अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम के अधिकारियों ने कमर कस ली है। नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम के प्रवर्तन दल की टीम लगातार अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। मंगलवार को नगर निगम के प्रवर्तन दल ने अधिकारियों के साथ निवाजपुर में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया।

क्षेत्र के पार्षद पति अरुण सिंह ने बताया कि निवाजपुर में नगर निगम के जोनल कार्यालय के नवीन भवन के लिए स्थान प्रस्तावित है। जिसका चुनाव से पूर्व शिलान्यास किया जा सकता है। इस स्थान पर कई वर्षों से लोगों ने झोपड़ी व खोखे रखकर अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। कई बार कब्जा हटाने को लेकर नगर निगम द्वारा कहा गया था। मंगलवार की सुबह नगर निगम की प्रवर्तन टीम मौके पर पहुंची तो जमीन कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया। प्रवर्तन टीम ने जेसीबी मशीन से जमीन को मुक्त कराकर चेतावनी दी। टीम में राकेश कुमार दीक्षित, दिनेश, मेवाराम, रामकुमार व मुबारक अली मौजूद थे।



कब्जा मुक्त कराती निगम की प्रवर्तन टीम। ● अमृत विचार

# लेखपाल पर गलत अंश निर्धारण दर्ज करने का आरोप

**जलालाबाद, अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के गांव चिड़िया महोलिया निवासी दिव्यांग किसान सुरेंद्र पाल सिंह ने एसडीएम डॉ. रविंद्र कुमार को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनकी कृषि भूमि गांव पाहरा में है।

वह जमीन में एक बटे दो का मालिक है। लेकिन लेखपाल ने एक बटा दो की जगह 1/6 अंश दर्ज कर उसके साथ धोखाधड़ी की है। दोबारा जांच के लिए काफी समय से लेखपाल के चक्कर काट रहा है। लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। दिव्यांग होने के चलते उसे कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

लेखपाल की मनमानी से परेशान होकर उसने एसडीएम से अंश निर्धारण दुरुस्त करने की मांग की है। वहीं एसडीएम ने लेखपाल को निर्देश दिए हैं।

# छापाबोझी जंगल में कोरो के पेड़ पर फिर चली कुल्हाड़ी

संवाददाता, खुटार

- तीन आरोपी चकमा देकर फरार, दो साइकिल और लकड़ी बरामद
- रेंजर का दावा, जंगल में गिरे पेड़ के बोटे बना रहे थे आरोपी रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** छापाबोझी बीट जंगल में सोमवार शाम को कोरो के पेड़ पर फिर से कुल्हाड़ी चल गई। तीन आरोपियों ने लकड़ी के कई जगह से खंड कर बोटा बनाए और ले जाने का प्रयास किया। हालांकि मुखबिर की सूचना पर रेंजर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने वनकर्मियों को मौके पर भेजा तो उन्हें देखकर तीनों आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। टीम ने मौके से दो साइकिल और लकड़ी को बरामद किया। लकड़ी को वन रेंज कार्यालय खीरी के मैलानी रखवा दिया गया है।

सोमवार को छापाबोझी बीट में कुछ लोग लकड़ी काटने पहुंचे और कुल्हाड़ी से कोरो की लकड़ी काट दी और कई जगह काटकर बोटा बना लिए गए। सोमवार शाम को मुखबिर ने रेंजर को सूचना दी कि कुछ लोग जंगल से लकड़ी काटकर ले जाने की फिराक में है। सूचना मिलते ही वन रक्षक संतोष गौड़ व अन्य वनकर्मी पहुंचे और गांव नरौठा देवीदास निवासी अनिल गिहार, रमेश गिहार, राकेश गिहार को पकड़ लिया। लेकिन अंधेरा होने के चलते चकमा देकर फरार हो गए। वनकर्मी साइकिल और लकड़ी को कब्जे में लेकर वन रेंज कार्यालय मैलानी ले गए। इसके बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जिनकी तलाश की जा रही है।

इस संबंध में रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि जंगल में गिरे पेड़ों को कुछ लोग काटकर बोटा बना रहे थे। जिसकी सूचना मिली थी। वनकर्मियों को मौके पर भेजा गया था। आरोपी मौके से फरार हो गए थे। वनरक्षक संतोष गौड़ की तरफ से खुटार थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

अनदेखी

## कुसमा, रसवां कलां और रौतापुर कलां व अठकोना गांव में टूटी हैं सड़कें, कोई जिम्मेदार नहीं दे रहा ध्यान

# सड़कों का नामोनिशान नहीं, टूटकर गड्ढों में हो गईं तब्दील

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** शहर से लेकर कस्बों और ग्रामीण इलाकों की सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के आदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को दिए थे तो पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने भी बैठक कर सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने का प्रयास किया। लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते लिंक डामर रोड और गांव के अंदर के रास्ते पूरी तरह से जर्जर अवस्था में पहुंच चुके हैं। उबड़ खाबड़ रास्तों से सफर करना किसी खतरे से कम नहीं है।

खुटार के गोला रोड लिंक मार्ग से रसवां कलां से होते हुए लखीमपुर खीरी सीमा तक रोड पूरी तरह से खस्ताहाल है। मैलानी लिंक मार्ग से कुसमा रोड भी टूटकर गड्ढों में तब्दील होकर रह गई है। उधर, गांव रौतापुर कलां और अठकोना में रास्ते कई जगह से टूटकर जर्जर हालत में पहुंच गई है। दो दिन पूर्व हुई हल्की बूंदाबांदी से ही सड़कों पर जलभराव हो गया है। लोग उस कीचड़ से होकर निकलने को बेबस है। यह मार्ग कठिनाई से भरा है और बाइक सवारों के गिरने का खतरा भी है। मामले में लोगों ने सड़कों को दुरुस्त करने के लिए कई बार मांग भी उठाई। बावजूद इसके जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया। कुछ दिन पूर्व ग्राम पंचायत राठ के लोगों ने सड़क बनवाने को लेकर प्रदर्शन किया था। लोगों ने गांव के मुख्य मार्ग पर लोकसभा चुनाव वर्ष 2024 में रोड नहीं तो वोट नहीं का बैनर टांग जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नाराजगी जाहिर की थी। ये लिंक मार्ग पर रसवां कलां, रायपुर पटियात, राठ, कुंभिया माफी आदि कई गांव से होकर गुजरा है। जो कई वर्षों से जर्जर हालत में है। शिकायतों के बावजूद जनप्रतिनिधियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया।



कुसुमा रोड पर जलभराव से निकलते स्कूल के बच्चे। ● अमृत विचार



गोला लिंक लखीमपुर खीरी सीमा तक जर्जर रोड और जलभराव।



अठकोना में टूटी सड़क पर बह रहा पानी।

### अठकोना, रौतापुर के रास्ते में भरा कीचड़

खुटार के गांव अठकोना और रौतापुर कलां में घरों के सामने बने रास्ते भी उबड़ खाबड़ और गड्ढों में तब्दील है। गांव रौतापुर कलां में अंदर जाने वाले रास्ते पर पत्थर पड़े हैं। उसी रास्ते पर पानी एकत्र है और फिसलन है। जरा सी चूक पर बाइक सवार गिरकर चोटिल और हाथ पैर टूट सकते है। अठकोना में इंटरलॉकिंग रोड बीच से हर घर जल योजना के तहत तोड़ी गई थी। अब उसे ऐसे ही पाट दिया गया है। गांव में नालियों के नहीं बनने और सड़क की मरम्मत नही होने के चलते रास्ते पर पानी बह रहा है। इन समस्याओं के कारण लोग परेशान हैं।

### स्कूल जाने वाले बच्चे होते हैं परेशान

मैलानी लिंक कुसमा रोड टूटी हुई है। इस मार्ग पर स्वामी विवेकानंद कन्या इंटर कॉलेज स्थित है। सुबह स्कूल जाने और छुट्टी के दौरान छात्रों को निकलने में परेशानी होती है। ग्रामीण भी इसी जलभराव के बीच से गुजरते हैं। दो दिन पूर्व हुई बारिश से सड़क पर बने गहरे गड्ढे में पानी भर गया है। जिससे गिरने पर लोगों के चोटिल और कपड़े खराब होने की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि अधिकारियों को कई बार शिकायती पत्र दिए गए। इसके बावजूद किसी ने समस्या का निस्तारण नहीं किया।

# किसानों ने 70 निराश्रित पशुओं को ट्रैक्टर-ट्रॉली से गोशाला भिजवाया

## खेत में फसल चर रहे पशुओं को लाठी-डंडों से हांककर पंचायत घर में किया बंद

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** निराश्रित पशुओं से परेशान गांव रौतापुर कलां के किसानों ने मंगलवार सुबह से खेतों में फसल चर रहे छुट्टा पशुओं को लाठी डंडा से हांककर गांव के पंचायत घर में बंद कर दिया। इसके बाद ब्लॉक मुख्यालय से गो सेवा रथ और निजी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में गोवंशों को भरकर खुटार के गांव सिमरा वीरान के राजकीय गोशाला और चांदपुर गोशाला पहुंचे। पहले तो दोनों जगह कर्मचारियों ने गोवंशों को लेने से मना कर दिया। लेकिन किसानों ने अधिकारियों से शिकायत करने के बाद करीब 50 गोवंशों को गोशाला में पनाह मिल गई है। लेकिन पंचायत घर में बंद करीब 20 गोवंशों को पनाह नहीं मिल पाई है। इसके लिए ब्लॉक प्रमुख ने जल्द ही व्यवस्था कर किसानों को राहत पहुंचाने की बात कही है।

गांव रौतापुर कलां में मंगलवार को सौ से अधिक किसान एकत्र हुए और आपसी सलाह से गोवंशों को पकड़कर गोशाला भिजवाने की ठानी। किसानों ने ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित को सूचना देकर ब्लॉक से गो सेवा रथ मंगवाया। किसानों ने खेतों की ओर फसल चर रहे करीब 70 गोवंशों को लाठी डंडा से हांका और गांव

- पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली से सिमरा वीरान और दो ट्रैक्टर-ट्रॉली से चांदपुर गोशाला ले गए
- कर्मचारियों ने किया मना अधिकारियों से की शिकायत तब पशुओं को दी पनाह

> किसानों द्वारा पकड़े गए निराश्रित पशुओं को गोशाला भिजवाने की मांग की गई थी। इसके बाद किसानों द्वारा पकड़े गए छुट्टा पशुओं को गोसदन भिजवा दिया गया है। - **नमित दीक्षित**, ब्लॉक प्रमुख

के बीच में स्थित पंचायत घर ले आए। उसके बाद पहुंचे गो सेवा रथ और छह निजी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में गोवंशों को लादकर गांव सिमरा वीरान के राजकीय गोशाला पहुंचे। जहां मौजूद कर्मचारियों ने गोशाला में पहले से गोवंश क्षमता से ज्यादा होने की बात कहकर लेने से मना कर दिया।

किसानों ने खंड विकास अधिकारी वीरेंद्र मिश्रा से शिकायत की। शिकायत के बाद पांच ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में लदे करीब 30 से 35 गोवंशों को ले लिया गया और दो वाहन में करीब 10 से 15 गोवंशों को चांदपुर गोशाला में छुड़वाया गया। किसानों ने पंचायत घर में बंद 15 से 20 गोवंशों के ठिकाने के लिए ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित से कहा तो उन्होंने समस्या निस्तारण की बात कही।



ट्रॉली में भरे किसानों द्वारा पकड़े गए निराश्रित पशु। ● अमृत विचार


नरौठा गांव में खेत में चरते निराश्रित पशु। ● अमृत विचार

### क्षेत्र में 300 निराश्रित पशु बने हुए हैं मुसीबत

गांव रौतापुर कलां के किसानों का कहना है कि गेंहू, लाही आदि की फसल कर रखी है। पशु फसल को चरते है और साथ ही बर्बाद कर देते हैं। घर से कहीं ज्यादा खेतों पर रहकर फसल की रखवाली करते हैं। अगर जरा सी चूक होती हैं तो पशुओं का झुंड खेतों में फसल चरने पहुंच जाता है। भागने पर हमला भी कर देते हैं। भीषण ठंड और घना कोहरा में खेत में रहकर फसल की देखरेख कर पाते है। जान जोखिम में डालकर करीब 250 से 300 सौ तक निराश्रित पशुओं से फसल बचाने का काम करते है। मंगलवार को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से कुछ गोवंशों को पकड़ कर गोशाला में छुड़वाया गया है।

### छुट्टा पशुओं का झुंड फसल को कर रहा चौपट

खुटार में निराश्रित पशुओं की भरमार है। उनको पनाह देने के लिए गोशाला भी बनाई गई है। लेकिन गोशाला में क्षमता से अधिक गोवंश के रहने की बात कहकर अधिकारी पशुओं को लेने से मना कर देते हैं। जिस कारण पशु किसानों की फसलों को चरने के साथ ही बर्बाद करते हैं। फसल की रखवाली को किसान दिन रात खेत में रहता है। नगर और गांव रौतापुर कलां, रामपुर कलां, टाहखुर्द कलां, दिलीपपुर, नरौठा देवीदास, कढ़ैया, सीतापुर, सहारू, प्रीतमपुर आदि गांव में पशु आतंक मचाए हुए हैं। जिस कारण फसल चौपट हो रही है।

# पॉवर प्लांट के प्रदूषण से परेशान भाकियू कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन, फूंका पुतला


मकसूदापुर पॉवर प्लांट के प्रभारी का पुतला फूंकते भाकियू कार्यकर्ता।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** बजाज पॉवर प्लांट मकसूदापुर से फैल रहे प्रदूषण के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह धालीवाल के नेतृत्व में किसानों ने मंगलवार को प्रदर्शन कर पॉवर प्लांट के प्रभारी का पुतला दहन किया। भाकियू कार्यकर्ता प्रदूषण के विरोध में पिछले पांच दिन से धरने पर बैठे हुए हैं, मंगलवार को छठे दिन भी धरना जारी रहा।

इस दौरान भाकियू जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह धालीवाल ने कहा कि पॉवर प्लांट के अधिकारी मनमानी कर लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। इतना ही नहीं जांच करने आए अधिकारी भी उच्चस्तरीय अधिकारियों को फर्जी रिपोर्ट सौंप कर गुमराह कर रहे हैं, जबकि मानक के अनुसार बजाज पॉवर प्लांट के पास राख डालने के लिए 10 एकड़ का तालाब व प्रदूषण को रोकने के लिए 25 एकड़ हरियाली होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आंदोलन को गति देते हुए 14 फरवरी को प्लांट प्रभारी का दसवां मनाया जाएगा। जब तक समस्या का समाधान नहीं हो जाता तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। इससे पहले भाकियू ने प्लांट प्रभारी का पुतला बनाकर मंगलवार को अर्थी निकाली। फिर मेन गेट से सड़क तक पहुंचे और पुतला आग के हवाले कर दिया। इस प्रदर्शन में पीलीभीत के भी भाकियू कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान सुखचैन सिंह, कर्नल सिंह, देवेंद्र पाल सिंह, देवेश सक्सेना, कुलदीप सिंह, निरंकार सिंह, रामकृष्ण, बाबूराम, बलविंदर सिंह, राम सिंह, दिव्यांश चौहान आदि शामिल रहे। प्रदर्शन में महिला कार्यकर्ता भी शामिल रहीं।

- प्रदूषण के विरोध में पांच दिन से धरने पर बैठे हैं किसान छठे दिन भी धरना जारी

### शिकायत पर भी नहीं हुई कार्रवाई

भाकियू जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह धालीवाल ने बताया कि बजाज पॉवर प्लांट मकसूदापुर से निकल रही दूषित राख के कारण हो रहे प्रदूषण को लेकर प्रधान सतनाम सिंह ने हरित न्याय प्राधिकरण नई दिल्ली में पॉवर प्लांट के खिलाफ शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग भी कर चुके है। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हुई, तब फिर मजबूरन किसानों को धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है।

## संत कृपाल सिंह के प्रकाश पर्व पर कराया लंगर

**शाहजहांपुर।** संत कृपाल अकादमी में मंगलवार को प्रेरणा स्रोत संत कृपाल सिंह जी महाराज का 130वां प्रकाशोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर सुशील रस्तोगी और श्वेता रस्तोगी ने स्टाफ के सदस्यों के साथ संत महाराज के चित्र पर पुष्पार्चन किया। बच्चों को संत कृपाल सिंह के बारे में जानकारी दी गई। इसी क्रम में स्टाफ के सदस्यों ने बरतारा स्थित वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को लंगर वितरित कर पुण्य कमाया।


बरतारा वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को लंगर कराते संत कृपाल महाराज के अनुयायी सुशील रस्तोगी।

जे.पी. क्लीनिक
डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन
- दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
- बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
- जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
- गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज
बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।
हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है
पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206
सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश

दाँतों में तकलीफ
अब कोई चिन्ता नहीं!

ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर
डॉ० एम.बी. गौतम
(डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ) डायरेक्टर
डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडोन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES
डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े
(फ्रैक्चर) दांत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी के विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधायें
1. शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें। 2. दांतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler) 3. हिलते हुए दांतों को जाम करना। 4. दांतों की नसों का इलाज Root Canal Treatment, (Single Siting RCT) 5. मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज। 6. दांतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज। 7. सड़े गले दांतों को बना तकलीफ के निकालना (Laser Filling) 8. टेड़े-मेढ़े, ऊँचे-नीचे दांतों का इलाज। (Fix Braces) 9. डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दांत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges) 10. मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD) 11. गुटखे की वजह से मुंह कम खुलने का इलाज। 12. एक्सीडेन्टल टूटे जबडे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा 13. एडवान्स एक्स-रे यूनिट Oral Camera, IOPAR, RVG, CBCT, OPG.
Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour
एशिया की नं. 1 लैब द्वारा दांतों एवं मुख का सम्पूर्ण इलाज।

5 साल से 11 साल के बच्चों की दांतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्र सेना /पुलिस/ ग्राम प्रधान/ स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिपोर्टर/ स्वतंत्रता सेनान
सम्पर्क करें:- 9997317000, 9411632121, 9412738720
निकट प्रभा टाकीज, के ठीक सामने, 151 रामपुर गार्डन, पुरानी एम.आर.आई. बिल्डिंग फर्स्ट फ्लोर, बरेली

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582


हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव

डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुडगांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें 7249939977 7088003322


डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157


डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393


डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
MIZAN E.N.T. & URO Care Centre
निकट आयरिश लॉन पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सुबह 10.30 से 11.30 तक शाम 7 से 8 बजे तक
8394838281, 9897838286
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348


आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन

डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

# सेना की टुकड़ी ने नायक जदुनाथ को अर्पित की श्रद्धांजलि

## पैत्रक गांव खजुरी में मनाया गया परमवीर चक्र विजेता जदुनाथ सिंह का बलिदान दिवस, शौर्य व पराक्रम को किया याद

संवाददाता, कलान/शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** परमवीर चक्र विजेता नायक जदुनाथ सिंह का मंगलवार को 76 वां बलिदान दिवस उनके पैत्रक गांव खजुरी में मनाया गया। जहां फर्रुखाबाद फतेहगढ़ राजपूत रेजीमेंट के डिप्टी कमांडर विनीत पंत ने परमवीर चक्र विजेता नायक जदुनाथ सिंह की प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

फर्रुखाबाद फतेहगढ़ राजपूत रेजीमेंट के डिप्टी कमांडर विनीत पंत के नेतृत्व में पहुंची सेना की टुकड़ी ने नायक जदुनाथ सिंह की प्रतिमा के समक्ष उनके शौर्य को याद करते हुए उन्हें सलामी दी। सभी ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके शौर्य-पराक्रम को याद करते हुए गांव के लोगों में देशभक्ति का जज्बा भरा। डिप्टी कमांडर ने युवाओं को आर्मी जॉइन करने के लिए प्रोत्साहित किया। आप सभी लोग रुचि लेते हुए देश की सेवा के लिए राजपूत रेजीमेंट में भर्ती देखें। कलान एसडीएम महेश कुमार कैथल ने भी उनके बलिदान को याद करते हुए कहा कि यह गांव हमारे लिए प्रेरणा स्रोत है, जहां हर एक नौजवान परमवीर चक्र विजेता नायक यदुनाथ सिंह की वीर गाथा सुनकर ओतप्रोत हो जाता है। कार्यक्रम को देखने के लिए लोग अपनी छतों पर भी मौजूद रहे। अमर नायक यदुनाथ सिंह की भाभी गुना देवी ने अमर नायक जदुनाथ सिंह को नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर विनीत कल्याण, जेएस जगमाल, विजय कुमार, एसडीएम कलान महेश कुमार कैथल, थाना अध्यक्ष सोनी शुक्ला, नेत्रपाल सिंह, रामसेवक सिंह, मुनेंद्र सिंह पप्पू सिंह, राजेश सिंह,बबलू सिंह, अवनीश, पहलवान फौजी, संतराम कुमार सिंह, अनरेश सिंह,अभिषेक प्रताप सिंह, गुना देवी, सत्यवीर सिंह मास्टर, आशीष सिंह, उधमपाल सिंह,रामनारायण सोलंकी, श्रीनगर कॉलेज के प्रबंधक सत्यवीर सिंह सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।


परमवीर चक्र विजेता नायक जदुनाथ सिंह के बलिदान दिवस पर सलामी देती सेना की टुकड़ी।



सेना की ओर से अर्पित किया गया पुष्प चक्र।



नायक जदुनाथ सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते डीएम उमेश प्रताप सिंह।

### अमर शहीद की प्रतिमा पर डीएम समेत समाजसेवियों ने माल्यार्पण कर किया नमन

**शाहजहांपुर।** जिला मुख्यालय स्थित जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में नायक जदुनाथ सिंह की प्रतिमा पर डीएम उमेश प्रताप सिंह ने समाज सेवियों के साथ अमर शहीद को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।इस दौरान अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला प्रभारी ओम सिंह ने कहा कि नायक जदुनाथ सिंह के बलिदान से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। देश, समाज, राष्ट्र के सम्मान पर जब भी बात आए तो वहां प्रत्येक भारत वासी को भारत माता के सम्मान व रक्षा के लिए बलिदान के लिए हर समय तैयार रहना चाहिए। अमर शहीद परमवीर चक्र नायक जादुनाथ सिंह जनकल्याण सेवा संस्थान के प्रमुख मुनीश सिंह परिहार ने उनको भारत रत्न दिए जाने, पैतृक गांव खजुरी में राष्ट्रीय स्मारक बनाए जाने और उनके जीवन परिचय को पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने की मांग की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में कैप्टन नौसेना संजय कुमार, वरिष्ठ सहायक मदन मुरारी, मुकेश सिंह परिहार, विजय प्रताप सिंह, अनिल सिंह राठौर, उदय प्रताप चौहान, चंद्र कुमार मिश्रा, सोनू मिश्रा, संत सिंह चौहान, श्रुति कीर्ति सिंह, कैप्टन अशोक सिंह, विक्रम प्रताप सिंह, उदय वीर सिंह, राममूर्ति कश्यप,अरविंद मिश्रा आदि शामिल रहे।

### ध्वस्त है गांव पहुंचने का रास्ताः डिप्टी कमांडर

डिप्टी कमांडर विनीत पंत ने एसडीम महेश कुमार कैथल से कहा कि इस गांव में पहुंचने के लिए रास्ता सही नहीं है। खजूरी तिराहे पर गियुड़ी से खजूरी के रास्ते जो खड़ंजा निर्माण है, वह पूरी तरह से ध्वस्त है। आने जाने में सैनिकों को काफी दिक्कतें होती हैं। उन्होंने कहा कि जिस मैदान में शहीद की प्रतिमा है, वहां बाउंड्री वॉल नहीं है। वहीं एसडीएम महेश कुमार कैथल ने बताया कि उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट प्रेषित कर जल्द से जल्द रिपोर्ट भेज कर कार्य निर्माण कराया जाएगा।

### बलिदान दिवस पर लगा निःशुल्क दंत परीक्षण

**कलान।** अमर नायक यदुनाथ सिंह के बलिदान दिवस पर खजुरी गांव में दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ डॉ. केपी सक्सेना ने नि :शुल्क दंत परीक्षण कैंप लगाया। जिसमें युवा, वृद्ध, महिलाओं व बच्चों सहित 40 लोगों के दांतों का परीक्षण किया। परीक्षण के दौरान विभिन्न जानकारियां देते हुए तंबाकू का सेवन न करने की जानकारी दी। ब्रश कैसे करें ब्रश करने के तरीके बताएं। डॉ. केपी सक्सेना ने बताया कि सबसे ज्यादा पायरिया के व तंबाकू खाने के लोग पहुंचे।

## एक नजर

### साहित्यकार प्रशांत को पितृशोक, अंत्येष्टि आज

**शाहजहांपुर।** जनता इंटर कॉलेज से सेवानिवृत्त शिक्षक संतोष शरण अग्निहोत्री का मंगलवार को लंबी बीमारी के चलते लखनऊ के एक अस्पताल में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को गर्रा मोक्षधाम पर सुबह नौ बजे किया जाएगा। संतोष शरण अग्निहोत्री को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए वर्ष 1995 में तत्कालीन राष्ट्रपति केआर नारायणन ने सम्मानित किया था। उनके पुत्र साहित्यकार डॉ. प्रशांत अग्निहोत्री ने बताया कि उनके पिता की अंतिम यात्रा चौक क्षेत्र स्थित मस्जिद गंज से सुबह नौ बजे गर्रा मोक्षधाम के लिए प्रस्थान करेगी। राष्ट्रपति से पुरस्कृत शिक्षक के निधन का समाचार सुनते ही बड़ी संख्या में शिक्षक और साहित्यकार उनके आवास पर पहुंच गए और उनके अंतिम दर्शन कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।



### टाप 10 अपराधी तमंचा समेत गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** पुवायां प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने बताया कि अभियुक्त मोहसिन उर्फ मुशीर निवासी पसिया खेड़ा थाना पुवायां टाप 10 अपराधी है। उसके खिलाफ चार मुकदमें विभिन्न धाराओं में दर्ज है। पुलिस ने मंगलवार की सुबह पसिया खेड़ा गांव के बाहर से टाप 10 अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद कर चालान कर दिया।

## शिक्षक का मोबाइल छीनकर फरार हुआ झपट्टामार

**तिलहर, अमृत विचारः** बाइक सवार युवक ने फोन पर बात करते हुए पैदल घर जा रहे एक शिक्षक का झपट्टा मारकर मोबाइल लूट लिया और फरार हो गया।

हाजीपुर के कंपोजिट विद्यालय में सहायक अध्यापक कौशल अरोड़ा मुजफ्फरनगर के रहने वाले हैं। यहां मौजपुर चौकी के पास वह किराए के मकान में रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार शाम को खाना-खाने के बाद वह भक्सी तिराहे की तरफ टहलने निकले। लौटते समय मौजमपुर पुलिस चौकी से पहले डॉ. विजेंद्र गुप्ता के निवास के सामने अज्ञात बाइक सवार युवक ने झपट्टा मार उनके हाथ से मोबाइल छीन लिया और मुख्य बाजार की तरफ भाग गया।

उन्होंने कहा कि मोबाइल में महत्वपूर्ण विभागीय डाटा है। अगर वह किसी अपराधी के हाथ लगता है तो बहुत नुकसानदायक होगा। उन्होंने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। उधर, कोतवाल सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि मोबाइल लूट के संबंध में तहरीर मिली है। मौके पर पुलिस को भेजा गया है। जांच-पड़ताल की जा रही है। घटनास्थल के पास सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं, फुटेज देखकर लुटेरों की पहचान की जाएगी।

## वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के कैंप में 21 मरीजों का ऑपरेशन के लिए चयन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा शाहजहांपुर ने मंगलवार को कलान के स्वामी विवेकानंद स्कूल में निःशुल्क नेत्र रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग शिविर का आयोजन किया। जिला पंचायत सदस्य राम कुमार राठोर ने सहयोग किया। शिविर में 90 लोगों ने पंजीकरण कराया और जांच के बाद 21 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चुना गया। जिन्हें मेडिकल कॉलेज की बस से वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल लाया गया, जहां पर सभी चयनित मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा।

मोतियाबिंद के मरीजों को लेंस, ऑपरेशन, दवाइयां व खाने की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है। मरीजों को आई ड्रॉप व दवाइयां वितरित की गई।


शिविर में महिला की जांच करतीं चिकित्सक।

इस मौके पर चिकित्सकों ने लोगों को नियमित नेत्र परीक्षण के लिए जागरूक किया। साथ ही अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में उपलब्ध सुविधा काला मोतियाबिंद की जांच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, पर्दे की जांच व इलाज आदि की जानकारी दी। बताया गया कि कैंप के माध्यम से आईं गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड मुफ्त में किया जाएगा।

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज व रोहिलखंड अस्पताल में परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 में उपलब्ध है जोकि एक वर्ष के लिए मान्य है। कैंप में विद्यालय के प्रबंधक रामसेवक वाल्मीकि व अध्यापक मनोज यादव, डॉ. रिव्या सिंह, डॉ. तफीम, डॉ. निधि, नेत्र टेक्नीशियन तृप्ति गुप्ता, वसुधा यादव, पैरामेडिकल स्टाफ और मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा समाज सेवक जितेंद्र गंगवार मौजूद रहे।

## ढाई घाट पर सीओ कायमगंज ने हटवाया अतिक्रमण

**मिर्जापुर, अमृत विचारः** श्रृंगी ऋषि की तपोभूमि मेला राम नगरिया ढाई घाट पर सीओ कायमगंज एसके सिंह ने पार्किंग स्थल व स्नान घाटों का निरीक्षण कर थाना प्रभारी बलराज भाटी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।सीओ कायमगंज एसके सिंह व थाना प्रभारी मिर्जापुर विनोद कुमार तोमर व शमशाबाद थाना प्रभारी बलराज भाटी ने संयुक्त रूप से मेले का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सदर घाट पर लगी दुकानों को उखड़वा दिया। गंगा मार्ग के पश्चिम साइड में लगी दुकानों को देखकर कहा कि यहां दुकान नही लगनी चाहिए। स्नान घाटों पर जाने वाले गंगा भक्तों को लगी दुकानों से दिक्कत उठानी पड़ेगी। उन्होंने जिला पंचायत के मेला प्रभारी अनिल द्विवेदी को बुलाकर गंगा मार्ग पर लगी दुकानें हटवाने के निर्देश दिए।

## आधी सड़क पर ट्रकों का कब्जा, आए दिन लगता है जाम

संवाददाता, निगोही

▸▸ ग्रामीण बोले- कई बार कर चुके शिकायत, नहीं हुई सुनवाई

**अमृत विचारः** बिलसंडा मार्ग पर क्षेत्र में लगी मालब्रेश फैक्ट्री में माल लेकर आने और जाने वाले ट्रकों ने आधी सड़क पर कब्जा कर रखा है, इससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दौरान रोड पर फिसलन तो और भी मुसीबत बन जाती है।

इन ट्रकों की वजह से रोड किनारे बने गड्ढों में जलभराव के बाद दलदल वाली मिट्टी ने सड़क पर फिसलन पैदा कर दी है। जिससे दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने का डर बना रहता है। आधी रोड पर कब्जा कर खड़े किए गए ट्रकों को हटवाए जाने के लिए आसपास के ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों से शिकायतें भी की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। रोड पर अक्सर जाम भी लग जाता है, जिससे लोगों को और दिक्कत झेलनी पड़ती है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को झेलनी होती है। निगोही के राहुल कुशवाहा, भटपुरा मिश्र के श्यामपाल सिंह, नीतू , संजय सिंह ने रोड से ट्रकों का कब्जा हटाने जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि इस रोड से पतराजपुर, अर्जुनपुर भटियुरा, पृथ्वीपुर, खिरिया घनश्यामपुर, टिकमापुर, बहादुरिया, ईसापुर, बलरामपुर, भटपुरा मिश्र, सहदेवपुर, अल्हादत्तपुर, हरसैली आदि दर्जनों गांवों के लोगों का आना जाना है।



बिलसंडा मार्ग रोड पर खड़े मालब्रेश फैक्ट्री जाने वाले ट्रक। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### कैंसर से बचने को खानपान का रखें ख्याल



**कलान।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर विश्व कैंसर दिवस मनाया गया। इस दौरान कैंसर के प्रति जागरुकता के पंपलेट भी वितरित किए गए। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. दिनेश सिंह ने लोगों को धूम्रपान न करने की नसीहत दी, ताकि इस लाइलाज बीमारी से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यह रोग किसी को भी अपनी चपेट में ले रहा है। हालांकि अब कैंसर भी लाइलाज नहीं है, लेकिन उसका इलाज समय से पहले होना अति आवश्यक है, फिर भी उक्त रोग पर अंकुश लगाना जरूरी है। हमें खानपान में भी परहेज करना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. दिनेश प्रताप, फार्मासिस्ट रमेश कुमार, लैब टेक्नीशियन सुनील कुमार, अर्जुन कुमार, लवी शुक्ला, आयुष्मान मित्र रजनी गुप्ता, सुपरवाइजर ओमपाल यादव, अंकित गुप्ता, आदि प्रमुख लोग मौजूद रहे।

### युवक को पीट किया घायल, बचाने पहुंचे भाई को भी पीटा

**बंडा।** माल उतरवा रहे युवक से गाड़ी हटाने को लेकर हुई बहस के बाद पिता और उसके तीन पुत्रों ने युवक को लाठी डंडों से पीट पीटकर घायल कर दिया। आरोप है कि एक युवक ने तमंचे से तीन राउंड फायर भी किए। जिससे दहशत फैल गई। पीड़ित ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों पर शांतिभंग की कार्वाई की जा रही है। बंडा के मोहल्ला मुरादपुर निवासी वाहिद ने पुलिस को बताया कि सोमवार रात करीब 12 बजे मुरादपुर स्थित गोदाम में वह माल उतरवा रहा था, तभी मोहल्ले का ही एक व्यक्ति आया और उससे गाड़ी हटाने को कहा। इस पर उसने माल उतरने के बाद गाड़ी को हटा लेने की बात कही, जिस पर वह व्यक्ति उसके साथ झगड़े पर उतारू हो गया और देख लेने की धमकी देकर वहां से चला गया। मंगलवार सुबह करीब आठ बजे जब वह दुकान पर जा रहा था, तभी उक्त व्यक्ति अपनी तीन अन्य बेटों के साथ लाठी डंडा और तमंचा लेकर आया और उसके साथ गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसे पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि जब उसका भाई शाहिद उसे बचाने आया तो उसे भी पीटा। इस दौरान एक युवक ने तमंचे से तीन राउंड फायर भी किया। जिससे मोहल्ले के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों को न पकड़कर उसके ही चचेरे भाई को थाने में बैठा दिया। वहीं इस संबंध में कार्यवाहक थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह ने बताया कि घायलों का मेडिकल कराया गया है, रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। दोनों पक्षों के लोगों का शांतिभंग में चालान किया गया है।

### पति की गुमशुदगी की तहरीर दी

**पुवायां।** क्षेत्र के गांव महुरेना निवासी शबीना पत्नी रहीस ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पति की नाहिल के संजय नगर में पंचर की दुकान है। वह एक फरवरी को दुकान जाने को कह कर घर से निकले था और मोबाइल पर उसकी उसी दिन बात भी हुई लेकिन शाम होने तक वह घर नहीं आए। जिसके बाद उनका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। काफी तलाश किया लेकिन अभी तक पता नहीं चल सका। पत्नी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर गुमशुदगी दर्ज कर पति की बरामदगी की गुहार लगाई है।

## जनसुनवाई में आईं पांच में से दो शिकायतों का निस्तारण

**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त कामता प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को संभव जनसुनवाई कार्यक्रम नगर निगम कार्यालय में हुआ। जन-सुनवाई दिवस में नागरिकों ने शामिल होकर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था और कर विभाग से संबंधित शिकायतों को रखा गया। इस दौरान पांच शिकायतें आईं, जिनमें से दो का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

इस दौरान अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, मुख्य अभियंता सिविल एसके आंबेडकर, महाप्रबंधक जल सौरभ श्रीवास्तव, सहायक अभियंता जलकल प्रेमचंद्र आर्य, कर अधीक्षक सदानंद आदि मौजूद रहे।

## कार्यालय का ताला तोड़ने का प्रयास

संवादाता, कलान

▸▸ आहट होने पर भागे चोर, बोले लोग- छह माह से चौकीदार की नियुक्ति नहीं

**अमृत विचारः** खंड विकास कार्यालय का ताला काटकर चोरों ने चोरी करने का प्रयास किया, हालांकि आहट सुनकर चोर घटना को अंजाम दिए बिना भाग गए। मामले की जानकारी सुबह मुख्य गेट का आधा ताला कटा हुआ देखने पर हुई।

ब्लॉक मुख्यालय में लैपटॉप, संपूर्ण ब्लॉक का लेखा-जोखा आदि लाखों रुपये का समान है, जिसके मुख्य द्वार पर लोहे का चैनल लगा है। उसमें ताला पड़ा था। सोमवार रात किसी समय चोरों ने ताला तोड़ना शुरू कर दिया।

ताला टूट से मामूली ही रह गया, तभी चोरों को किसी के आने की आहट महसूस हुई और चोर कटा हुआ ताला छोड़कर भाग गए।



ब्लॉक कार्यालय के इसी गेट का ताला तोड़ने की चोरों ने की कोशिश।

लोगों का कहना है कि कार्यालय के पास में 108 एवं 102 एंबुलेंस के कर्मचारी रहते हैं, हो सकता है कि वह एंबुलेंस लेकर अपने आवास की तरफ आए हों और इसी बीच चोर को भनक लग गई और वह भाग गए।

जिससे लाखों रुपये की चोरी होने से बच गई। बता दें कि इस ब्लॉक प्रांगण में तमाम ऐसे जर्जर आवास हैं, जिनकी खिड़की दरवाजे आदि सामान चोरों ने गायब कर दिए हैं लेकिन किसी भी संबंधित अधिकारी कर्मचारी ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया।

लोगों का कहना कि इस ब्लॉक प्रांगण में कोई भी कर्मचारी-अधिकारी नहीं ठहरता है, इस वजह से चोरों के हौसले और बुलंद हैं। यहां छह माह से चौकीदार की नियुक्ति नहीं है। लोगों ने चौकीदार की नियुक्ति कर अधिकारी कर्मचारियों को रात्रि में ब्लॉक मुख्यालय पर ठहरने की व्यवस्था किए जाने जाने की मांग जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह से की है।

## संविदा डॉक्टर पर निजी अस्पताल में बुलाकर इलाज करने का आरोप

संवाददाता, पुवायां

▸▸ शिकायत मिलने पर चिकित्सा अधीक्षक बोले, जांच कराकर की जाएगी कार्रवाई

**अमृत विचारः** सीएचसी में तैनात एक संविदा चिकित्सक पर सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों को निजी अस्पताल में बुलाकर इलाज करने का आरोप लगा है।

पुवायां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संविदा पर तैनात चिकित्सक पर मरीजों ने आरोप लगाया है कि वह उन्हें विजिटिंग कार्ड देकर खुद के निजी अस्पताल में इलाज करने के लिए बुलाते है। अब तक कई मरीज शिकायत कर चुके हैं, लेकिन डॉक्टर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। सरकारी अस्पताल में इलाज कराने पहुंचीं ग्राम पंचायत सिरखिड़ी की बिट्टो शुक्ला ने बताया कि वह डॉक्टर के पास गईं तो विजिटिंग कार्ड देकर बोले कि सरकारी अस्पताल में इलाज कराना बेकार है। मोहल्ला देवस्थान स्थित उनके अस्पताल में आकर इलाज करवाएं ताकि जल्द ठीक हो सकें। उन्होंने बताया कि ऐसा वह कई अन्य मरीजों के साथ कर चुके हैं। ग्रामीण क्षेत्र की भोली-भाली जनता अपनी गरीबी के कारण सरकारी अस्पताल में इलाज कराने के लिए आती है, लेकिन अस्पताल में तैनात डॉक्टर उन्हें अपने निजी अस्पताल में बुलाकर इलाज कर कर रहे हैं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नरेंद्र पाल ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में आया है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## निगोही कैपिटल्स ने टाइटंस को पांच विकेट से हराया

संवाददाता,निगोही

**अमृत विचारः** निगोही प्रीमियर लीग में मंगलवार को दो मैच खेले गए। पहला मैच निगोही कैपिटल्स और निगोही टाइटंस के बीच खेला गया, जिसमें कैपिटल्स ने टाइटंस को 5 विकेट से हराया। कैपिटल्स के कप्तान अरशद खान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की। टाइटंस 16.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 85 रन ही बना पाए। 15 रन नितिन ने बनाए। कैपिटल्स के अमित राठौर और अजीत सिंह ने 3-3 विकेट लिए। जवाब में खेलने उतरी कैपिटल्स ने 15.1 ओवर में पांच विकेट खोकर मैच जीत लिया। कैपिटल्स की तरफ़ से अरहम ने 19 और अजीत ने 17 रन बनाए। टाइटंस के नवजोत ने 3 विकेट लिये। अजीत सिंह को मैन ऑफ द मैच दिया गया।

दूसरा मैच निगोही सुपर किंग्स और निगोही रॉयल्स के बीच खेला गया। रॉयल्स के कप्तान परवेज़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फ़ैसला किया। रॉयल्स ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 178 रन बनाए। शोएब ख़ान ने 6 चौके और 5 छक्कों की मदद से सर्वाधिक 69 रन और रईस ने 18 गेंदों पर 5 चौके, 5 छक्के की मदद से 52 रन बनाए।

सुपर किंग्स के सवी सिंह ने 3 विकेट लिए। सुपर किंग्स ने 19.3 ओवर में 8 विकेट खोकर मैच जीत लिया। फ़ैज़ अली ने 25 गेंदों पर 8 छक्कों की मदद से 60 रन बनाए। रॉयल्स के कामरान ने तीन और परवेज़ में 2 विकेट लिए। फ़ैज़ अली को मैन ऑफ़ द मैच दिया गया।

## जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग

**शाहजहांपुर।** कलान तहसील के मलेवा गांव के निवासी छेदा लाल ने जिलाधिकारी को पत्र देकर कुछ लोगों पर जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाकर उसे हटाने की मांग की है। डीएम के नाम दिए पत्र में छेदा लाल ने कहा कि वह एसडीएम कलान और एसएचओ को कई बार प्रार्थना पत्र दे चुके हैं, लेकिन अभी तक न्याय नहीं मिला है। राजनीतिक दबाव के चलते उनकी बात नहीं सुनी जा रही है। वह दो महीने से थाने और तहसील के चक्कर काट रहे हैंजबकि जिलाधिकारी जमीन की पैमाइश का आदेश कर चुके हैं।

**छावनी एरिया में हरियाली बढ़ाने पर जोरः शाहजहांपुर।** डीएफओ प्रखर गुप्ता ने ओसीएफ के वरिष्ठ महाप्रबंधक अखिलेश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने निर्माणी समेत छावनी एरिया में पौधारोपण पर जोर दिया।

## चोरियों का खुलासा करने में रोजा पुलिस फेल

संवाददाता, रोजा

▸▸ पींग गांव में नकब लगाकर हुई थी हजारों की चोरी

> चोरी की घटना में एक ही चोर संप्लित है। चार चोरों को चोरी की योजना बनाते गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। जल्द ही इन चोरियों का खुलासा कर दिया जाएगा। – **राजीव कुमार**, थाना प्रभारी रोजा

**अमृत विचार :** क्षेत्र की घनी आबादी आईटीआई कॉलोनी में अज्ञात चोरों ने एक मकान में घुसकर डेढ़ लाख रुपये की नकदी व जेवर चोरी कर लिए थे। घटना को कई सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस आज तक चोरों की तलाश नहीं कर पाई है। हालांकि पुलिस दबिश देकर कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर चोरी के आरोप में जेल भेज चुकी है। लेकिन चोरी की घटना का आज तक खुलासा न होने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग रहा है।

क्षेत्र की आईटीआई कॉलोनी निवासी सुग्रीव कुमार की घर में ही परचून की दुकान है। साथ ही दुकानों में वाटर कूलर सप्लाई करने का काम करता है। 24 दिसंबर की रात करीब ग्यारह बजे वह खाना खा कर पत्नी गुड्डी और दोनो बेटियों के साथ घर के बाहरी हिस्से में बने कमरे में सो गया था। सुबह छह बजे उठा तो सामने वाले कमरे के दरवाजे खुले थे और अलमारी का लॉकर टूटा था। बड़े बॉक्स का सामान अस्त-व्यस्त था। अलमारी में रखी सोने की झुमकी, झाले, दो जोड़ी पायल, बच्चों की पायलें, दो सोने की चेन व डेढ़ लाख रुपये की नकदी चोर चुराकर ले गए थे। सूचना पर थाना प्रभारी राजीव कुमार व फोरेंसिक टीम भी पहुंची थी। पुलिस ने चार संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद सभी को चोरी की योजना बनाने के आरोप में जेल भी भेज दिया था। लेकिन चोरी की घटना का खुलासा अभी तक नहीं हो पाया।

वहीं 21 अक्टूबर को थाना क्षेत्र के गांव जमुही निवासी पदुम सिंह दामाद धीरू सिंह की मौत के बाद वह अपनी बेटी के साथ पींग गांव में रहते थे। शाम खाना खा कर मकान की दूसरी मंजिल पर सो रहे थे। देर रात पीछे से नकब लगाकर घर में घुसे चोर अलमारी में रखी चालीस हजार रुपये की नगदी, सोने की झुमकी, बाली व चांदी की पायलें चुराकर फरार हो गए थे। लेकिन कई सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस इस चोरी का खुलासा नहीं कर पाई है।

## एक नजर

### सूदखोर से परेशान युवक ने खाया जहर, गंभीर

**पूरनपुर।** मोहल्ला गनेशगंज के रहने वाले ताजुद्दीन एक समूह चलाते थे। करीब तीन साल पहले उन्होंने समूह से चार लाख रुपये लिए थे। रकम पर 15 प्रतिशत का ब्याज चल रहा था। रुपये चुकाने में ताजुद्दीन की किताबों की दुकान और मकान बिक गया। आरोप है 15 लाख देने के बाद भी समूह के लोग उनसे चक्रवृद्धि ब्याज के तहत रुपये मांग रहे हैं। मंगलवार को ताजुद्दीन के घर रुपये लेने पहुंचे कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट की। बचाने आई उनकी पत्नी को भी पीटा। आरोपियों ने पांच लाख रुपये न देने पर जान से मारने की धमकी दी। पिटाई और धमकी से क्षुब्ध ताजुद्दीन ने मंगलवार को जहरीला पदार्थ का खा लिया जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पत्नी रेशमा ने जबरन रुपये मांगने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाल प्रवीण कुमार ने बताया कि मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

### विदेश में पढ़ाई के सपने दिखाकर ठगे 18 लाख

**पूरनपुर।** माधोटांडा क्षेत्र के गांव लालपुर निवासी राममिलन ने दी तहरीर में बताया कि उन्होंने बेटे जशरथ को ऑस्ट्रेलिया भेजने के लिए ट्रैक्टर बेच दिया। ठेके पर जमीन उठाकर 17 .95 लाख रुपये का इंतजाम किया। आरोप है कि पूरनपुर नगर स्थित एक आईलेट्स सेंटर के संचालक से बेटे को स्टडी वीजा पर विदेश भेजने की बात हुई। उन्होंने 18 लाख रुपये दे दिए। पहले तो वीजा का इंतजार करना पड़ा। बाद में संचालक ने ऑस्ट्रेलिया के बजाय कनाडा भिजवाने को कहा। 31 जनवरी को बेटे को तुर्की से वापस कर दिया। इसके बाद राममिलन को गड़बड़ी की आशंका हुई। उन्होंने कोचिंग संचालक को बुलाकर पंचायत कराई। बताया कि पहले भी दो बार उनका बेटा दिल्ली एयरपोर्ट से वापस लौटाया जा चुका है, क्योंकि उसके दस्तावेज गलत थे। अब आईलेट्स संचालक से रुपये वापस मांग रहे हैं तो वह इनकार कर रहा है। मंगलवार को कोतवाली में तहरीर दी और न्याय की गुहार लगाई। उधर, कोतवाल प्रवीण कुमार का कहना है कि मामले की जानकारी कर जांच कराई जाएगी।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दबकर मजदूर की मौत

**लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली क्षेत्र के सैधरी रोड पर एक ट्रैक्टर ट्रॉली सोमवार की रात बालू खाली कर वापस जा रही थी। श्याम मार्बल हाउस के पास अचानक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पड़ोस स्थित एक लाही के खेत में पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर पर सवार मजदूर गुड्डू ( 20 ) पुत्र मनोहर निवासी सैधरी ट्रॉली के नीचे दब गया और उसकी मौत पर ही मौत हो गई।

# 37 दिन में 79 की मौत, चालक फिर भी जागरूक नहीं

## सिर पर चोट आने से अधिकतर घायलों की हो रही मौत, नियमों की अनदेखी बन रही हादसों की वजह

लखीमपुर खीरी कार्यालय

**अमृत विचार:** जिले मे साल के 12 महीने यातायात व सड़क सुरक्षा को लेकर अभियान चलता है, लेकिन इसके बाद भी सड़क हादसों मे कोई कमी नहीं आ रही है। पिछले 24 घंटे में सड़क हादसों में सात लोगों की मौत हो चुकी है। जिले में औसतन दो से तीन लोगों की रोजाना हादसे में मौत हो हो रही है। जनवरी से लेकर अब तक 79 लोग अपनी जान खो चुके हैं। सर्वाधिक मौतें सिर पर आई गंभीर चोटों के कारण होना पाई गई हैं। इससे साफ है कि दोपहिया वाहन चलाते समय चालक हेलमेट नहीं लगाते हैं। यदि वे हेलमेट लगाए होते तो शायद उनकी जान बच जाती।

भारत-नेपाल सीमा से सटा लखीमपुर खीरी प्रदेश का सबसे बड़ा जिला है। करीब 65 स्थानों पर ब्लैक स्पॉट हैं। जिले में सड़क हादसे लगातार हो रहे हैं। रोजाना सड़कें खून से से लाल हो रही हैं। प्रदेश में बढ़ रहे हादसों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काफी गंभीर हैं। इसके बाद भी हादसों में कोई कमी नहीं आ रही है।



लखीमपुर-मोहम्मदी मार्ग पर स्थित ब्लैक स्पॉट। ● अमृत विचार

| |
|---|
| 65 ब्लैक स्पॉट हैं जिले में |
| 150 से अधिक हादसे इस साल अब तक हुए |
| 79 लोगों की जनवरी से अब तक गई जान |

> हेलमेट, सीट बेल्ट न लगाने, शराब पीकर वाहन चलाने और गलत दिशा में वाहन चलाने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। लोग जब खुद जागरुक होंगे और नियमों का पालन करेंगे। तभी गादसों पर अंकुश लग पाना संभव है। पुलिस प्रशासन के सहयोग से समय समय पर जागरुकता अभियान भी चलाती है। –नैपाल सिंह, एएसपी

यह हादसे अधिकतर ओवरस्पीड, ओवरटेक और रांग साइड चलने से हो रहे हें। यातायात नियमों का पालन कराने और लोगों को नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए संभागीय परिवहन विभाग, ट्रैफिक पुलिस लगातार अभियान चलाती है और नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई भी करती है, लेकिन इसका असर चालकों पर पड़ता नहीं दिख रहा है। नतीजतन लोग भारी भरकम जुर्माना देने के बाद भी लापरवाही बरत रहे हैं। अगर आंकड़ों पर गौर करें तो जनवरी से अब तक 150 से अधिक हादसे हुए हैं।

यह आंकड़ा अपने आप मे चौकाने वाला है। इन हादसों में 79 लोगों की मौत हो चुकी है। एक अनुमान के मुताबिक प्रतिदिन दो से तीन लोगों की मौत हो रही है। यह आंकड़ा काफी भयावह है। सड़क हादसे रोकने के लिए तमाम प्रयासों के बाद भी सड़क दुर्घटनाओं में कोई कमी नहीं आ रही है।

### मरने वालों में सर्वाधिक युवा शामिल

जिला अस्पताल के आंकड़ों पर नजर डालें तो सड़क हादसों में मरने वालों में सर्वाधिक युवा शामिल हैं, जिनकी उम्र 18 से लेकर 45 साल के बीच है। हादसों मे मरने वाले अधिकतर लोग वह शामिल हैं, जो या तो बाइक चला रहे थे या बाइक पर सवार थे। यह सभी हादसे लापरवाही के कारण ही हुए हैं। हादसों में असयमय हो रही युवाओं की मौत काफी चिंताजनक है।

### हेलमेट न होने से गई जान

सड़क हादसों मे मौत की बड़ी वजह हेलमेट न होना सामने आयी है। पुलिस रिकार्ड के मुताबिक सर्वाधिक मौतें सिर में गंभीर चोट आने से हुई हैं। पुलिस का कहना है कि यदि हेलमेट होता तो शायद इनकी जान नहीं जाती। पुलिस हेलमेट को लेकर लगातार अभियान चलाती है। कार्रवाई कर जुर्माना भी वसूल करती है, इसके बाद भी चालक हेलमेट लगाना पसंद नहीं करते हैं। हादसा होने पर उन्हें यह लापरवाही काफी भारी पड़ जाती है और हमेशा के लिए जिंदगी की डोर टूट जाती है।

### यातायात नियमों के पालन से मौतों में आ सकती है कमी

टीएसआई मनीष पाठक ने बताया कि यदि वाहन चालक नियमों का पालन करें तो हादसों पर काफी हद तक अंकुश लग सकता है। सर्वाधिक हादसे ओवरटेक और हाई स्पीड व गलत साइड से वाहन चलाने पर होते हैं। लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई भी की जा रही है।

# बगावत कर बनी थीं पालिकाध्यक्ष फिर भाजपा के साथ आईं डॉ. इरा

लखीमपुर खीरी कार्यालय

**अमृत विचार:** नगर निकाय चुनाव में जब भाजपा ने टिकट की घोषणा की, तब टिकट नहीं मिलने पर नाराज डॉ. इरा श्रीवास्तव भाजपा से बगावत कर चुनाव में निर्दलीय उतरी थीं।



डॉ. इरा श्रीवास्तव।

भाजपा की घोषित प्रत्याशी पुष्पा सिंह को करारी शिकस्त देकर स्थानीय नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष बनी थीं। कई महीनों के बाद फिर डॉ. इरा के भाजपा के साथ जाने की चर्चाएं तेज हो गई हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, वह लखनऊ में प्रदेश कार्यालय में वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता लेंगी। सोशल मीडिया पर खबरें चलने के बाद उनके आवास पर मंगलवार को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। देर शाम तक कैंप कार्यालय पर भीड़ लगी रही।

> कार्यकर्ताओं के कहने पर भाजपा से अलग होकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा, लेकिन कभी भी यह महसूस नहीं किया कि भाजपा से अलग हो गई हूं। भाजपा की सदस्यता लेना या न लेना भविष्य की बात है पर मन से मैं सदैव भाजपा की हूं। –डॉ. इरा श्रीवास्तव, अध्यक्ष– नगर पालिका परिषद लखीमपुर

दरअसल, नगर निकाय चुनाव में भाजपा से टिकट न मिलने पर उन्होंने बगावत करते हुए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था। भाजपा ने नगर पालिका परिषद से अध्यक्ष प्रत्याशी के लिए अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की अध्यक्ष पुष्पा सिंह को चुनाव मैदान में उतारा था। डॉ. इरा ने चुनाव मैदान में भाजपा प्रत्याशी पुष्पा सिंह को हराया था। पालिकाध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद से माना जा रहा था कि डॉ. इरा फिर भाजपा में शामिल होंगी। बुधवार को उनके समर्थकों के साथ लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सहित दिग्गज नेताओं की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने की चर्चा है।

# 40 लाख की डकैती खुली नहीं 15 लाख पर चोरों ने किया हाथ साफ

पीलीभीत कार्यालय

**अमृत विचार :** पूरनपुर क्षेत्र में थोक किराना व्यापारी के घर हुई 40 लाख की डकैती का अभी खुलासा हुआ नहीं कि पीलीभीत जिले में एक और बड़ी घटना हो गई। इससे व्यापारियों में दहशत फैल गई। वे खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। डकैती के बाद चोरी की बड़ी घटना होने से पुलिस की गश्त व्यवस्था पर कई सवाल उठ रहे हैं। पुलिस की लापरवाही से व्यापारियों में आक्रोश बढ़ रहा है।

सोमवार की रात चोरों ने मुख्य बाजार में छत से एक दुकान में धावा बोला और मोबाइल समेत 15 लाख का सामान समेट ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही व्यापारी नेता मौके पर पहुंचे और पुलिस की कार्यशैली पर रोष व्यक्त करते हुए धरना देकर नारेबाजी की। व्यापारियों ने मोबाइल शॉप की चोरी समेत अन्य घटनाओं का जल्द खुलासा न होने पर पीलीभीत बंद की चेतावनी दी गई। सीओ सिटी ने दो थानों की पुलिस के साथ मौका मुआयना किया। पुलिस टीमें खुलासे में जुटी हैं। वहीं, व्यापारी नेता आगे की रणनीति बनाने में जुट गए हैं।



घटना के बाद पुलिस प्रशासन के विरोध में धरना देते व्यापारी। ● अमृत विचार

बल्लभ नगर कॉलोनी के निवासी कपिल वर्मा ने बताया कि उनकी मुख्य बाजार में चावला चौराहा पर मोबाइल शॉप है। सोमवार रात करीब 9 बजे रोज की तरह वह दुकान बढ़ाकर घर चले गए थे। देर रात किसी वक्त चोरों ने छत की दीवार में नकब लगाकर प्रवेश किया और आईफोन, मोबाइल, स्मार्ट वॉच समेत करीब 15 लाख का सामान समेट ले गए। मंगलवार को बाजार की साप्ताहिक बंदी रहती है। दोपहर करीब 1 बजे मोबाइल लेने के लिए दुकान पर पहुंचे। दुकान खोलकर भीतर प्रवेश किया तो बाकी सामान बिखरा पड़ा था। 15 लाख कीमत का सामान गायब था। कुछ मोबाइल छत पर पड़े मिले। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, इंस्पेक्टर सुनगढ़ी संजीव शुक्ला, कोतवाल नरेश त्यागी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उधर, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल, निमित अग्रवाल, युवा विंग के शैली शर्मा समेत कई व्यापारी नेता आ गए। लगातार हो रही घटनाओं पर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। आक्रोश इतना था व्यापारी नेता सड़क पर दरी बिछाकर धरने पर बैठ गए। सीओ सिटी ने व्यापारी नेताओं से वार्ता कर उन्हें खुलासे का आश्वासन दिया। तब जाकर करीब आधे घंटे बाद धरना समाप्त हुआ। नकब को देखते हुए किसी बच्चे की मदद से चोरी की आशंका जताई गई है।

## बाघ ने सांड़ का किया शिकार, लोगों में दहशत

**ममरी, अमृत विचार:** पुलिस चौकी मूडा निजाम और मोहम्मदी रेंज क्षेत्र के मस्तीपुर गांव की आबादी के पास पहुंचे बाघ ने खेत में घूम रहे सांड़ पर हमला करके मार डाला, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। हमले की पुष्टि वन कर्मियों ने भी की है।

मस्तीपुर वासियों के अनुसार रविवार की रात गांव की आबादी के समीप पहुंचा बाघ ने खेत में छुट्टा घूम रहे सांड़ पर हमला करके उसे गन्ने में खींच ले गया और अपना शिकार बना डाला। सोमवार सुबह लोग जब खेतों की ओर गए तो वहां सांड का अधखाया शव पड़ा देख उनके होश उड़ गए।

यहां से सहजनिया जंगल की दूरी महज तीन किलोमीटर बताई गई है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे फॉरेस्टर शिवकुमार कश्यप, वनरक्षक अभिषेक वर्मा आदि ने बाघ के हमले, अधखाया शव मिलने की पुष्टि की है।

बताया कि अभी तक बाघ गन्ने के खेत में मौजूद है। उन्होंने गांव वालों को सतर्क रहने और सांड़ के शव के पास न जाने की सलाह दी है। वनकर्मियों ने बताया कि यह बाघ प्रभावित क्षेत्र है, यहां वन्यजीवों का आना-जाना बना रहता है।

# डीटीआर के चार गैंडे मार्च तक स्वच्छंद विचरण को छोड़े जाएंगे

संवाददाता, पलिया कलां (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचार:** दुधवा टाइगर रिजर्व में ऊर्जा संचालित तारों वाले बाड़े में दो स्थानों पर रह रहे चार गैंडों को रेडियो कॉलर लगाकर स्वच्छंद विचरण के लिए छोड़ने में अभी दो माह का समय और लग सकता है। दुधवा प्रशासन ने इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

प्रारंभ में प्रयोग के तौर पर रेडियो कॉलर लगाकर चार गैंडों को स्वच्छंद छोड़े जाने की योजना बनाई है। वर्ष 1984 में असम और नेपाल के जंगलों से दुधवा नेशनल पार्क के सोनारीपुर रेंज में ऊर्जा संचालित तारों वाले करीब 21 वर्ग किलोमीटर के घेरे में कुछ गैंडों को लाकर रखा था। इनकी संख्या बढ़ने पर इनमें से कुछ गैंडों को यहीं के छंगा नाला के निकट बने दूसरे घेरे में शिफ्ट किया गया। यहां गैंडों की डीएनए प्रोफाइल भी तैयार की गई। इस समय दोनों परिसरों में मिलाकर 46 गैंडे मौजूद बताए जा रहे हैं। खास बात यह है कि दुधवा नेशनल पार्क के पूर्व अधिकारी पहले यह मानते थे कि भारी भरकम शरीर



▸▸ केंद्र सरकार से अनुमति मिलने का पार्क प्रशासन कर रहा इंतजार

धारी गैंडे जंगल में दूसरे वन्यजीवों के साथ खुलेआम नहीं रह पाएंगे। इससे गैंडों और दूसरे वन्य पशुओं दोनों को खतरा हो सकता है। इस पर वन्यजीव विशेषज्ञों से सलाह ली गई।

एक दो दिन विभिन्न स्थानों से यहां आकर परिस्थितियों को देखने के बाद विशेषज्ञ इस निर्णय पर पहुंचे कि इन गैंडों को जंगल में स्वच्छंद विचरण करने के लिए छोड़ा जा सकता है। इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से पहले चार गैंडों को रेडियो कॉलर आईडी लगाकर वन विचरण के लिए छोड़ा जाएगा। इसके पश्चात भी दुधवा पार्क प्रशासन एवं विश्व प्रकृति निधि आदि के अधिकारी गतिविधियों पर नजर बनाए रखेंगे।

### प्रशिक्षण ले चुके वनकर्मी

योजना को कामयाब बनाने के लिए विशेषज्ञों ने कुछ वनकर्मियों को प्रशिक्षित भी किया है। गैंडों को बेहोश करके दवा तथा आईडी कॉलर आदि का प्रबंध भी डीटीआर प्रशासन ने कर लिया है।

### क्या कहते हैं दुधवा पार्क अधिकारी

दुधवा टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक डॉ. रंगा राजू टी ने बताया कि रेडियो कॉलर आईडी लगाकर जंगल में पहले चार गैंडों को विशेषज्ञों की निगरानी में छोड़ा जाएगा। केंद्र सरकार से अनुमति मांगी है, जो शीघ्र मिलने की आशा है। 31 मार्च से पहले चार गैंडों को छोड़ दिया जाएगा।

**अज्ञात वाहन से टकराकर सेही की मौतः केशवापुर।** गोला-लखीमपुर मार्ग पर तिरुपति फिलिंग पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से सेही की मौत हो गई है। सूचना पर वन विभाग के अधिकारी भी पहुंच गए। लखीमपुर रोड पर केशवापुर के निकट खेतों से निकलकर एक वन्यजीव सेही नेशनल हाईवे पर आ गई। हाईवे पर किसी अज्ञात वाहन से टकरा जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने गोला वनरेंज के अधिकारियों को सूचित किया।







## सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने ली चुनाव संचालन समिति की बैठक



बैठक को संबोधित करते सहकारिता राज्य मंत्री जेपीएस राठौर।

**लखीमपुर खीरी,अमृत विचारः** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने कहा है कि अब की बार लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 से अधिक सीट जीतेगी। सहकारिता राज्य मंत्री और क्लस्टर प्रभारी ने भाजपा जिला कार्यालय पर मंगलवार को खीरी व धौरहरा लोकसभा क्षेत्र की चुनाव संचालन समिति की बैठक में कार्यकर्ताओं को टिप्स दिए। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने की। सहकारिता राज्य मंत्री ने कहा कि दोनों लोकसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं को अपने विवेक व पार्टी द्वारा दिए गए बिंदुओं के तहत कार्य करना है। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी द्वारा कराए गए विकास कार्यों के बल पर भाजपा प्रचंड बहुमत से विजय श्री प्राप्त करेगी। जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने संचालन प्रबंधन समिति के सदस्यों के अलावा सभी आगंतुकों का आभार जताया। बैठक में खीरी लोकसभा प्रभारी जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य, संयोजक विनीत मनार, संतोष सिंह व संयोजक रामकिशोर मिश्रा रहे। संचालन जिला महामंत्री रामजी मौर्य ने किया।

## सीमा पर संदिग्ध गतिविधि की तत्काल दें सूचना

**पलियाकलां, अमृत विचार :** नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल के सहायक कमांडेंट समीर कुमार सेन ने थारु ग्राम छिदिया पूरब व पश्चिम के ग्रामीणों सहित सूंड़ा व्यापार मंडल पदाधिकारियों के साथ बैठक की और एसएसबी द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर सहयोग की अपील की। इसके अतिरिक्त उन्होंने सीमा पर मानव तस्करी सहित अन्य किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिलते ही सूचना देने की भी बात कही। इस अवसर पर ग्राम प्रधान छिदिया रामनरेश राना, व्यापार मंडल सूंडा अध्यक्ष घनश्याम राठौर, शिशिर शुक्ला, निरीक्षक अशोक सिंह, थानेश्वर गोगोई, कृष्णकांत उपाध्याय मौजूद रहे।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव
पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरुष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- • भूख न लगना • कब्ज • अपच • गैस • खाने के बाद शौचालय जाना • शारीरिक अंगों का विकास रूकना • पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना • 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। • बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। • कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। • बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। • खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुडायें।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
• शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
• हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
• इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
• वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
• ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
• योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
• मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 11 फरवरी 2024, रविवार
25 फरवरी 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# महिला जज की मौत मामला: मोबाइल में पैटर्न लॉक, जांच को मुरादाबाद फॉरेंसिक लैब भेजा

## हत्या में रिपोर्ट करने के बाद पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** महिला सिविल जज ज्योत्सना राय के मोबाइल फोन में पैटर्न लॉक लगा है, इसलिए पुलिस को मोबाइल से कोई भी जानकारी नहीं मिल सकी। पुलिस ने मोबाइल को जांच के लिए मुरादाबाद की फॉरेंसिक लैब भेजा है। पुलिस यह मानकर चल रही है कि मोबाइल ही अब महिला जज की मौत की गुत्थी सुलझाएगा। वहीं, पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद कई बिंदुओं पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मंगलवार को आवास पहुंचकर नक्शा नजरी भी बनाई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भले ही हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई मगर पुलिस हत्या होने की बात मानकर ही जांच कर रही है।

**▸▸ पुलिस यह मानकर चल रही है कि मोबाइल ही मौत का राज खोलेगा**

जिला मऊ की तहसील घोसी क्षेत्र के गांव तराई डीह निवासी सिविल जज ज्योत्सना राय का शव 3 जनवरी को उनके जजी कॉलोनी स्थित सरकारी आवास के कमरे में पंखे से लटका मिला था। महिला जज के पिता अशोक कुमार राय ने घटना वाले दिन कहा कि बेटी आत्महत्या नहीं कर सकती। उनकी तहरीर पर कोतवाली सदर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई थी। पुलिस ने हत्या मानकर जांच शुरू करते हुए महिला जज के मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल को निकलवाया, लेकिन उसमें कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लगा।

यही पता चला कि महिला जज ने आखिरी बार अपने परिजन और दोस्तों से बात की थी। सदर कोतवाल बिजेंद्र सिंह ने मंगलवार को नक्शा नजरी बनाकर छानबीन की है। महिला जज के मोबाइल में पैटर्न लॉक लगा है इसलिए पुलिस को मोबाइल में सुरक्षित चीजों की जानकारी नहीं हो सकी। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि हर पहलु पर छानबीन की जा रही है। मोबाइल फोन की जांच कराई जा रही है।

# 40 लाख बकाया, शॉपिंग कॉम्पलेक्स में दुकानें-संचार टावर किए गए सील

बरेली,कार्यालय

**अमृत विचार :** 40 लाख रुपये टैक्स बकाया होने पर नगर निगम ने आईवीआरआई के सामने शॉपिंग कॉम्पलेक्स में दुकानें और संचार कंपनी का टावर सील कर दिया। इसके अलावा एक ब्यूटी पार्लर और विज्ञापन एजेंसी का कार्यालय भी सील किया गया। नगर निगम ने बकाया वसूलने के लिए टीमों को सक्रिय कर दिया है।

सोमवार को जोन- 2 में बकायेदारों पर सीलिंग की कार्रवाई की गई तो मंगलवार को जोन- 4 में कार्रवाई की गई। आईवीआरआई के सामने बृज विलास शॉपिंग कॉम्पलेक्स में भू-तल और पहली मंजिल पर दुकानों के अलावा छत पर संचार कंपनी का टावर लगा है। नीचे के दुकानदार टैक्स जमा कर रहे थे उन पर बकाया नहीं था। पहली मंजिल के दुकानदारों पर 32 लाख और संचार कंपनी के टावर पर आठ लाख का बकाया था। मंगलवार को राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद के नेतृत्व में गई टीम ने दुकानों और टावर को सील कर दिया। इसके बाद टीम ने इंदिरा नगर में चल रहे ब्यूटी पार्लर को सील कर दिया। इस पर तीन लाख का टैक्स बकाया था। राजेन्द्र नगर में बांके बिहारी मंदिर के आगे एक घर में चल रहे डाकघर को टीम सील करने पहुंची तो मकान मालिक ने डेढ़ लाख रुपये अदा कर दिये। वहीं गुप्ता चौराहे पर दो दुकानों पर बकाया 2.87 लाख रुपये भी टीम के पहुंचने पर चुका दिए गए। राजेन्द्र नगर में ही विज्ञापन एजेंसी के कार्यालय को डेढ़ लाख रुपये बकाया होने पर सील कर दिया।

# करियर को लेकर चिंतित युवाओं को नहीं भाता वैलेंटाइन

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** फरवरी को युवा भावनाओं का प्रतिनिधि महीना कहा जाता है। इसी महीने में रोज डे और वैलेंटाइन डे प्रेममय अभिव्यक्ति का माध्यम बनने के लिए युवाओं को आकर्षित करते रहे हैं। युवा खासकर प्रेमी युगल इन दिनों का इंतजार करते हैं और पूरे उत्साह से मनाते भी हैं। हालांकि पिछले कुछ सालों से कई बजहों से तस्वीर बदलती नजर आ रही है। विरोध में सक्रिय हो जाने वाले संगठन तो बजह हैं ही युवाओं को करियर की चिंता भी खाये जा रही है। वे कहते हैं कि करियर बहुत महत्वपूर्ण है, वैलेंटाइन के लिए पूरी जिंदगी पड़ी है। जो युवा करियर को लेकर उतना संजीदा नहीं हैं वे भी पार्कों में नजर आने के बजाय सोशल मीडिया पर अपनी भावनाओं को उड़लने में ज्यादा सहज महसूस करने लगे हैं। छात्र प्रशांत ने कहा कि मुझे वैलेंटाइन को लेकर कोई रुचि नहीं है। मैं केवल करियर पर फोकस करना चाहता हूं। यही मेरे लिए अभी सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। एक अन्य छात्र पीयूष ने कहा कि कुछ समय पहले तक युवाओं में ज्यादा क्रेज था। आजकल की जेनेरेशन के लिए वैलेंटाइन डे बहुत नार्मल हो गया है। छात्रा रिया ने भी वैलेंटाइन के प्रति अपनी नापसंदगी जाहिर की। कहा कि तमाम युवा पार्कों-रेस्टोरेंट में जाते हैं, अलग तरह से सेलिब्रेट करते हैं। मेरी पहली प्राथमिकता नौकरी है। छात्रा अल्का ने कहा कि मेरी कुछ दोस्त वैलेंटाइन को सेलिब्रेट करते हैं लेकिन मुझे कतई पसंद नहीं। नेहा ने कहा फेसबुक और व्हाटसप पर युवा इस तरह के स्टेटस लगा देते हैं। इसी माध्यम से भावनाएं जाहिर करने लगे हैं। आजकल गिफ्ट, गुलाब कौन देता है।

# सड़क हादसों में पूर्व सैनिक व बैंक कर्मचारी की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं/आसफपुर



मृतक सुरेंद्र शर्मा।



हादसे बाद खंती में पड़ी बाइक।

**अमृत विचार :** अलग-अलग सड़क हादसों में पूर्व सैनिक समेत दो लोगों की मौत हो गई। फैजगंज बेहटा क्षेत्र में पूर्व सैनिक और शहर के इंद्राचौक पर रोडवेज बस की टक्कर से बैंक कर्मचारी की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया। परिवारों में कोहराम मचा है। पूर्व सैनिक के परिजन की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नेकपुर निवासी निखिल कुमार (25) पुत्र राम प्रताप इंद्राचौक से एसके कॉलेज मार्ग स्थित आइसीआइसीआइ बैंक के कर्मचारी थे। सोमवार सुबह वह बैंक गए थे। दोपहर में किसी काम से बैंक से निकले। इंद्राचौक पर बरेली की ओर से आई रोडवेज बस ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। निखिल गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीर उन्हें पास के निजी अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर उनके परिजन बरेली के निजी अस्पताल लेकर गए। जहां इलाज के दौरान देर शाम उनकी मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन ने बरेली कोतवाली पुलिस को सूचना दी। बरेली में शव का पोस्टमार्टम कराया। मंगलवार को शव घर पहुंचा तो चीत्कार मच गया। परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है।

वहीं, दूसरा हादसा थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में हुआ। जिला बरेली के थाना आंवला क्षेत्र के मोहल्ला खेड़ा निवासी सुरेंद्र शर्मा (55) पुत्र रघुनंदन शर्मा सैनिक थे। सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद वह लगभग दो महीने पहले बरेली-चंदौसी रेल मार्ग पर गांव हबीबपुर के रेलवे क्रॉसिंग पर गेटमैन बने थे। सोमवार रात वह ड्यूटी के बाद बाइक से घर जा रहे थे। बाइक पर पीछे लकड़ियां बंधी थीं। थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में आसफपुर-बिसौली मार्ग स्थित गांव नरौरा नरौरी स्थित कृषि फार्म के पास किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। वह बाइक समेत खंती में जा गिरे। उनका हेलमेट दूर जा गिरा और सिर पेड़ से टकरा गया। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मंगलवार सुबह वहां से गुजर रहे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। आसफपुर चौकी इंचार्ज सुनीन शर्मा पहुंचे। सुरेंद्र शर्मा की जेब तलाश की। पर्स में पहचान पत्र के आधार पर उनकी शिनाख्त की। कस्बा आसफपुर में अपनी बेटी और दामाद पुष्पेंद्र को सूचना दी और रेलवे विभाग को अवगत कराया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजन की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

फैजगंज बेहटा के थानाध्यक्ष वेदपाल सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है। टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**आसफपुर।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव नरौरा नरौरी निवासी जयचंद पुत्र शिशुपाल मंगलवार को बाइक से बिलारी रोड पर जा रहे रहे थे। गांव पहाड़पुर के पास सामने से आए वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जयचंद सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर मारने वाला वाहन वहां से चला गया। सूचना मिलने पर आसफपुर पुलिस चौकी इंचार्ज सुनील शर्मा पहुंचे। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसके हालत नाजुक बनी हुई है।

## विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक महोत्सव शुरू

**बरेली।** रुहेलखंड विश्वविद्यालय का 49वां स्थापना दिवस 15 फरवरी को होगा। इससे पहले अंतर महाविद्यालयी सांस्कृतिक महोत्सव उद्भव की शुरुआत की गई। 6 से 8 फरवरी तक कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। मंगलवार को प्रतिभागियों को पांचाल संग्रहालय का भ्रमण भी कराया गया। समन्वयक सांस्कृतिक केंद्र डॉ. ज्योति पांडेय ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य संबद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय सांस्कृतिक केंद्र के साथ जोड़ना और उन्हें अपनी क्षमताओं और कौशल को प्रदर्शित करने के लिए प्लेटफार्म प्रदान करना भी है। मंगलवार को भारतीय संस्कृति पर आधुनिकता का प्रभाव विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता हुई। इसके अलावा लोक नृत्य, क्लासिकल एवं सेमी क्लासिकल नृत्य थीम पर एकल नृत्य प्रतियोगिता हुई। बुधवार को सामूहिक नृत्य और क्विज प्रतियोगिताएं और गुरुवार को पोस्टर एवं कोलाज मेकिंग प्रतियोगिताएं होंगी। आयोजन में कुलसचिव अजय कृष्ण यादव, डॉ. इंद्रप्रीत कौर, डॉ. छवि शर्मा, डॉ. रीना पंत, हेमंत शुक्ला, ब्रजेश, दीपांशी त्यागी, काजल कुमारी, प्रब्लीन कौर, मो. फैज का सहयोग रहा।

## दहेज के लिए परेशान कर रहे सिपाही को किया निलंबित

**बदायूं।** एक सिपाही और उसके परिजनों ने महिला को अतिरिक्त दहेज में 10 लाख रुपये और एक कार के लिए परेशान किया। समझाने के बाद भी नहीं मानने पर महिला ने एसएसपी से शिकायत की। आदेश पर कोतवाली सिविल लाइन में आरोपी सिपाही समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। फिलहाल, सिपाही को निलंबित किया गया है। जिला मेरठ के थाना ककरखेड़ा क्षेत्र निवासी महिला ने एसएसपी से शिकायत करके बताया कि उनकी शादी 29 जून 2020 को मेरठ निवासी विकास उर्फ विक्की के साथ हुई थी। जिसमें उनके पिता ने 20 लाख रुपये खर्च किए थे। नौ लाख रुपये नगद भी दिए। पति बदायूं के एक थाने में सिपाही है। आरोप है कि ससुरालीजन शादी में दिए गए दान दहेज से खुश नहीं थे। 10 लाख रुपये और एक कार की मांग करने लगे। वह अतिरिक्त दहेज के लिए उन्हें परेशान करना शुरू कर दिया। महिला ने एक बेटी को जन्म दिया। पति शराब पीने का आदी है। वह अक्सर ही गाली-गलौज करता है। अप्राकृतिक यौन संबंध बनाता है। आरोप है कि जेठ महिला पर गलत नजर रखता है। उसने कई बार महिला के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। सास और पति को बताया तो उन्होंने महिला को घर से भगा दिया और उनके बेटी भी ले ली। एक फरवरी दोपहर लगभग 12 बजे जेठ ने महिला को पकड़ा और दुष्कर्म का प्रयास किया। शोर सुनकर पहुंची सास ने महिला का सिर दीवार में मार दिया। चुन्नी डालकर गला घोंटने का प्रयास किया।

# जच्चा-बच्चा की मौत मामले में नर्स समेत दो पर रिपोर्ट

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में जच्चा-बच्चा की मौत मामले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की नर्स समेत दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

फैजगंज के गांव सादुल्लानगर निवासी सियाराम सिंह की पत्नी मुन्नी गर्भवती थीं। तीन फरवरी को उन्हें प्रसव पीड़ा हुई थी। सियाराम उन्हें आसफपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए थे। जहां कहने के बाद भी स्टाफ नर्स ने मुन्नी को नहीं देखा। गर्भवती चिल्लाती रही लेकिन किसी पर कोई फर्क नहीं पड़ा। गर्भवती की हालत बिगड़ती जा रही थी। आरोप है कि नर्स से गर्भवती को देखने की बात कहने पर उसने हाथापाई शुरू कर दी। मुन्नी को सीएचसी से बाहर कर दिया। सियाराम सिंह ने घटना का वीडियो बनाने लगे तो सीएचसी पर तैनात समद ने उनके साथ मारपीट की। प्रसूता से भी बदतमीजी की। सियाराम ने प्रधान को सूचना दी और मुन्नी को चंदौसी के अस्पताल ले जा रहे थे। कुछ ही दूरी पर प्रसव हो गया। मृत लड़का हुआ। मुन्नी की हालत और ज्यादा खराब हो गई। गांव दूंदपुर के पास उनकी भी मौत हो गई थी। सियाराम ने तहरीर दी।

# एनएचएआई के दो अभियंताओं को काम में लापरवाही पर डीएम ने भेजा थाने

मुरादाबाद कार्यालय

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह के काम के प्रति सख्त तेवर से सभी परिचित हैं। मंगलवार को उन्होंने ऐसा कार्य किया जिससे अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। जिलाधिकारी ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के दो अभियंताओं को काम में लापरवाही के चलते अपने कार्यालय बुलाया। बाद में पुलिस बुलाकर उन्हें सौंप दिया। इस मामले की हर ओर चर्चा रही। बाद में विभागीय अधिकारियों के फोन घनघनाने लगे। थाने में जल्द काम कर देने का लिखित पत्र देने के बाद ही दोनों अभियंताओं को जिलाधिकारी के पर निर्देश छोड़ा गया।

**▸▸ जल्द काम शुरू करने के लिखित आश्वासन पर छोड़ा गया, तेवर की हर ओर चर्चा**

उत्तराखंड बॉर्डर को जोड़ने वाले मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा मार्ग के चौड़ीकरण कार्य के प्रोजेक्ट की स्वीकृति और जमीन अधिग्रहण के बाद भी काम शुरू नहीं हुआ था।

जिसको लेकर जिलाधिकारी ने एनएचएआई के सहायक अभियंता शांतनु कुमार, अवर अभियंता मुहम्मद नावेद को अपने कार्यालय में बुलाया था। दोनों के पहुंचने पर जिलाधिकारी ने उनसे कार्य की प्रगति पूछी। कोई संतोषजनक जवाब न देने पर जिलाधिकारी ने सिविल लाइंस पुलिस को फोन कर बुलाया। जिस पर थाना प्रभारी रामप्रसाद शर्मा ने पहुंच कर जिलाधिकारी के आदेश पर एनएचएआई के सहायक अभियंता और अवर अभियंता को पकड़कर थाने ले आए। इसके बाद विभाग में हड़कंप मच गया। सिविल लाइंस थाना प्रभारी का कहना है कि जिलाधिकारी के आदेश पर गए थे। चर्चा है कि दो घंटे से अधिक समय तक थाने में दोनों के बैठने की जानकारी मिलने पर संबंधित विभाग के अधिकारियों ने जिलाधिकारी से बात की। जिलाधिकारी ने काम में लापरवाही बर्दाश्त न करने की बात कही। इसके बाद विभागीय अधिकारियों ने अभियंताओं से बात किया। जल्द कार्य शुरू कराने के लिखित आश्वासन के बाद दोनों अभियंताओं को जिलाधिकारी के आदेश पर छोड़ा गया। जिलाधिकारी ने बताया कि काम में लापरवाही सहन नहीं करेंगे। सभी को अपने कार्य ईमानदारी और तत्परता से करने होंगे।

## साई सेंटर में 14 सीटों पर प्रवेश के लिए 152 खिलाड़ियों ने दिया ट्रायल

**बरेली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) सेंटर में हॉकी, एथलेटिक्स और सेपक टाकरा के खिलाड़ियों ट्रायल हुए। साई प्रभारी व एथलेटिक कोच जेएस द्विवेदी ने बताया कि 14 सीटों के लिए 152 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया। सोमवार और मंगलवार को हुए ट्रायल में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, पश्चिमी बंगाल, उत्तराखंड और दिल्ली के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। सोमवार को मोटर एबिलिटी टेस्ट, शारीरिक मापंडड, 30 मीटर फ्लाई टेस्ट समेत अन्य टेस्ट हुए और मंगलवार को स्किल टेस्ट हुआ। हॉकी में 52 खिलाड़ियों रे रेजिडेन्शियल योजना, डे बोर्डिंग स्कूल के लिए तीन, एथलेटिक्स में 59 ने रेजिडेन्शियल और चार ने डे बोर्डिंग और सेपक टाकरा में 34 खिलाड़ियों ने रेजिडेन्शियल के लिए ट्रायल दिया। मेरिट के आधार पर परिणाम जारी किए जाएंगे। मेरिट तैयार करके लखनऊ साई सेंटर की स्पर्श कमेटी को भेजी जाएगी। उसकी स्वीकृति के बाद फाइनल मेरिट फरवरी के अंतिम सप्ताह या मार्च के पहले सप्ताह तक चस्पा की जाएगी।

## तीन लोगों की मौत के मामले में दिल्ली पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर लगाया जाम

**बरेली।** किला छावनी के रहने वाले दो भाइयों समेत तीन लोगों की दिल्ली के डाबड़ी थाना अंतर्गत सीतापुरी में कमरे में शव मिले थे। पोस्टमार्टम के बाद सोमवार रात तीनों के शव बरेली पहुंचे। मंगलवार को परिजनों ने दिल्ली पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की और किला रोड पर जाम लगा दिया। पुलिस के समझाने पर परिजन माने और बाद में तीनों शवों का अंतिम संस्कार किया। किला छावनी निवासी सगे भाई अमित व सोनू और यादराम उर्फ बब्बन के दिल्ली में शनिवार शाम को एक कमरे से शव बरामद हुए थे। तीनों का पोस्टमार्टम कराने के बाद दिल्ली पुलिस ने परिजनों को शव सौंप दिए। परिजन तीनों शव को लेकर सोमवार देर रात बरेली पहुंचे थे। मंगलवार सुबह सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ ने दिल्ली पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सड़क जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को शांत कराया।

## 15 फरवरी तक विवरण जमा करें पेंशनर

**बरेली।** आयकर सीमा में आने वाले पेंशनरों को 15 फरवरी तक आयकर से संबंधित विवरण जमा कराने के लिए कहा गया है।

मुख्य कोषाधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 समाप्ति की ओर है। जिससे वित्तीय वर्ष में प्राप्त पेंशन पर नियमानुसार आयकर कटौती की जा सके। कहा कि पेंशनर विवरण जमा नहीं करते तो फिर ट्रेजरी की ओर से आयकर काटा जाएगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैं अपने पुत्र यादराम व उसकी पत्नी राजवती से उनके चाल चलन के कारण अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उनके द्वारा किसी प्रकार के लेन देन की जिम्मेदारी मेरी नहीं होगी। **अतर सिंह पुत्र चेतराम नि. मुरावन नगला मजरा बुटला दौलत थाना इझानी मो. 7500758267**

सूचना
मेरी पोलीटेक्निक डिप्लोमा का अंक प्रमाणपत्र वर्ष 2018-2021 इनरोलमेंट नम्बर E18225832200033 पांचवें सेमेस्टर का अनुक्रमांक - 2157573225020, छठा- 2122583225022 वास्तव में खो गई है। **मिलने पर सूचित करें। आसिफ अली पुत्र अब्बास अली निवासी -ग्राम दियोरनियां पोस्ट हररायपुर तहसील अमरिया पीलीभीत मो. 6398605048**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# त्रिशूल एयरफोर्स स्टेशन के सामने से फर्जी फ्लाइट लेफ्टिनेंट गिरफ्तार

## गाड़ी में वर्दी- कैप टांग कर करता था ठगी, पूछताछ जारी

बरेली कार्यालय

▸▸ आरोपी से कार, आईकार्ड समेत अन्य फर्जी दस्तावेज बरामद

**अमृत विचार :** त्रिशूल एयरफोर्स स्टेशन के बाहर से फर्जी फ्लाइट लेफ्टिनेंट को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से एक कार, आईडी कार्ड समेत अन्य फर्जी दस्तावेज बरामद हुए हैं। वायुसेना के जवानों ने उसे पकड़कर इज्जतनगर थाना पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

वह लोगों से भर्ती कराने के बहाने ठगी भी कर चुका है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान इन्दर कुमार माली (40) निवासी बहुतचक उपाध्याय थाना उभांव बलिया के रूप में हुई है। आरोपी अपनी कार में में वर्दी टांग कर और कैप लगाकर वाहन चलता था। इज्जतनगर थाना प्रभारी जयशंकर सिंह ने बताया कि पुलिस को वायुसेना स्टेशन के मास्टर वारंट अफसर (सहायक सुरक्षा अधिकारी) योगेन्द्र सिंह यादव ने सूचना दी कि आरोपी इंद कुमार गेट के बाहर घूम रहा है। पुलिस की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह खुद की वायुसेना में फ्लाइट लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्त बता कर लोगों को नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करता था। तीन साल पहले वह हल्द्वानी चला गया। उसने अपनी पत्नी से झूठ बोला कि वह एयरफोर्स में पायलट अफसर है और आसपास के लोगों में भी यही यह प्रचार करने लगा। आरोपी ने पवन मेहता, ज्योति मेहता और एक अन्य युवक से शैक्षिक अभिलेख ले लिए और प्रति अभ्यर्थी की भर्ती के लिए डेढ़ लाख रुपये तय हुए। उसने अपनी वर्दी और आई कार्ड बरेली से लिए ताकि आसपास हल्द्वानी में लोगों को शक न हो। सोमवार को एयरफोर्स गेट के पास अपने जूते और अन्य सेना के सामान लेने के लिए आया था लेकिन शक होने पर गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के पास से आधार कार्ड, तीन एटीएम कार्ड, एक सेना का फर्जी आई कार्ड, सेना की लोगो लगी डस्टर कार व दो मोबाइल फोन, पांच सिम व अन्य कागजात बरामद हुए। गाड़ी आठ महीने पहले फाइनेंस पर ली थी। अफसर योगेन्द्र सिंह की तहरीर पर इज्जतनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### आईबी, एटीएस और एलआईयू को दी सूचना

थाना प्रभारी जयशंकर सिंह ने बताया कि सेना से जुड़े होने के कारण गिरफ्तार करने के बाद मामले की जानकारी एटीएस, एलआईयू और आईबी को दी गई। टीम ने आरोपी से पूछताछ कर साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस हल्द्वानी जाकर भी जांच करेगी। अगर ठगी के मामले सामने नहीं आए तो मामले में जासूसी से जोड़कर भी जांच की जाएगी।

# अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 तथा 9 के लिए प्रवेश परीक्षा कल

बरेली कार्यालय

▸▸ मंडल में 790 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा सबसे ज्यादा छात्र शाहजहांपुर में

अमृत विचार : अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 व 9 में प्रवेश के लिए परीक्षा 8 फरवरी को सुबह 11 बजे से एक बजे तक होगी। मंडल के चारों जिलों में परीक्षा होगी। प्रवेश परीक्षा के लिए 790 छात्र पात्र पाये गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 291 छात्र शाहजहांपुर में तो सबसे कम 117 छात्र बदायूं में हैं। बरेली में 179 छात्र परीक्षा देंगे। उप श्रमायुक्त डा. दिव्य प्रताप सिंह ने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए हजारों आवेदन आए उनमें से 790 छात्र ही परीक्षा के लिए पात्र पाए गए। उन्होंने बताया कि सभी आवेदकों को प्रवेश पत्र भेजा गया है।

**यह हैं परीक्षा केन्द्र:** बरेली में राजकीय महिला इण्टर कॉलेज ,सिटी रेलवे स्टेशन के पास, बदायूं में श्री कृष्णा इण्टर कॉलेज, स्टेशन रोड पीलीभीत में ड्रमण्ड राजकीय इण्टर कॉलेज, गौहनिया चौराहा शाहजहांपुर में सरदार पटेल हिन्दू इण्टर कॉलेज, कटिया टोला ।

# ट्रेनों में वसूली करते किन्नरों से परेशान हो गए यात्री

▸▸ एक सप्ताह में पांच किन्नरों को वसूली करते पकड़ा गया

**बरेली, अमृत विचार :** ट्रेनों में यात्रियों से किन्नरों द्वारा वसूली की जा रही है। पिछले एक सप्ताह में पांच किन्नरों को पकड़कर रेलवे मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जा चुका है। यात्री पैसे नहीं देते तो उनके साथ अभद्रता करते हैं। कई बार किन्नरों की हरकतों से यात्रियों के सामने असहज कुछ दिनों पहले बरेली जंक्शन पर दो किन्नर वेशधारियों को मुरादाबाद से आई टीम ने पकड़ा था।

दोनों रामपुर के रहने वाले थे। इसके बाद एक किन्नर दो दिन पहले पकड़ा गया। मंगलवार को दो और किन्नर वेशधारियों को पकड़ा गया। इनके अलावा एक अवैध वेंडर को भी पकड़ा। दोनों को रेलवे मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। जंक्शन और ट्रेन पर घूमने वाले किन्नरों पर रोक लगाई जाएगी।

## राजेन्द्र प्रसाद डिग्री कॉलेज

मीरगंज, बरेली (उ.प्र.)- 243504

**अल्प निविदा सूचना**

राजेन्द्र प्रसाद डिग्री कॉलेज, मीरगंज बरेली की वार्षिक पत्रिका संयुक्तांक-2021-24 के मुद्रण हेतु मुहरबन्द निविदा दिनांक 15.02.2024 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा फॉर्म व शर्तें प्रत्येक कार्य दिवस में प्रात: 10:00 बजे से सायं 4 बजे तक महाविद्यालय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**प्रो. सुमन कुमार शर्मा**
**प्राचार्य**
**राजेन्द्र प्रसाद डिग्री कॉलेज, मीरगंज, बरेली**

## उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद

**कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक**

122, सिविल लाइन्स, बरेली E-mail Id: upavp.bly@rediffmail.com

IS 15700:2005

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परिषद की आवासीय/व्यावसायिक सम्पत्तियों के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामान्तरण किये जाने हेतु परिषद में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है-

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या सेक्टर/ खण्ड व योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से मृतक का संबंध |
| 01. | स्व. ओ.पी. जौहरी पुत्र श्री वंशीधर जौहरी | भवन सं.- सी-285 राजेन्द्र नगर, बरेली | 27.12.1996 | श्री आशीष जौहरी पुत्र स्व. ओम प्रकाश जौहरी | श्रीमती ममता सक्सेना श्रीमती कविता सक्सेना श्रीमती बविता संदीप सक्सेना | पुत्र |

उपर्युक्त नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति पत्र प्राप्त न होने पर परिषद अभिलेखों के कॉलम-5 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सम्पत्ति प्रबन्धक**

# बीएससी और एमएससी नर्सिंग की परीक्षा 20 से होंगी

बरेली कार्यालय

▸▸ सुबह 8:30 से 11:30 बजे की पाली में होगी परीक्षा

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग, बीएससी पैरामेडिकल और एमएससी नर्सिंग की परीक्षा 2024 का कार्यक्रम जारी किया है। परीक्षा 20 फरवरी से सुबह 8:30 से 11:30 बजे की पाली में होगी। 20 से ही परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा शुरू होगी।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक बीएससी नर्सिंग प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ वर्ष की परीक्षा 20 फरवरी से 2 मार्च, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग भाग और दो की पूरक परीक्षा 20 फरवरी से 6 मार्च, बीएससी पैरामेडिकल पूरक चतुर्थ सेमेस्टर की 20 से 26 फरवरी, बीएससी पैरामेडिकल पूरक प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष की 20 से 26 फरवरी, एमएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष की पूरक परीक्षा 20 से 23 फरवरी, द्वितीय वर्ष की 20 और 21 फरवरी और एमएससी पैरामेडिकल तृतीय सेमेस्टर की 20 से 22 फरवरी तक होगी।

**बीएससी और एमएससी कृषि की मिड टर्म अब 25 फरवरी तक होंगी :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएससी कृषि, आनर्स और एमएससी कृषि की मिड टर्म और प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि 25 फरवरी तक बढ़ा दी है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने महाविद्यालयों को निर्देश दिए हैं कि इसके बाद अंक स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

# तहसीन मियां के उर्स के पोस्टर फाड़ने पर घेरी पुलिस चौकी

**बरेली, अमृत विचार :** बिजली विभाग की टीम पर जगतपुर में उर्स के पोस्टर फाड़ने का आरोप लगाकर कुछ लोगों ने हंगामा किया। उसके बाद अकीदतमंदों ने जगतपुर चौकी का घेराव कर लिया।

पोस्टर फाड़ने वाले कर्मचारी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी के मुहम्मद साकिब रजा ने बताया कि मौलाना तहसीन रजा के उर्स के पोस्टर कुछ लोगों ने फाड़ दिए। जिससे उनके अकीदतमंदों में आक्रोश फैल गया। पोस्टर फाड़ने वाला बिजली विभाग का कर्मचारी बताया जा रहा है। आरोपी पर कार्रवाई की मांग को लेकर लोगों ने जगतपुर चौकी का घेराव कर दिया। मौलाना अब्दुल्लाह रजा कादरी ने पुलिस से बात करके मामले को शांत कराया। उसके बाद लोग अपने घरों को चले गए।

## शिक्षक ने पांच वर्षीय छात्रा से की अश्लील हरकतें, गिरफ्तार

**बहजोई (संभल)।** बहजोई के एक गांव निवासी 5 वर्षीय मासूम नगर के निजी स्कूलों में कक्षा 2 की छात्रा है। उसे ट्यूशन पढ़ाने के लिए एक शिक्षक उसके घर आता था। सोमवार की शाम को शिक्षक छात्रा के साथ-साथ अन्य बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने पहुंचा था। ट्यूशन खत्म हो गया तो बाकी बच्चों को बहाना बनाकर बाहर निकाल दिया। पांच वर्षीय छात्रा को रोक लिया। शिक्षक बच्ची से अश्लील हरकतें करने लगा। शिक्षक की शर्मनाक हरकत से परेशान छात्रा जोर-जोर से रोने लगी तो अन्य बच्चे खिड़की पर पहुंच गए। उन्होंने शिक्षक की हरकतों को देखकर ग्रामीणों को बता दिया। खुद को घिरा देख शिक्षक मौके से फरार हो गया। पिता मासूम बच्ची को लेकर थाने पहुंचा। कोतवाल सत्येंद्र पंवार को पूरी घटना बताई। सीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि पुलिस ने पिता की ओर से आरोपी शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज कर शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बीसलपुर, पीलीभीत

पत्रांक : 502/न.पा.परि.बी./2023-24    दिनांक : 5.2.2024

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद बीसलपुर द्वारा पालिका निधि के अन्तर्गत निर्माण कार्य की लागत के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य विवरण निम्नवत् है:

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. (लाख रू. में) | बिड सिक्योरिटी 2 प्रतिशत पूर्णांक में | निविदा मूल्य+ 18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड नं. 13 में बड़ा देवी मंदिर में ग्रेनाइट फ्लोरिंग स्टील गेट एवं अन्य निर्माण कार्य। | 1830790.00 | 31100.00 | 1850.00 | 3 माह |

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 06.02.24 को प्रात: 11 बजे से।
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा अपलोड के लिए अन्तिम तिथि/समय 13.02.24 को अपरान्ह 03:00 बजे तक।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 14.02.24 को अपरान्ह 03:00 बजे।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
5. निविदा प्रपत्र शुल्क और 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि (जी.एस.टी. सहित) पालिका के आई.सी.आई.सी.आई. में खाता सं. 321005500073 IFSC ICIC0003210 में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. द्वारा हस्तान्तरित कर पावती की मूल प्रति स्कैन करके ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगी।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http//etender.up.nic.in पर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को अपलोड करें।
7. टेण्डर स्वीकृति होने के उपरान्त शेष 8 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगर पालिका परिषद बीसलपुर के उपरोक्त खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के द्वारा अथवा नियमानुसार एफ.डी.आर./एन.एस.सी. द्वारा जमा कर मूल प्रति जमा कर निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त तीद दिवस के अन्दर नगर पालिका पषिद बीसलपुर के कार्यालय में हार्डकापी के साथ जमा करनी होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, बीसलपुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, बीसलपुर**

# युवक ने तीन वर्षीया बच्ची से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार


▸▸ टॉफी दिलाने के बहाने बच्ची को खंडहरनुमा मकान में ले गया था आरोपी

▸▸ पास की दुकान से सामान ले रही बड़ी बहन बच्ची की चीख सुन मौके पर पहुंची


**शेरकोट( बिजनौर), अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव में एक तीन वर्षीय बच्ची को गांव का ही युवक टॉफी दिलाने के बहाने से खंडहरनुमा मकान में ले गया। वहां आरोपी ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बच्ची का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी अंकित सोमवार की देर शाम करीब साढ़े पांच बजे पड़ोस में ही रहने वाली तीन साल की बच्ची को टॉफी दिलाने के बहाने घर के बहार से बहला फुसला कर खंडहरनुमा मकान में ले गया। वहां वह बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर पास की दुकान से सामान ले रही उसकी बड़ी बहन मौके पर पहुंच गई। उसे देख आरोपी मौके से भाग गया।

इसके बाद बड़ी बहन बच्ची को घर ले गई और परिजनों को पूरी बात बताई। तब परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि बच्ची के परिजनों की तहरीर के आधार पर अंकित के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया गया। इसके बाद पुलिस उसकी तलाश में जुट गई। पुलिस ने मंगलवार की सुबह आरोपी अंकित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ धारा 376एबी और पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।


NATIONAL AGRICULTURAL COOPERATIVE MARKETING FEDERATION OF INDIA LIMITED (NAFED)



NAFED'S BHARAT ATTA



NAFED has commenced the sale of NAFED'S Bharat Atta, Whole Wheat Flour @ Rs. 27.50/kg under Open Market Sale Scheme (Domestic) of GoI. NAFED'S Bharat Atta is available in various pack sizes. Interested buyers may visit the following locations for purchase of NAFED'S Bharta Atta.

M/S श्री आदिनाथ रोलर फ्लोर मिल्स जेड तहसील फरीदपुर बरेली उ.प्र.

इन जगहों पर मोबाइल बैन जेड, फरीदपुर, सरकड़ा, भिण्डौलिया, नरियावल, बरेली शहर, रिठौरा

सम्पर्क नं. 7668481268, 9557401977

*For any further details contact at the following address :-*

**State Head : Uttar Pradesh**

Address : Nafed Warehousing Complex, Beside Fire Station Chatha Meel (6th Mile Chaurah, Sitapur Road Lucknow-226021 (U.P.)


## कार्यालय ग्राम पं. जमुही वि.खं. भावलखेड़ा (शाहजहाँपुर)

**अति अल्पकलीन निविदा सूचना**

समस्त जीएसटी में पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जमुही वि.खं. भावलखेड़ा, शाहजहाँपुर में वित्तीय वर्ष 2023-24 में अन्नपूर्णा खाद्यान्न भण्डारण के विकास योजना मनरेगा की धनराशि से ग्राम पंचायत विकास योजना से स्वीकृत निम्नलिखित कार्य कराये जाने है। अत: इन कार्यो हेतु प्राकलन के अनुसार निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु दिनांक 8.2.2024 को सायं 5 बजे तक सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदायें दिनांक 9.02.2024 को सायं 4:00 बजे निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आवश्यक सामग्री | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत जमुही में अन्नपूर्णा खाद्यान्न भण्डारण का निर्माण कार्य अनु. ला. 8 लाख 24 हजार | रेता/बजरी/मौरंग/महीन रेता ईट, ईट रोड़ी, बजरी, सरिया, लोहे की फेंसिंग तार, टीन शेड आदि | मात्रा एवं सामग्री की पूर्ण जानकारी ग्रा.पं. कार्यालय से सम्पर्क कर ली जा सकती है। जिसकी सूचना कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। |

**श्रीमती नीरज**
**ग्राम प्रधान**

**नरेन्द्र सिंह पटेल**
**ग्राम प्रधान**

## कार्यालय ग्राम पंचायत बेनीपुर वि. खण्ड सिंधौली, शाहजहाँपुर

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बेनीपुर में मनरेगा के अन्तर्गत स्वीकृत कार्ययोजना वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य, कार्यदायी संस्था ग्राम पंचायत के द्वारा कराए जाने हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | माप | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | सुंदर के घर के पास से राजेश के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 70 मी X 4 मी | 4.00 लाख |
| 2. | देवस्थान के पास से नरेन्द्र के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 45 मी X 3 मी | 2.00 लाख |
| 3. | सतीश के घर से राधेश्याम के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य | 25 मी X 4.50 मी | 2.00 लाख |

उपरोक्त कार्य हेतु प्रथम श्रेणी ईट, बजरी, बजरफुट, मोरंग, सीमेंट, रेत, सरिया एवं जो प्राक्कलन में है आदि की आपूर्ति हेतु जी.एस.टी. फर्म से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 07.02.2024 से 08.02.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक निविदा बॉक्स में डाली जा सकती है जो दिनांक 08.02.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे जनप्रतिनिधि और प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी।

**आरती यादव**
**ग्राम प्रधान**

**शहनवाज**
**ग्राम पंचायत अधिकारी**

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी ददरौल, शाहजहाँपुर

पत्रांक-सी- 956 /आंकिक/क्षे.पं./2023-24    दिनांक-29.01.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत- ददरौल, शाहजहाँपुर की कार्ययोजना वित्तीय वर्ष 2023-24 मे चतुर्थ/पंचम राज्य/15 वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत निम्नांकित विवरण के अनुसार कार्य कराये जाने है जिसके लिये सीलबन्द निविदायें दिनांक 13.2.2024 को अपरान्ह 3:00 तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिवस दिनांक 13.02.2024 को अपरान्ह 3:30 बजे अद्योहस्ताक्षरी द्वारा कार्यालय मे खोली जायेगी। निविदा संबंधी फर्म विज्ञप्ति की दिनांक से दिनांक दिनांक 13.02..2024 अपरान्ह 12:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस मे रू. 600/- (छ सौ) मात्र नकद जमा कर कार्यालय से क्रय किया जा सकता है।

निर्धारित दिनांक समय के उपरान्त प्राप्त होने वाली निविदा स्वत: निरस्त मानी जायेगी। निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ते विकास खण्ड पर निविदा प्रकाशन के उपरान्त किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है

| क्र. सं. | कार्य का नाम स्थल सहित | अनुमानित ल. | अनुमानित कुल लागत (लाख रू. में) | निविदा का मूल्य रू. में | अर्नेस्ट मनी 2 प्रतिशत | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | पंचम राज्य वित्त/अनटाईड फन्ड | | | | | |
| 1. | ग्राम हसनदपुर रसकूपा में खुंसीराम के घर से मुकेश के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 110 मी. | 7.74 लाख | 600.00 | 15000.00 | एक माह |
| 2. | ग्राम रेभा में सत्यपाल के मकान से मेन रोड तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 130 मी. | 8.00 लाख | 600.00 | 16000.00 | एक माह |
| 3. | ग्राम खानपुर में राजवीर के घर से धर्मपाल के घर तक इंटरलॉकिंग नाली निर्माण कार्य। | 155 मी. | 9.98 लाख | 600.00 | 20000.00 | एक माह |
| 4. | विकास खण्ड में प्रमुख कक्ष एवं मीटिंग हाल का सौन्दर्यीकरण कार्य। | 1 | 9.86 लाख | 600.00 | 20000.00 | एक माह |
| 5. | ग्राम गोबरसंडा में पंचायत घर से रोड तक इंटर लॉकिंग कार्य। | 175 मी. | 9.99 लाख | 600.00 | 20000.00 | एक माह |
| 6. | ग्राम परासिन में रामस्वरूप के मकान से परासिन सम्पर्क मार्ग तक खडंजा निर्माण। | 370 मी. | 7.52 लाख | 600.00 | 15000.00 | एक माह |

**मुख्य शर्तें :-**

1. ठेकेदार को विकास खण्ड पर पंजीकरण कराना होगा। प्रत्येक निविदा के साथ 2 प्रतिशत धरोहर राशि कार्यवार अलग - अलग की बैक ड्राफ्ट/एन.एस.सी./एफ.डी.आर. खण्ड विकास अधिकारी ददरौल , शाहजहाँपुर के पक्ष मे बन्धक करवा कर कापी निविदा के साथ संलग्न किया जाना एवं निविदा खोले जाने के पूर्व मूल प्रति कार्यालय मे प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।
2. जमानत की धनराशि निविदा की 10 प्रतिशत होगीग जो निविदा स्वीकृत के उपरान्त सम्बन्धित ठेकेदार को अवशेष 8 प्रतिशत जमानत धनराशि का बैंक ड्राफ्ट/एन.एस.सी./एफ.डी.आर./के रूप मे खण्ड विकास अधिकारी ददरौल, शाहजहाँपुर के पक्ष मे बन्धक करवाकर कार्यालय मे प्रस्तुत करना होगा जिसे छ: माह बाद कार्य संतोषजनक पाये जाने पर वापस कर दिया जायेगा।
3. संम्बधित कार्यो में पंजीकृत ठेकेदारो को ही निविदा मान्य होगी। सशार्त निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा।
4. किसी एक अथवा समस्त निवदायों को बिना कारण बताये अस्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार क्षेत्र पंचायत ददरौल/ अधोहस्ताक्षरी को होगा।
5. सभी कार्य उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष ही कार्यादेश जारी किये/कराये जायेगे ।

**(रवि कुमार सिंह)**
**खण्ड विकास अधिकारी**
**ददरौल, शाहजहाँपुर।**

**रामचंद्र आदि बनाम तेजराम आदि मुद्दई धारा 116 उ.प्र.रा. संहिता**

**ग्राम सरेरी तहसील आंवला जिला बरेली बनाम** तेजराम पुत्र हीरालाल व पच्चू पुत्र हीरालाल व नत्थूलाल पुत्र रामसेवक व सुरेशचंद्र पुत्र रामसेवक व भवानीप्रसाद पुत्र सोहनलाल व चंद्रपाल पुत्र सोहनलाल व विजयपाल पुत्र सोहनलाल व इंद्रपाल पुत्र सोहनलाल व संजीव पुत्र कुंवर सेन व राजेंद्र पुत्र कुंवरसेन व लक्ष्मी देवी पत्नी कुंवर सेन व गौरव कुमार उपाध्याय पुत्र महेश चंद्र व सौरभ उपाध्याय पुत्र महेश चंद्र व सुमित उपाध्याय पुत्र महेश चंद्र व सर्वेश कुमारी पत्नी महेश चंद्र समस्त निवासी ग्राम सरेरी तहसील आंवला जिला बरेली व गुड्डी देवी पत्नी वीर सिंह निवासीग्राम पुठी सराय तहसील व जिला बदायूँ। मुद्दालय

चूंकि मुसम्मी रामचंद्र पुत्र डम्बर द्वारा आपके नाम नालिश वास्ते बटवारा दायर की है जिसमें कुरा आवंटन हेतु आपको हुक्म दिया जाता है कि आप बतारीख 12.02.24 असालतन या मारफत किसी वकील के जो हालात मुकदमा में बखूबी वाकिफ हो मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा। आज बतारीख 30.01.24 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**उपजिलाधिकारी न्यायिक, आंवला जिला बरेली**

**न्यायालय चकबंदी अधिकारी (द्वितीय) पटियाली, जनपद कासगंज**

सन् 2023

अन्तर्गत धारा-9क(2) जोत चकबंदी अधिनियम (1953)

मौजा-हिम्मत नगर बझेरा पश्चिम, परगना निधपुर, तहसील पटियाली, जनपद कासगंज

रूचिका बागला पत्नी श्री श्रीकांत बागला व सूर्यांश बागला पुत्र श्री श्रीकांत बागला निवासीगण-विला नं. AW-18 दिव्यश्री 77 पूर्व 77 टाउन सेंटर, येमालूर रोड, बंगलौर उत्तर बंगलौर (कर्नाटक)....वादी बनाम अमित गुप्ता पुत्र श्री जगदीश गुप्ता निवासी गंदा नाला, कासगंज, जनपद कासगंज प्रतिवादी उपरोक्त के सम्बंध में आपको सूचित किया जाता है कि वादी द्वारा उक्त वाद में आप सभी के विरूद्ध अदालत हाजा में योजित किया है। आप सभी नियत दिनांक 31.01.2024 को समय प्रात: 10:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी जवाबदेही असालतन या वकालतन प्रस्तुत करें, वरना आपकी अनुपस्थिति में वाद की कार्यवाही आपके विरूद्ध एक पक्षीय कर दी जायेगी।

यह सम्मन न्यायालय के हस्ताक्षर एवं दिनांकित 28.02.2024 को निर्गत किया गया है।

**न्यायालय चकबन्दी अधिकारी, पटियाली, जिला कासगंज**

**न्यायालय चकबंदी अधिकारी (द्वितीय) पटियाली, जनपद कासगंज**

सन् 2023

अन्तर्गत धारा-9क(2) जोत चकबंदी अधिनियम (1953)

मौजा-हिम्मत नगर बझेरा पश्चिम, परगना निधपुर, तहसील पटियाली, जनपद कासगंज

श्रीकांत बागला पुत्र श्री मोहनलाल बागला निवासी-विला नं. AW-18 दिव्यश्री 77 पूर्व 77 टाउन सेंटर, येमालूर रोड, बंगलौर उत्तर बंगलौर (कर्नाटक)....वादी

बनाम अमित गुप्ता पुत्र श्री जगदीश गुप्ता निवासी गंदा नाला, कासगंज, जनपद कासगंज .....प्रतिवादी उपरोक्त के सम्बंध में आपको सूचित किया जाता है कि वादी द्वारा उक्त वाद में आप सभी के विरूद्ध अदालत हाजा में योजित किया है। आप सभी नियत दिनांक 31.01.2024 को समय प्रात: 10:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी जवाबदेही असालतन या वकालतन प्रस्तुत करें, वरना आपकी अनुपस्थिति में वाद की कार्यवाही आपके विरूद्ध एक पक्षीय कर दी जायेगी।

यह सम्मन न्यायालय के हस्ताक्षर एवं दिनांकित 28.02.2024 को निर्गत किया गया है।

**न्यायालय चकबन्दी अधिकारी, पटियाली, जिला कासगंज**

**न्यायालय श्रीमान् अपर उपजिलाधिकारी सदर जिला बरेली**

मुकदमा सं. 246 सन्- 2021
मोतीराम आदि बनाम श्याममूति आदि
धारा:- 116 उ.प्र. राजस्व संहिता 2006
ग्राम:- आराजी महगवां उर्फ ऊंचा गांव, परगना व तहसील व जिला बरेली

1. मिढ़ई लाल पुत्र स्व. तोताराम निवासी मझगवां उर्फ ऊचाँ गांव, बरेली हाल निवासी कुसुम नगर कालोनी, हरूनगला पोस्ट, यूनिवर्सिटी, जिला बरेली 2. रामबहादुर सिंह पुत्र किशन लाल हाल निवासी 171 मो. जसौली, बरेली 3. महेन्द्रपाल 4. श्रीपाल 5. खुशपाल 6. खुसेन्द्रपाल 7. ऋषिपाल पुत्रगण स्व. ओमपाल व 8. श्रीमती सुशीला देवी पत्नी स्व. ओमपाल हाल निवासीगण मो. रिठौरा द्वारा मुन्ना लाल रिठौरा बाजार के पास, जिला बरेली

चूंकि वादी मोतराम आदि ने आपके नाम वाद वास्ते 116 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 के अन्तर्गत दायर किया है जिसमें आपको आदेश दिया जाता है कि आप दिनांक 18.02.2024 को स्वयं या अपने वकील के माध्यम से जो कि मुकदमे पत्रावली से बाखूवी जानकार हो और जो मुकदमें की पत्रावली में जवाब दाखिल कर सके मय कागजात के अदालत में हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजिरी मुकदमा का फैसला होगा। आज तारीख 30.01.2024 मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी किया गया है।

**आदेशानुसार**
**न्यायालय श्रीमान् अपर उपजिलाधिकारी सदर जिला बरेली**

**न्यायालय श्रीमान् अपर उपजिलाधिकारी सदर जिला बरेली**

मुकदमा सं. 245 सन्- 2021
मोतीराम आदि बनाम श्याममूति आदि
धारा:- 116 उ.प्र. राजस्व संहिता 2006
ग्राम:- आराजी महगवां उर्फ ऊंचा गांव, परगना व तहसील व जिला बरेली

1. महेन्द्रपाल 2. श्रीपाल 3. खुशपाल 4. खुसेन्द्रपाल 5. ऋषिपाल पुत्रगण स्व. ओमपाल व 6. श्रीमती सुशीला देवी पत्नी स्व. ओमपाल हाल निवासीगण मो. रिठौरा द्वारा मुन्ना लाल रिठौरा बाजार के पास, जिला बरेली 7. रामबहादुर सिंह पुत्र किशन लाल हाल निवासी 171 मो. जसौली, बरेली 8. ब्रजपाल सिंह 9. वेदपाल 10. पवन कुमार पुत्रगण स्व. बाबूराम 11. कु. माधुरी पुत्री स्व. बाबूराम 12. श्रीमती महेश देवी पत्नी स्व. बाबूराम हाल निवीसगण मोहल्ला नेकपुर, निकट हाथी खाने के पास, थाना सुभाषनगर, जिला बरेली व 13. मिढ़ई लाल पुत्र स्व. तोताराम निवासी मागवा उर्फ ऊचां गांव बरेली हाल निवासी कुसुम नगर कालोनी, हरूनगला पोस्ट यूनिवर्सिटी, जिला बरेली 14. गोपाल 15. राजकुमार 16. अशोक पुत्रगण स्व. पातीराम 17. श्रीमती मूलो देवची पत्नी स्व. पातीराम निवासीगण महगवां उर्फ ऊंचा गांव, परगना व तहसील व जिला बरेली

चूंकि वादी मोतराम आदि ने आपके नाम वाद वास्ते 116 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 के अन्तर्गत दायर किया है जिसमें आपको आदेश दिया जाता है कि आप दिनांक 18.02.2024 को स्वयं या अपने वकील के माध्यम से जो कि मुकदमें पत्रावली से बाखूवी जानकार हो और जो मुकदमें की पत्रावली में जवाब दाखिल कर सके मय कागजात के अदालत में हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजिरी मुकदमा का फैसला होगा। आज तारीख 30.01.2024 मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी किया गया है।

**आदेशानुसार**
**न्यायालय श्रीमान् अपर उपजिलाधिकारी सदर जिला बरेली**

## भाजपा के तीन बड़े मुद्दों में शामिल है यूसीसी, पार्टी आगामी आम चुनाव में समान नागरिक संहिता को बना सकती है चुनावी मुद्दा

# छोटे उत्तराखंड ने दिया पूरे देश को बड़ा राजनीतिक संदेश

संवाददाता, हल्द्वानी




**अमृत विचारः** यूसीसी विधेयक पारित होने के साथ ही उत्तराखंड पूरे देश में पहला ऐसा राज्य बन गया है जहां यूसीसी बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। उत्तराखंड के यूसीसी को कानून बनने में अभी समय लगेगा लेकिन जल्द होने वाले लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड के यूसीसी का शोर हर जगह सुनाई देगा।



पुष्कर सिंह धामी ने चुनाव से पहले ही वादा किया था कि वह उत्तराखंड में यूसीसी लाएंगे। धामी ने अपना वादा पूरा कर दिया। भाजपा ने राम मंदिर और धारा 370 को खत्म करके अपने दो वायदे पूरे कर दिए हैं। उत्तराखंड ने यूसीसी की शुरूआत कर दी है। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा उत्तराखंड के यूसीसी को अपने चुनाव का हथियार जरूर बनाएगी। इसकी चर्चा अन्य राज्यों में भी की जाएगी। भाजपा शुरू से ही कहते आई है कि देश में समान नागरिक संहिता होना जरूरी है। उत्तराखंड एक छोटा राज्य है लेकिन यहां का यूसीसी पूरे देश में चर्चा का विषय बन रहा है।

यूसीसी को लेकर जो बात सामने आई है वह यह है कि इससे मुस्लिम पुरुषों को धर्म के नाम पर विवाह और संपत्ति के अधिकार में जो अधिकार प्राप्त थे वह खत्म हो जाएंगे। मुस्लिमों ने यूसीसी का विरोध करना भी शुरू कर दिया है। राजनीति के लिहाज से समझे तो भाजपा की चुनावी तैयारियों को देखते हुये यह काफी फायदेमंद होगा। हालांकि यूसीसी में ऐसे भी प्रावधान है जिससे हर धर्म के पुरुषों पर लगाम लगाने की कोशिश की गई है। राज्य की लोकसभा सीटों की बात करें तो भाजपा पिछले लगातार दो साल से राज्य में पांचों लोकसभा जीत रही है। कांग्रेस के लिए वापसी की राह में यूसीसी नाम की एक और चुनौती आकर खड़ी हो गई है।

### जनजातियां बाहर तो कांग्रेस भी आई बैकफुट पर



**हल्द्वानी, अमृत विचार :** कांग्रेस ने उत्तराखंड में यूसीसी का विरोध इसी बात पर किया है कि इससे जनजाति लोग प्रभावित होंगे। जनजाति समुदाय के अपने नियम होते हैं। वहां शादी, परिवार चलाने आदि में उनकी परंपराओं का बड़ा स्थान है। उत्तराखंड में जौनसारी, भोटिया और थारु प्रमुख जनजातियां रहतीं हैं। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने भी यूसीसी को लेकर पूर्व में बयान दिए थे और कहा था कि भाजपा जो यूसीसी ला रही है, उससे जनजाति समुदाय की रीति रिवाजों पर प्रभाव पड़ेगा। जनजाति समुदाय यूसीसी को स्वीकार नहीं करेगी। यूसीसी विधेयक से जनजाति समुदाय बाहर हैं। राज्य में इनकी आबादी करीब 2.5 प्रतिशत है। अब कांग्रेस के लिये जनजाति वाला मुद्दा ही नहीं रह गया है। भाजपा शुरू से ही मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड को मुस्लिम तुष्टीकरण का हिस्सा मानती है।

### बोले नेता



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। उन्होंने समान नागरिक संहिता लागू कर मिनी पाकिस्तान बनने से रोक दिया है। यह बिल पूरे देश के लिए नजीर बनेगा और एक-एक कर सभी राज्यों में लागू होगा। धर्म की आड़ में जो कानून जबरन थोपे जाते हैं, लोगों खासकर महिलाओं को उनका अधिकार मिलेगा। **-डॉ. प्रवीण तोगड़िया**, अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद



भाजपा की नीयत सही नहीं है, यूसीसी के जरिए राजनैतिक लाभ लेना चाहती है। यदि यूसीसी जरूरी था तो इसको केंद्र से लागू करना चाहिए था, यहां विधेयक बनाकर दिखाया जाएगा कि राज्यों में लागू किया जा रहा है। यह पूरी तरह दिखावा है। यूसीसी क्या है कि यह भाजपा विधायकों को नहीं पता है। यूसीसी को पढ़ने व बहस के लिए पर्याप्त समय मिलना चाहिए। **-करन माहरा**, प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस

# यूसीसी से मुस्लिम महिलाओं की आवाज और अधिकार होंगे मजबूत

## संपत्ति में अधिकार, तलाक सहित अन्य पर समान कानून, विवाह का रजिस्ट्रेशन भी कराया गया अनिवार्य

नरेंद्र देव सिंह, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** यूसीसी सीधे तौर पर महिलाओं को प्रभावित करने वाला विधेयक है। जब यह कानून बनेगा तब राज्य में महिलाओं के अधिकार में अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी होगी। कुछ संप्रदाय ऐसे हैं जिनमें पुरुषों को धर्म के आधार पर मौजूदा कानून से हटकर छूट मिलती है। कानून बनने के बाद इस तरह के सभी अधिकार खत्म हो जाएंगे।

एक बात से यूसीसी का महिलाओं के जीवन में महत्तव को समझा जा सकता है कि शादी किसी भी प्रथा और धर्म के आधार हुई हो लेकिन तलाक केवल न्यायिक प्रक्रिया के आधार पर होगा। सीधे तौर पर कहें तो यूसीसी के कानून बनने के बाद सबसे ज्यादा लाभ मुस्लिम महिलाओं को मिलेगा। उन्हें तलाक का अधिकार देश की अन्य महिलाओं की तरह मिलेगा। साथ ही संपत्ति का अधिकार भी बराबर मिलेगा। यूसीसी में स्पष्ट तौर पर बहु विवाह पर रोक लगाई गई है। यह भी देखने में आता है कि अन्य धर्म के कुछ लोगों ने एक से अधिक शादी करने के लिए अपना धर्म बदल लिया है। यूसीसी कानून बनने के बाद मुस्लिम पुरुषों का यह अधिकार खत्म हो जाएगा। तीन तलाक पर तो पहले ही केंद्र ने ही रोक लगा दी है। साथ ही तलाक होने के बाद किसी मुस्लिम महिला को यदि दूसरी शादी करनी है तो कानून बनने के बाद वह भी अन्य महिलाओं को मिले प्रावधान के अनुसार करेगी। बेटियों की शादी के लिए उम्र का 18 साल का प्रावधान किया गया है। हालांकि यूसीसी के दायरे से जनजाति समाज को बाहर रखा गया है। ऐसे में यूसीसी की वजह से मिलने वाले किसी भी अधिकार का लाभ जनजाति समाज की महिलाओं को नहीं मिलेगा।

### भारत में विवाह की 'मान्यता' को बचाने का प्रयास

भारत में विवाह में एक स्त्री और पुरुष के साथ रहने का अधिकार ही नहीं होता है साथ ही यह जन्म-जन्मांतर का रिश्ता माना जाता है। आधुनिक हो रहे समाज में विवाहोत्तर अवैध संबंध होने की घटनाएं बढ़ने लगी हैं, जिससे विवाह शब्द की स्थापित मान्यता खतरे में पड़ रही है। यूसीसी के कानून बनने के बाद कोई भी स्त्री और पुरुष शादी के बाद अन्य किसी से संबंध बनाता हो तो यह तलाक तक का अधिकार होगा। साथ ही विवाह का रजिस्ट्रशन अनिवार्य करने का भी फायदा भविष्य में महिलाओं को ही ज्यादा मिलेगा।

### समान नागरिक संहिता पर मुस्लिम समुदाय की राय



सामान नागरिक संहिता बिल में कई बातें भारतीय संस्कृति और संविधान में दिए गए अधिकारों के विरुद्ध हैं। इसके लाने का उद्देश्य ही बिगड़ गया है। लिव इन रिलेशनशिप को मान्यता देना भारतीय संस्कृति के विरुद्ध है। इस्लाम में इद्दत पर रोक को सरासर गलत बताया है। इददत के नियम को नही जानते तो उससे छेड़छाड़ नहीं होनी चाहिए। इस बिल को लाना संविधान का अपमान है। **- शराफत खान**



यूसीसी में सबसे ज्यादा अधिकार महिलाओं को दिया गया है। फिर वह विवाह की बात हो तलाक या फिर गुजारभत्ता की। पहले न्याय की देवी की आंख पर पट्टी थी, लेकिन इस कानून में न्याय की देवी की आंखों से पट्टी हटा दी गई है। पर्सनल लॉ से हटकर ये समान लोगों के लिए बना दिया गया। बड़ी बात है कि इसमें महिलाओं के अधिकारों को महत्व दिया गया है। **- बसीरत जहां**, अधिवक्ता



यूसीसी कानून का रूप लेने से पहले यह सामने आएगा तो उसका आंकलन करेंगे। अगर कुरान, हबीस और शरियत को छेड़छाड़ किए बिना अगर यूसीसी में प्रावधान किए गए हैं तो उसका पालन हम खुद करेंगे और मुस्लिम समाज से करवाएंगे। अगर यूसीसी के कानून कुरान और शरियत के खिलाफ होंगे तो उसका विरोध करेंगे। **- हसमत अली**



हमें यूसीसी की कोई जरूरत नही। ऐसे कानून कि जिसमें मुस्लिम समाज के ओलेमा और बुद्धिजीवियों की बिना राय मशवरे के बनाया जा रहा है। हम शरियत का कानून मानने वाले लोग है। सरकार चुनावी फायदे के लिए जबरन एक विशेष समुदाय को कानून थोपना चाह रही है। सरकार महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दे से आम जनता को भटका रही है। **- उवैस राजा**

### समान नागरिक संहिता से महिलाओं का उत्पीड़न होगा बंद

**हल्द्वानी अमृत विचार :** महिला महाविद्यालय में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के मुद्दे पर संगोष्ठी हुई। छात्राओं को समान नागरिक संहिता के महत्तव के बारे में बताया गया। डॉ. बीना जोशी ने कहा कि समान नागरिक संहिता के अंतर्गत हर धर्म, जाति, संप्रदाय के लिए सम्पूर्ण राष्ट्र में एक ही नियम होंगे। डॉ. फकीर नेगी ने कहा कि समान नागरिक संहिता का उल्लेख भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में किया गया है। अनुच्छेद 44 में कहा गया है कि राज्य, भारत के समस्त राज्यक्षेत्र में नागरिकों के लिये एक समान सिविल संहिता प्राप्त कराने का प्रयास करेगा। इससे महिलाओं का उत्पीड़न बंद होगा।

### यूसीसी सिर्फ चुनावी लाभ के लिए हथकंडा: कैलाश

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** भाकपा माले के जिला सचिव डॉ. कैलाश पांडेय ने कहा कि उत्तराखंड सरकार ने रिपोर्ट मिलने के तत्काल बाद जिस तरह जल्दबाजी में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को विधानसभा में पेश किया है, वह सिर्फ चुनावी लाभ का हथकंडा है। सरकार केवल अल्पसंख्यकों में भय पैदा करने और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के लिए करना चाहती है। जारी बयान में पांडे ने कहा कि नागरिकता और समान नागरिक संहिता राज्य का नहीं केन्द्र सरकार का विषय है, लेकिन धामी सरकार अपने नंबर बढ़ाने के लिए जबरन राज्य में यूसीसी पारित कराने पर आमादा है।



## विविध

# आदिवासियों की जमीन छीनी जा रही

## राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लगाए आरोप, भाजपा को लिया आड़े हाथ

गुमला/खूंटी, एजेंसी

कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि देश में विकास के नाम पर आदिवासियों की जमीन छीनी जा रही है। गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मंगलवार सुबह झारखंड के खूंटी जिले से शुरू हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की पिछली भाजपा सरकार ने आदिवासियों की कई एकड़ जमीन का अधिग्रहण कर लिया था, लेकिन इस का कोई इस्तेमाल नहीं किया गया।

गुमला जिले के कामडारा चौक पर रोड शो के दौरान सभा में कांग्रेस सांसद ने कहा, मैंने यहां झारखंड में कई आदिवासी महिलाओं से बात की। उन्होंने मुझे बताया कि विकास के



नाम पर उनकी जमीन छीनकर अंत में कारोबारी घरानों या एनजीओ को दे दी गई। उन्होंने झारखंड की पिछली भाजपा सरकार पर भूमि बैंक बनाने के लिए आदिवासियों की लाखों एकड़ जमीन का अधिग्रहण करने और फिर उसका इसका कोई इस्तेमाल नहीं करने का भी आरोप लगाया।

### वायरल वीडियो पर कांग्रेस नेता ने दी सफाई

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि कुत्ते द्वारा मेरे हाथ से बिस्कुट नहीं खाने पर मैने यह (बिस्कुट) खिलाने के लिए उसके मालिक को दे दिया था। कांग्रेस नेता की यह सफाई उस वीडियो जिसमें वह एक बिस्कुट कुत्ते के खाने से इनकार करने के बाद उसे (बिस्कुट को) एक व्यक्ति को देते हुए दिख रहे हैं, के वायरल होने के बाद आई है। वीडियो के बाद भाजपा ने आरोप लगाया था कि गांधी इस तरह से अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ व्यवहार करते हैं। इस बारे में पूछे जाने पर गांधी ने कहा, कुत्ता घबराया हुआ था और जब मैंने उसे बिस्कुट दिया तो वह डर गया। फिर, मैंने (इसके) मालिक को बिस्कुट देते हुए कहा कि यह आपके हाथ से खाएगा। फिर, मालिक ने बिस्कुट दिया और कुत्ते ने खा लिया। इसमें क्या समस्या है। उन्होंने कहा कि मुझे समझ नहीं आता कि भाजपा क्यों कुत्ते के पीछे पड़ी है। पार्टी के प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि यह वीडियो चार फरवरी को झारखंड के धनबाद जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान बनाया गया था। कुत्ते के मालिक ने खुशी जताते हुए कहा, कुत्ते ने राहुल गांधी के साथ तस्वीरें खिंचवाईं, उन्होंने उसे बिस्कुट भी दिए। हालांकि, इस घटना से विवाद पैदा हो गया और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार रात को वीडियो पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एक्स' पर लिखा, न केवल राहुल गांधी बल्कि पूरा परिवार मुझे वह बिस्कुट नहीं खिला पाया। मुझे असमिया और भारतीय होने पर गर्व है।

## मानव तस्करी : 24 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने असम में मानव तस्करी से संबंधित एक मामले में बांग्लादेश और म्यांमा के पांच नागरिकों सहित 24 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। संघीय एजेंसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल कर बांग्लादेशियों और म्यांमा के रोहिंग्याओं का भारत में प्रवेश कराने में शामिल अंतरराष्ट्रीय गिरोह के तस्करों के खिलाफ गुवाहाटी में एनआईए की एक विशेष अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया गया। अधिकारी ने कहा कि आरोपियों में बांग्लादेश के चार और म्यांमा का एक नागरिक भी शामिल है।

# रामलला जैसी प्राचीन विष्णु मूर्ति कृष्णा नदी में मिली

रायचूर, एजेंसी

कर्नाटक के रायचूर जिले के एक गांव में कृष्णा नदी से हाल में भगवान विष्णु की एक प्राचीन मूर्ति मिली है जिसके चारों ओर सभी दसावतार उकेरे हुए हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यह मूर्ति इस तथ्य को देखते हुए उल्लेखनीय है कि इस मूर्ति की विशेषताएं अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर में हाल ही में प्रतिष्ठित राम लला की मूर्ति से मिलती जुलती हैं। वहीं, मूर्ति के साथ एक प्राचीन शिवलिंग भी मिला है। रायचूर विश्वविद्यालय में प्राचीन इतिहास और पुरातत्व के व्याख्याता डॉ. पद्मजा देसाई ने विष्णु की मूर्ति के बारे में बताया कि यह मूर्ति किसी मंदिर के गर्भगृह की शोभा रही होगी और संभावित रूप से मंदिर को नुकसान पहुंचाने के दौरान इसे नदी में फेंका गया होगा। पुरातत्वविदों का मानना है कि यह मूर्ति ईसा पश्चात 11वीं या 12वीं शताब्दी की है।

▸▸ **एक प्राचीन शिवलिंग भी मिला पुरातत्वविदों के अनुसार मूर्ति 11वीं या 12वीं शताब्दी की**



कृष्णा नदी से मिली भगवान विष्णु की प्राचीन मूर्ति एवं शिवलिंग। ● एजेंसी

## पुलिस को एलईटी सदस्य की ट्रांजिट रिमांड मिली

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर पुलिस को लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) मॉड्यूल के एक सदस्य की ट्रांजिट रिमांड प्रदान की। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के रहने वाले सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी रियाज अहमद राठेर को दिल्ली पुलिस ने रविवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया था। राठेर ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार से हथियार और गोला-बारूद प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट अनुज कुमार सिंह ने जम्मू-कश्मीर पुलिस के आवेदन पर रियाज की ट्रांजिट रिमांड मंजूर कर ली, जिसमें दावा किया गया था कि मामले में जांच के लिए उसे केंद्रशासित प्रदेश ले जाना जरूरीर है।

### एक नजर

#### राज्यसभा की पूर्व सदस्य वीणा वर्मा का निधन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता एवं दो बार राज्यसभा सदस्य रहीं वीणा वर्मा का मंगलवार को यहां निधन हो गया। वह 83 वर्ष की थीं। वह कुछ समय से उम्रजनित बीमारी से जूझ रही थीं। दिल्ली के मैक्स अस्पताल में मंगलवार सुबह उनका निधन हो गया। वर्मा साहित्यकार एवं कवि श्रीकांत वर्मा की पत्नी थी, जो अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव भी रहे। मूलत: छत्तीसगढ़ में बिलासपुर के निवासी रहा वर्मा परिवार लंबे समय से दिल्ली में रह रहा था। एक सितंबर 1941 को जन्मी वर्मा अविभाजित मप्र से 1986 से 2000 तक राज्यसभा सदस्य रहीं।

#### कांग्रेस सरकार बनी तो निरस्त करेंगे पीएमएलए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने कहा है कि विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए धनशोधन निवारण अधिनियम, 2002 का दुरुपयोग किया जा रहा है। अगर उनकी पार्टी सत्ता में आई तो इस कानून को निरस्त करेगी और बेहतर कानून बनाएगी। चिदंबरम ने राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल से उनके यूट्यूब चैनल पर बातचीत करते हुए यह टिप्पणी की।



# पुलिस अधिकारी, सिपाही से ऐंठे 96.5 लाख रुपये

अलवर, एजेंसी

राजस्थान के अलवर शहर में एक पुलिस अधिकारी और सिपाही को हनी ट्रैप के मामले में फंसाकर आरोपी द्वारा 96.5 लाख रुपये ऐंठने का मामला सामने आया है। जिला पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने मंगलवार को बताया कि पीड़ित पुलिस निरीक्षक और सिपाही ने अरावली विहार थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई।


प्राथमिकी बताया कि वह अलवर की एक महिला के संपर्क में सोशल मीडिया के माध्यम से वर्ष 2022 में जुड़े और उस महिला के संपर्क में आने के बाद मिलना-जुलना हुआ और इस बीच महिला ने चतुराई से उनके आपत्तिजनक फोटो वीडियो बना लिए। उसके बाद में ब्लैकमेलिंग करने लगे। डर की वजह से निरीक्षक ने 90 लाख रुपए दिए।

उधर आरोपियों ने सिपाही से भी 6.5 लाख रुपए ऐंठे थे। पीड़ितों ने इस मामल के फोन चौटिंग सहित अन्य सबूत पेश किये। अधिकारी ने बताया कि मामले में आठ आरोपी हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर महिला के घर पर छापा मारा। जहां से आपत्तिजनक सामग्री सहित अन्य दस्तावेज बरामइ हुए। महिला, उसकी बहन और भाई को हिरासत में लिया गया।

### हनी ट्रैप में फंसाया

▸▸ **पुलिस ने आरोपी महिला, उसकी बहन और भाई को लिया हिरासत में**

### आखिर आराम भी जरूरी है...



सूरत के सरथाना नेचर पार्क में पेड़ पर आराम फरमाता तेंदुआ। ● एजेंसी

# नफरती भाषण के लिए मौलाना अजहरी पर एक और प्राथमिकी

**भुज।** गुजरात में पुलिस ने मंगलवार को मुंबई के मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी के खिलाफ कच्छ जिले के सामाखियारी में एक धार्मिक कार्यक्रम में भड़काऊ भाषण देने के आरोप में एक और प्राथमिकी दर्ज की। अजहरी पर यह दूसरी प्राथमिकी है। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। इससे पहले नफरती भाषण मामले में शनिवार को जूनागढ़ में दर्ज प्राथमिकी में अजहरी को रविवार को मुंबई से गिरफ्तार किया गया था। अहमदाबाद से अजहरी को जूनागढ़ ले जाया गया था। कच्छ (पूर्व) के पुलिस अधीक्षक सागर बाघमार ने कहा कि 31 जनवरी को सामाखियारी में आयोजित एक धार्मिक समारोह में भड़काऊ भाषण देने के लिए मुफ्ती सलमान अजहरी के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# उच्चतम न्यायालय ने आनंद मोहन को पासपोर्ट जमा करने को कहा

### बिहार का कृष्णैया हत्याकांड

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने 1994 में बिहार के गोपालगंज के तत्कालीन जिला अधिकारी जी. कृष्णैया की निर्मम हत्या मामले में उम्रकैद के दोषी पूर्व सांसद आनंद मोहन सिंह को अपना पासपोर्ट स्थानीय पुलिस थाने में जमा कराने के और हर 15 दिन पर वहां अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का मंगलवार को निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने कृष्णैया की विधवा तेलुगू उमादेवी कृष्णैया की रिट याचिका पर केंद्र सरकार को अपना जवाबी हलफनामा देने का आखिरी मौका देते हुए यह निर्देश दिया।

पीठ ने कहा, प्रतिवादी (आनंद मोहन) को अपना पासपोर्ट तत्काल स्थानीय पुलिस स्टेशन में जमा कराने के साथ-साथ हर 15 दिन पर वहां अपनी उपस्थिति दर्ज करना चाहिए। याचिका में आनंद मोहन को उम्र कैद की पूर्व निर्धारित सजा पूरी होने से पहले रिहा करने के फैसले को चुनौती दी गई है। बिहार सरकार ने 10 अप्रैल 2023 को 10 दिसंबर 2002 के बिहार जेल नियमावली में संशोधन किया। इसके बाद राज्य सरकार ने बाहुबली नेता माने जाने वाले आनंद मोहन को 24 अप्रैल 2023 को जेल से रिहा करने का आदेश सहरसा जिला प्रशासन को दिया था।

## हाईकोर्ट ने समिति से दवाओं में निरामिष सामिष तत्वों पर सिफारिशें देने को कहा

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आयुर्वेद पर वैधानिक सलाहकार बोर्ड द्वारा गठित एक समिति से दवाओं में निरामिष और सामिष तत्वों के निर्धारण पर 10 दिनों के भीतर अपनी सिफारिशें देने को कहा है। अदालत का यह निर्देश पतंजलि कंपनी द्वारा अपने एक उत्पाद में सामिष (जिसमें मांस मिला हो) घटक के गैरकानूनी उपयोग के आरोप पर आया है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि समिति का गठन उन मानदंडों को निर्धारित करने के लिए किया गया था, जिनके द्वारा दवाओं के उत्पादन में उपयोग किए जाने वाले कच्चे माल को विभिन्न श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है। अदालत ने एक हालिया आदेश में कहा कि उम्मीद है कि गठित समिति आज से 10 सप्ताह के भीतर अपनी सिफारिशें देगी। अदालत का आदेश वकील यतिन शर्मा की याचिका पर आया, जिसमें उन्होंने केंद्र को निर्देश देने का अनुरोध किया था कि दिव्य मंजन को हरे बिंदु के साथ बेचकर ग्राहकों को गुमराह करने के लिए पतंजलि कंपनी के खिलाफ उचित कार्रवाई शुरू की जाए। याचिकाकर्ता ने यह दिखाने के लिए कि उत्पाद में सामिष तत्व हैं, उत्पाद को वापस लेने और उसे लाल बिंदु से चिह्नित करने के निर्देश देने का भी अनुरोध किया।

## उच्च स्तरीय समिति के सामने टीएमसी ने रखी अपनी बात

# एक राष्ट्र-एक चुनाव तानाशाही लाने का एजेंडा

नई दिल्ली, एजेंसी

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के प्रतिनिधिमंडल ने एक राष्ट्र, एक चुनाव की संभावना तलाशने के लिए गठित समिति से मंगलवार को कहा कि यह भारत में तानाशाही लाने का एक गुप्त एजेंडा है। टीएमसी के नेता सुदीप बंद्योपाध्याय और कल्याण बनर्जी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की बैठक में शामिल हुए।

कल्याण बनर्जी ने बैठक के बाद कहा कि उन्होंने ममता बनर्जी के लिखे एक पत्र का जिक्र करते हुए एक राष्ट्र, एक चुनाव' के विचार का विरोध किया। उन्होंने कहा यह भविष्य में तानाशाही सरकार बनाने का एक गुप्त एजेंडा है।




### संविधान के प्रावधानों में नहीं होना चाहिए हस्तक्षेप

कल्याण बनर्जी ने कहा कि पहले पूरे भारत में व्यावहारिक रूप से दो राष्ट्रीय राजनीतिक दल थे। अब अनेक क्षेत्रीय दल हैं। संविधान स्वयं कहता है कि जहां तक राज्य विधायिका का सवाल है, यह जनता की इच्छा है कि वह पांच साल के लिए अपनी सरकार चुने। इसी तरह लोग पांच साल के लिए केंद्र सरकार चुनेंगे। ये दो प्रावधान संविधान की मूल संरचना हैं। इन प्रावधानों में हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता।

शक्नोतीहैव य : सोढुं प्राक्शरीरविमोक्षणात् ।
कामक्रोधोद्भवं वेगं स युक्त : स सुखी नर : ॥

जो साधक इस मनुष्य शरीर में, शरीर का नाश होने से पहले-पहले ही काम-क्रोध से उत्पन्न होने वाले वेग को सहन करने में समर्थ हो जाता है, वही पुरुष योगी है और वही सुखी है।

## संपादकीय

# राज्यों के लिए उदाहरण

समान नागरिक संहिता (यूसीसी) भारत में एक अत्यधिक विवादित और राजनीतिक रूप से ज्वलंत मुद्दा रहा है। यूसीसी का उल्लेख भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में किया गया है, जो राज्य के नीति निर्देशक तत्व का अंग है। इस दृष्टि से राजनीति की सभी धाराएं इस बात पर एकमत रही हैं कि देश में सभी पंथों, आस्थाओं से जुड़े लोगों पर एक ही तरह के कानून लागू होने चाहिए। इसे व्यवहार में लाने पर अगर असहमति रही तो उसका आधार यह था कि किसी समूह को ऐसा नहीं लगना चाहिए कि उसे उसकी आस्था या संस्कृति से जबरन अलग किया जा रहा है। मंगलवार को उत्तराखंड विधानसभा में बहुप्रतीक्षित यूसीसी विधेयक पेश कर दिया गया। माना जा रहा है कि उत्तराखंड में यूसीसी सफलतापूर्वक लागू हो गई तो वह दूसरे राज्यों के लिए एक उदाहरण बन सकती है। गोवा में पुर्तगाली शासन के दिनों से ही यूसीसी लागू है। असम और गुजरात जैसे राज्य भी उत्तराखंड वाले मॉडल पर ही समान आचार संहिता को लागू करने की तैयारी में हैं। यूसीसी पर अधिनियम बनाकर में लागू करना 2022 में हुए विधानसभा चुनावों के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा जनता से किए गए प्रमुख वादों में से एक था। वर्ष 2000 में अस्तित्व में आए उत्तराखंड में भाजपा ने लगातार दूसरी बार जीत दर्ज कर इतिहास रचने के बाद मार्च 2022 में सत्ता संभालने के साथ ही मंत्रिमंडल की पहली बैठक में यूसीसी का मसौदा तैयार करने के लिए विशेषज्ञ समिति के गठन को मंजूरी दे दी थी। यूसीसी का कुछ लोगों द्वारा राष्ट्रीय अखंडता और लैंगिक न्याय को बढ़ावा देने के एक तरीके के रूप में समर्थन किया जाता है तो कुछ लोगों द्वारा इसे धार्मिक स्वतंत्रता और विविधता के लिए खतरा बताकर विरोध किया जाता है।

इधर भाजपा ने इस मुद्दे को जोरदार ढंग से उठाया है। न्यायपालिका की तरफ से भी बार-बार इसे लागू करने की जरूरत बताई जा रही है। ऐसे में यह माना जा सकता है कि देश में इसे लेकर जागरूकता हाल के दिनों में बढ़ी है। यूसीसी सभी नागरिकों के बीच एक समान पहचान और अपनेपन की भावना पैदा करके राष्ट्रीय एकता एवं धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा देगी। इससे विभिन्न पर्सनल लॉज़ के कारण उत्पन्न होने वाले सांप्रदायिक और पंथ-संबंधी विवादों में भी कमी आएगी। यह सभी के लिए समानता, बंधुता और गरिमा के संवैधानिक मूल्यों को भी संपुष्ट करेगी। बहरहाल, राज्य सरकार की यह एक बड़ी पहल है और इस पर अमल की प्रक्रिया ही नहीं, इसके नतीजों पर भी पूरे देश की नजरें रहेंगी। चूंकि एकता एकरूपता से अधिक महत्वपूर्ण है।

# गाजा युद्धः फिलहाल विश्व शांत पर समस्या विकट



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

हालांकि कुछ जल शोधकर्ता चेतावनी दे रहे हैं कि सुरंगों में समुद्री पानी भरने से गाजा की पहले से ही दुर्लभ पीने के पानी की आपूर्ति पर विनाशकारी प्रभाव पड़ सकता है और इमारतें अस्थिर हो सकती हैं। ऐसी भी चिंताएं हैं कि सुरंगों में पानी भर जाने से शेष बचे लगभग 130 इजरायली बंधकों में से कई खतरे में पड़ सकते हैं।

इजराइल-हमास युद्ध का सौवां दिन भी कब का बीत चुका। खबरों की दुनिया ने तो एक नए विश्व युद्ध की आशंका जता दी थी। इस्लामिक देशों के संगठन ने भी खूब बंदर घुड़की दी। मगर अब लगता है सारा प्रतिरोध खत्म है। जब 7 अक्टूबर 2023 को हमास के लड़ाकों ने इजरायल पर हवाई और जमीनी हमला किया था, उसके तत्काल बाद ही इजरायल ने हमास के खिलाफ ऐसा युद्ध छेड़ा कि गाजा का एक हिस्सा मानो कब्रिस्तान बन गया। युद्ध में लंबे समय तक बंधकों पर संकट के साथ ही घटनाओं में विनाशकारी मोड़ आते गए हैं। दुनिया अपनी गति से चल रही है। इस भयावक युद्ध को विश्व ने जैसे अनदेखा कर दिया हो। इजराइल मानो आतंकवाद को निर्मूल करने के अपने संकल्प पर अडिग है।

अब नई और पुष्ट खबर है कि इजराइल की सेना ने 'आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निष्क्रिय' करने के अपने प्रयास में गाजा पट्टी के नीचे हमास द्वारा निर्मित सुरंगों में 'उच्च प्रवाह' के साथ समुद्री जल डालना शुरू कर दिया है। वैज्ञानिक जर्नल नेचर के हालिया अंक के मुताबिक 30 जनवरी को, इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने पुष्टि की है कि गाजा पट्टी के नीचे सुरंगों में 'बाढ़ की योजना'-एक रणनीति जो वस्तुतः दिसंबर से अफवाहों का विषय रही है, कई अज्ञात स्थानों पर लागू की जा रही है। आईडीएफ के बयान में कहा गया है कि यह कदम एक 'महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग और तकनीकी सफलता' है मगर ऐसी सुरंगों को ही चुना गया है जिससे क्षेत्र में पीने वाला भूजल संदूषित न हो।

हालांकि कुछ जल शोधकर्ता चेतावनी दे रहे हैं कि सुरंगों में समुद्री पानी भरने से गाजा की पहले से ही दुर्लभ पीने के पानी की आपूर्ति पर विनाशकारी प्रभाव पड़ सकता है और इमारतें अस्थिर हो सकती हैं। ऐसी भी चिंताएं हैं कि सुरंगों में पानी भर जाने से शेष बचे लगभग 130 इजरायली बंधकों में से कई खतरे में पड़ सकते हैं, जिन्हें 7 अक्टूबर 2023 के हमलों में हमास द्वारा अपहरण कर लिया गया था। बंधकों के स्थान अज्ञात बने हुए हैं, लेकिन एक शोधकर्ता की जब नेचर से बात हुई तो उनका कहना है कि उन्हें संदेह है कि बाढ़ का प्रभाव सीमित होगा, क्योंकि गाजा का भूजल पहले से

कुछ वैज्ञानिकों का कहना है कि तट के नजदीक के क्षेत्रों का पानी स्रोत पहले से ही खारा है और पीने योग्य जल का बड़ा हिस्सा पहले से ही अनियमित सीवेज सिस्टम, उर्वरकों और अन्य चीजों से दूषित हो चुका है। उनका यह भी मानना है कि इजराइल की योजना का सीमित प्रभाव हो सकता है। क्योंकि वहां की आतंकवादियों की शरणगाह बने सुरंग नेटवर्क "न्यूयॉर्क या लंदन की तरह एक बड़ी मेट्रो योजना नहीं है, बल्कि आइसोलेटेड हैं। सुरंगों पर शुरू यह बहस वैसे तो उस समस्या पर प्रकाश डालती है, जो इस नए समुद्री जल प्रवेश के शुरू होने से पहले मौजूद थी।

ही समुद्री जल से दूषित है। सबसे बड़ी चिंताओं में से एक यह है कि सुरंगों में बाढ़ के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला समुद्री जल महत्वपूर्ण तटीय भूजल को दूषित कर देगा, जो गाजा, मिस्र और इजराइल के बीच स्थित है और गाजा को लगभग 80 प्रतिशत पानी की आपूर्ति करता है।

जल इंजीनियर और स्विट्जरलैंड में जिनेवा वॉटर हब के महानिदेशक मार्क जिटौन का कहना है कि गाजा के पीने के पानी का मुख्य स्रोत दूषित हो रहा है। उनके अनुसार यदि आप पीने के पानी के स्रोत में खारा पानी डालते हैं तो यह प्रदूषणकारी है, जहरीला है। जिटौन आगे कहते हैं कि ऐसी संभावना है कि समुद्री जल, एक बार सुरंगों में डालने के बाद, आसानी से नियंत्रण के बाहर चला जाएगा। 'यदि आप सुरंगों को पानी से भरने का प्रयास करते हैं तो मैं मानता हूं कि उन्हें पानी रखने के लिए पर्याप्त रूप से सील नहीं किया गया है। पानी बहकर पीने के जलस्रोत में चला जाएगा,' वह कहते हैं। एन-नजाह नेशनल यूनिवर्सिटी के भूगोलवेत्ता अहमद रफत भी इस बात से सहमत हैं कि खारे पानी से पीने योग्य जलस्रोतों (एक्विफर) के अपूर्णीय रूप से दूषित होने की संभावना है। यदि वे इन सुरंगों में समुद्री जल से बाढ़ लाते हैं तो समुद्री जल भूवैज्ञानिक स्तर में एक्विफर की ओर प्रवेश करेगा। इस तरह की कार्रवाई से गाजा में जीवन के सभी पहलुओं पर गंभीर परिणाम होंगे - कृषि पर, मिट्टी पर, बुनियादी ढांचे पर आदि पर भी। समुद्री जल सिंकहोल बना सकता है, जो इमारतों की नींव को भी अस्थिर कर सकता है।

जलविज्ञानी नोम वीस्ब्रोड, जो इजराइल के नेगेव के बेन-गुरियन विश्वविद्यालय में जैकब ब्लास्टीन इंस्टीट्यूट फॉर डेजर्ट रिसर्च के डीन हैं, का कहना है कि जो लोग चिंतित हैं कि संपूर्ण तटीय एक्विफर अपूरणीय रूप से दूषित हो जाएगा, वे शायद बाढ़ के प्रभावों को कम आंक रहे हैं। वे कहते हैं, 'मुझे यकीन नहीं है कि पर्यावरणीय जोखिम उतना चरम है जितना लोग विश्वास करना चाहते हैं।' उन्होंने आगे कहा कि बाढ़ का प्रभाव इस बात पर निर्भर करेगा कि प्रभावित सुरंगें कहां स्थित हैं। वाटर जर्नल में प्रकाशित 2020 के एक अध्ययन के अनुसार गाजा के तटीय एक्विफर का जल स्तर पूर्व में सतह से लगभग 60 मीटर नीचे से लेकर समुद्र तट के पास कुछ मीटर गहराई तक है। इनसे जितना पानी प्राकृतिक रूप से ताजे पानी द्वारा प्रतिस्थापित किया जा सकता है, उससे अधिक निकाला जा रहा है और परिणामस्वरूप एक्विफर्स में पहले से ही समुद्री जल का प्रवेश करता रहा है।

कुछ वैज्ञानिकों का कहना है कि तट के नजदीक के क्षेत्रों का पानी स्रोत पहले से ही खारा है और पीने योग्य जल का बड़ा हिस्सा पहले से ही अनियमित सीवेज सिस्टम, उर्वरकों और अन्य चीजों से दूषित हो चुका है। उनका यह भी मानना है कि इजराइल की योजना का सीमित प्रभाव हो सकता है, क्योंकि वहां की आतंकवादियों की शरणगाह बने सुरंग नेटवर्क "न्यूयॉर्क या लंदन की तरह एक बड़ी मेट्रो योजना नहीं है, बल्कि आइसोलेटेड हैं। सुरंगों पर शुरु यह बहस वैसे तो उस समस्या पर प्रकाश डालती है, जो इस नए समुद्री जल प्रवेश के शुरू होने से पहले मौजूद थी। गाजा में साफ पानी की पहले से ही कमी है। 2020 में संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों ने अनुमान लगाया कि केवल 10 प्रतिशत आबादी के पास ही सुरक्षित पेयजल तक पहुंच थी। कुछ पानी इज़राइल और मिस्र द्वारा पहुंचाया जाता रहा है। यूरोपीय संघ द्वारा वित्त पोषित 10 मिलियन डालर का समुद्री जल अलवणीकरण संयंत्र 2017 में गाजा में खोला गया था, लेकिन संभवतः यह बिजली की आपूर्ति के बिना काम नहीं कर सकता है। युद्ध से पहले, गाजा की लगभग आधी बिजली इजराइल से आती थी, लेकिन अक्टूबर में, इजराइली सरकार ने आपूर्ति बंद कर दी। युद्ध के कारण लगभग 1.9 मिलियन लोग विस्थापित हो गए हैं जिनमें से कई लोग दक्षिणी गजान शहर राफा में तंबू में या सड़कों पर रह रहे हैं। जनवरी में मूसलाधार बारिश के बाद कई लोग पीने का पानी बर्तनों और बाल्टियों में इकट्ठा कर रहे हैं। अन्य लोग टैंकर ट्रकों से पानी खरीदते हैं, क्योंकि एक्विफर से निम्न गुणवत्ता वाला पानी ही निजी कंपनियों द्वारा अलवणीकृत किया गया है। इजराइल के अरावा घाटी में अरावा इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एनवायरनमेंट स्टडीज में सेंटर फॉर एप्लाइड एनवायरनमेंट डिप्लोमेसी के निदेशक डेविड लेहरर कहते हैं कि जब युद्ध समाप्त हो जाएगा, तो इजराइल और गाजा को बेहतर जल भविष्य के लिए योजना बनाना शुरू करना होगा।

2023 में इजराइली कंपनी वॉटरजेन, सामुदायिक विकास के लिए फिलिस्तीनी गैर-सरकारी संगठन दामूर और इजराइली नागरिक प्रशासन के साथ साझेदारी के माध्यम से, अरावा इंस्टीट्यूट गाजा में नगर पालिका स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों में पांच सौर ऊर्जा संचालित वायुमंडलीय जल जनरेटर स्थापित करेगा। अरावा इंस्टीट्यूट के अनुसार ये आर्द्रता को ग्रहण करके संघनित करके और फिल्टर करके प्रतिदिन लगभग 900 लीटर स्वच्छ पेयजल उत्पन्न कर सकते हैं। यह पहल और ऑफ-ग्रिड अपशिष्ट जल उपचार जैसे अन्य अंतरिम उपाय, 'आशा की एक किरण प्रदान करेंगे कि अंततः स्थिति में सुधार होगा'। फिलहाल तो समस्या विकट है और विश्व शांत है।

## प्रसंगवश

# अवगुन कहूं शराब का

शराब ने कैसे-कैसे गुल खिलाए हैं, कहने की जरूरत नहीं। न जाने कितने नामचीन हस्तियों को इसने बरबाद किया। नाम गिनाऊं तो अभी याद आ रहे हैं गायक और अभिनेता सहगल, गायिका गीता दत्त, नायिका मीना कुमारी, संगीतकार जयकिशन और मदनमोहन, गीतकार शैलेन्द्र, शायर मजाज, अंग्रेज कवि डायलन टामस, कहानीकार ओ हेनरी, उपन्यासकार स्कॉट फिजराल्ड जिन्हें शराब ने अल्पायु में ही दुनिया से विदा कर दिया। देश में हर साल इस शराबखोरी के चलते सैकड़ों मर रहे हैं।

मेरे एक परिचित बैंककर्मी थे। राम जाने कब और कैसे शराब की लत उनको लगी? रिटायरमेंट के बाद उनकी स्थिति यह थी कि शराब के चक्कर में अपने तमाम परिचितों से किसी न किसी बहाने पैसा ले चुके थे। शराबखोरी ने इस हद तक उनको बेशर्म बना दिया था कि किसी परिचित के घर अहले सुबह पहुंच जाते और पत्नी की बीमारी के नाम पर पैसा मांगते। बीमारी, वह भी पत्नी को, तो कोई इंकार कैसे करता? धीरे-धीरे लोगों को इसका पता चला तो उनको बाहर पैसा मिलना बंद हो गया। खुशकिस्मती से अब वे शराब छोड़ चुके हैं।

शराब की प्रशंसा में गीतों की भरमार है। साहित्य में ईश्वर, प्रेम, प्रकृति और शराब चिरकालीन विषय वस्तु रहे हैं। ऋग्वेद में सोमरस का गुणगान है। उर्दू शायर तो शराब के लिए खुदा और जन्नत से भी तौबा कर लें। उनकी कलम में शराब की स्याही रहती है। हिन्दी के हरिवंश राय बच्चन ने एक पूरी किताब "मधुशाला" शराब और शराबियों का गुणगान करते लिख डाली।



राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

शराब की इतनी बढ़ाई और बड़े बड़े लोगों में इसके पीने की चर्चाएं सुनकर एक बार मुझे भी इच्छा हो आई कि जरा मैं भी चखकर देखूं। सो एक बोतल ले आया। कौन ब्रांड था, नाम नहीं याद आ रहा। खैर बोतल खोली और थोड़ा सा हलक में ले गया। इतना खराब और इतना कड़वा लगा मानों सूअर या गंदे नाले में लोट-पोट करने वाले ऐसे ही किसी अन्य जानवर का पेशाब हो। तुरंत ब्रश किया, इलायची दाना खाया, सौंफ खाया। घंटों बाद मन ठीक हुआ। बोतल नाली में फेंक आया। ऐसा नहीं है कि शराब के खिलाफ नहीं लिखा गया। बहुत कुछ लिखा गया है। कबीर ने पांच सौ साल पहले चेतायाः अवगुन कहूं शराब का, आपा अहमक साथ। मानुष से पशुआ करे, दाय गांठ से खात॥


शेक्सपियर के शब्द हैंः ओ शराब की अदृश्य आत्मा, अगर तेरा कोई ज्ञात नाम न हो तो तुझे हम 'शैतान' के नाम से पुकारें। हे ईश्वर! आदमी अपने मुंह में एक बैरी रख ले जो उसकी बुद्धि का ही अपहरण कर ले! कि हम हंसते, गाते, उत्सव मनाते, तालियां बजाते खुद ही अपने आपको जानवर में बदल डालें। (ऑथेलो)

टॉलस्टाय की एक कहानी है-द इंप एंड द पीजेंट्स क्रस्ट। कहानी का सार है कि शराब शैतान का आविष्कार है जिसे बनाने के लिए उसने पहले लोमड़ी का खून लिया, फिर उसमें भेंडिया का खून डाला और अंत में उसमें सूअर का खून मिलाया। सो इस प्रकार तीन निकृष्ट जानवरों के खून के मिश्रण से शराब बनी। इसलिए आदमी जब शराब का पहला पेग पीता है तो शुरू में लोमड़ी की तरह मीठी-मीठी बातें करता है, दूसरे पेग के साथ वह भेड़िया की तरह गुर्राना शुरू करता है, तीसरा पेग उसको सूअर में बदल देता है और वह कहीं नाले में पड़ा पाया जाता है।

सत्ताधारी भी चाहते हैं कि आम आदमी बेसुध होकर नाले में पड़ा रहे और वे चैन से राज करते रहें।

शराब की इतनी बढ़ाई और बड़े-बड़े लोगों में इसके पीने की चर्चाएं सुनकर एक बार मुझे भी इच्छा हो आई कि जरा मैं भी चखकर देखूं। सो एक बोतल ले आया। कौन ब्रांड था, नाम नहीं याद आ रहा। खैर बोतल खोली और थोड़ा सा हलक में ले गया। इतना खराब और इतना कड़वा लगा मानों सूअर या गंदे नाले में लोट-पोट करने वाले ऐसे ही किसी अन्य जानवर का पेशाब हो। तुरंत ब्रश किया, इलायची दाना खाया, सौंफ खाया।

# महाभारत काल से है प्रयाग की प्रतिष्ठा



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

तुलसी बाबा ने 'को कहि सकहि प्रयाग प्रभाऊ' कहते हुए तीर्थराज की महिमा में लिखा है कि सचिव सत्य श्रद्धा प्रिय नारी, माधव सरिस मितु हितकारी।

भारतीय संस्कृति की विशिष्टता प्रकृति के साथ तादात्म्य है। भारतीय मानस में गंगा-यामुना जैसी नदियों के प्रति आस्था का स्वरूप भौतिक और आध्यात्मिक रहा है। इन नदियों के साथ हमारी देवी प्रगाढ़ता में कभी व्यवधान नहीं आया, हमारे साथ इनका जीवित संबंध रहा है। माघ मकरगत जब रवि होई, तीरथपतिहिं आब सब कोई, तीर्थराज प्रयाग के आस्थामय इस अमृत महोत्सव में ऋषियों, महर्षियों, पुरावेत्ताओं, धर्माधिकारियों, दार्शनिकों सहित समाज के अंतिम व्यक्ति की उपस्थिति का दर्ज होना किसी अंधश्रद्धा की परिणति मात्र नहीं कहा जा सकता।

यह सहस्त्रों वर्ष की वह निरंतरता है जिसके मूल में गंभीर शास्त्रीय एवं वैज्ञानिक मंतव्य अंतर्निहित हैं। प्रयाग के संगम तट पर जुड़ने वाले इस मेले ने भारत की उस सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध किया है, जिस धरोहर ने प्रकृति के प्रत्यक्ष स्वरूप से ज्ञान और चेतना में सामंजस्य स्थापित कर ऐसी संस्कृति विकसित की जिसमे ज्ञाता ज्ञान की विवेचना करके उसे परिष्कृत विचारों और भावनाओं के माध्यम से वास्तविक व्यवहारों में संप्रेषित करता रहा है। इस सांस्कृतिक विरासत के कारण भारत अपने जिस गौरव की पराकाष्ठा के लिए विख्यात है, वह गौरव समृद्ध ज्ञान और समरसता का अमृतत्व है जिससे भारतीय मन और भारतीय आदर्श सदाशयता व आत्म बलिदान की भूमि पर पुष्पित पल्लवित हुआ।

परंपरागत भारतीय समाज की आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक व्यवस्थाएं, जिन शाश्वत सिद्धांतों पर आधारित हैं, वे किसी न किसी रूप में प्रकृति से जुड़ी हुई हैं। प्राणदायिनी विशाल नदियां, पर्वत और वन ऐसे पुण्यप्रद दिव्य स्थल रहे हैं, जो ऋषियों, महर्षियों और महापुरुषों के अपूर्व धैर्य, साहस, पुण्य और सौख्य के अनेक प्रसंगों के माध्यम से निरंतर चेतना का संचार करते रहे हैं। ये विशिष्ट स्थल अपनी पवित्रता के कारण तीर्थ कहलाए, तरति अनेन इति तीर्थं अर्थात जिसके द्वारा मनुष्य इस अपार संसार से तर जाए।

युगों से भारत की सांस्कृतिक एकता को बनाए रखने में तीर्थ स्थानों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कई राज्यों में विभाजित अनेक जातियों में बंटा हुआ, संकीर्णताओं में फंसा हुआ भारतवासी यदि कहीं आध्यात्मिक चेतना प्राप्त करता है तो वे तीर्थस्थल हैं। इन तीर्थस्थलों में धर्म और अध्यात्म के समागम ने क्षुद्र मानव में न केवल उच्चतर नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों का संचरण किया, बल्कि उत्तर-दक्षिण, पूर्व-पश्चिम की सांस्कृतिक विविधताओं को एक स्थल पर बैठा दिया।

भारत के तीर्थों में प्रयाग की प्रतिष्ठा महाभारत काल से ही तीर्थराज के रूप में होती रही है। वन पर्व में उल्लेख है कि प्रजापति ब्रह्मा ने यहां प्राचीन काल में यज्ञ किया इसी से यज धातु से प्रयाग बना। स्कंद पुराण में प्रयाग का अर्थ यागेभ्यः प्रकृष्टह अर्थात् जो यज्ञों से बढ़कर है। अथवा प्रकृष्ट यागेभ्यः अर्थात् जहां उत्कृष्ट यज्ञ है के रूप में किया गया है। ब्रह्मपुराण में प्रयाग को प्रकृष्टता के कारण तीर्थराज कहा गया है। प्रयाग ब्रह्मा की वेदियों में बीच वाली वेदी है। अन्य वेदियों में कुरुक्षेत्र उत्तर वेदी है तथा गया पूर्व वेदी है। महाभारत में तीर्थराज प्रयाग को पवित्रतम और श्रेष्ठतम बताते हुए सोम, वरुण और प्रजापति का जन्मस्थान कहा गया है।

तुलसी बाबा ने को 'कहि सकहि प्रयाग प्रभाऊ' कहते हुए तीर्थराज की महिमा में लिखा है कि सचिव सत्य श्रद्धा प्रिय नारी, माधव सरिस मितु हितकारी। चारि पदारथ भरा भंडारु, पुन्य प्रदेश देसअति चारु।। अर्थात् तीर्थराज प्रयाग का मंत्री सत्य है, श्रद्धा उनकी प्यारी स्त्री है तथा माधव सरीखे हितैषी मित्र हैं। तीर्थराज का भंडार चार पदार्थ -अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष से भरा हुआ है। यह पुण्य प्रदेश बहुत सुंदर है। शास्त्रों में कहा गया है कि प्रयाग क्षेत्र का विस्तार परिधि में पांच योजन है और ज्यों ही कोई इस क्षेत्र में प्रवेश करता है उसके प्रत्येक पद पर अश्वमेध का फल मिलता है। प्रयाग की प्रधानता और इसका तीर्थराज होना इसलिए है कि यह एक साथ वैष्णव, शैव और शाक्त क्षेत्र है तथा ऋषि, नाग, बौद्ध, जैन, योग, सितासित क्षेत्र और त्रिवेणी क्षेत्र है।

अज्ञः सुविज्ञाः प्रभावोपिज्ञाह सप्त स्विप्द्धाह सुकृतान भिज्ञा। विज्ञापयांतः सततं हि काले स तीर्थराजो जयति प्रयागः।। अर्थात् मुर्ख, पंडित, स्वामी यज्ञ, ज्ञानी तथा समस्त वर्गों के पुण्यवान जिनके यश का निरंतर विज्ञापन करते रहते हैं ऐसे तीर्थराज प्रयाग की जय।

## सोशल फोरम

# कलियुग की संकल्पना

जिस युग में हम जी रहे हैं, वह कलियुग के नाम से जाना जाता है। लोगों में यह धारणा बद्धमूल है कि सृष्टि के आरंभ में सतयुग था। उसके बाद त्रेता, फिर द्वापर आया। उसके बाद कलियुग। इन चारों युगों को गलत ढंग से समझा गया है।

दरअसल ये चारों युग काल सूचक न होकर चार प्रकार के लोगों और चार प्रकार की मानसिक दशाओं के सूचक हैं। ठीक उसी तरह जैसे ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र हैं। ये भी चार जातियां नहीं हैं। चार प्रकार की मनोवृत्तियां हैं। ज्ञानार्जन में रुचि रखने वाला ब्राह्मण, लड़ने-भिड़ने और राजनीति में रुचि रखने वाला क्षत्रिय, धनोपार्जन में तत्पर रहने वाला वैश्य और सेवा में लीन रहने वाला शूद्र है।




मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

चारों के मान बराबर हैं। इनमें कोई बड़ा-छोटा नहीं। जिस तरह उपर्युक्त चारों प्रकार के लोग हर युग में पाए जाते हैं, उसी तरह चारों युग हर समय विद्यमान रहते हैं। ऐसा नहीं कि आज कलियुग है और सृष्टि के आरंभ में कलियुग नहीं था। ऐसा भी नहीं कि आज सतयुग नहीं है। कलियुग एक प्रवृत्ति है। दूसरों के धन और दूसरों की स्त्रियों का अपहरण करने वाला, अकारण दूसरों को सताने वाला, झूठ-फरेब, नशा-सेवन, चोरी और हिंसा में संलग्न रहने वाला कलियुगी व्यक्ति कहलाता है। ऐसा व्यक्ति जिसे हम सतयुग कहते हैं, उसमें भी था। सत्य हरिश्चंद्र के साथ छल करने वाला सतयुग में ही था। राम त्रेता में हुए। रावण तो उन्हीं के समय में था। कंस तो द्वापर में ही था।

इसलिए इस धारणा पर पुनर्विचार करना चाहिए कि कलियुग का संबंध वर्तमान युग से है। मेरे इस चिंतन का समर्थन वाल्मीकि रामायण से भी होता है। बालकांड में एक श्लोक मिलता है-आसीत् पुरा कलियुगे कलिको नाम लुब्धकः। परदारपरद्रव्यहरणे सततं रतः।। अर्थात् प्राचीन कलियुग में एक कलिक नामवाला व्याध रहता था। वह सदा परायी स्त्री और पराये धन के अपहरण में ही लगा रहता था। स्पष्ट है कि प्राचीन काल में भी कलियुग था। कलियुग कोई आज की संकल्पना नहीं है। वह केवल आज का युग नहीं है। कलियुग सदा से रहा है। यही सत्य शेष तीन युगों के साथ भी है। -फेसबुक वॉल से

# भयावह नहीं, आनंददायी हों परीक्षा यात्राएं



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

अगर कोई बच्चा इस यात्रा में असफल घोषित किया जाता है तो उसके व्यक्तित्व में कुछ ऐसा बुझ जाता है कि जिसे रौशन करना बहुत कठिन हो जाता है।

प्रथम दृष्टया वह बच्चा एकदम संतुलित था। विद्यालय में नियमितता हो अथवा अन्य क्रियाकलापों में सहभागिता, पर परीक्षा के दिनों में अनुपस्थित। मौजूदा विद्यालय में उसका नव प्रवेश था। अतः उसके व्यवहार से जुड़ा कोई पुराना रिकॉर्ड भी न था। माता-पिता से बात की गई तो हैरान करने वाली बात सामने आई। शिक्षा के शुरुआती दिनों में किसी परीक्षा में फेल कर दिए जाने का असर उसके अवचेतन में परीक्षा का भय बनकर व्याप्त था। यही कारण था कि वह परीक्षा के दिनों में अक्सर बीमार हो जाता था और परीक्षा से अनुपस्थित। उस बच्चे के साथ हुए इस वाकये ने परीक्षा प्रक्रियाओं से संबंधित कई स्थापित मान्यताओं और विचारों पर पुनर्विचार को बाध्य कर दिया। जैसे कि परीक्षा का स्वरूप क्या हो, मूल्यांकन का प्रारूप क्या हो तथा बच्चों से परिणाम साझा किए जाने के तरीके क्या हों?

परीक्षाएं आते ही बच्चों को परीक्षा से भय, तनाव जैसे मुद्दों पर नसीहतें और ज्ञान देने वालों की झड़ी लग जाती है। शिक्षाविद, काउंसलर, आहार-विहार विशेषज्ञ, योगाचार्य से लेकर तमाम प्रबुद्ध सलाहकार विद्यार्थियों को परीक्षा के भय से मुक्ति का मार्ग सुझा रहे होते हैं। निश्चित ही उक्त सभी यह मान रहे होते हैं और इसी पक्ष में माहौल भी बना रहे होते हैं कि 'परीक्षा सचमुच एक भय है', परवास्तव में यह भय ही है या कुछ और कोई भी इसकी तह में नहीं जाना चाहता। विद्यालय स्तर पर आयोजित परीक्षा किसी भी बच्चे के जीवन में प्रथमतः वह प्रक्रियागत औपचारिक चरण होती है, जो उसे सफल या असफल साबित करती है। इस प्रक्रिया में कदाचित उन कारणों पर चर्चा नहीं की जाती कि कोई बच्चा किस वजह से सफल या असफल रहा। जबकि परीक्षा के परिणाम से कहीं ज्यादा जरूरी यह होता है कि बच्चे की मनःस्थिति और त्रुटियों के कारणों को समझकर उनमें सुधार का मौका तब तक दिया जाए जब तक कि वह स्वयं को सफल साबित न कर दे। बार-बार अपने द्वारा किए गए प्रयासों का आंकलन करते हुए आगे बढ़ने से बच्चे को जो संतुष्टि और प्रेरणा मिलती है वह उसके भविष्य का ठोस आधार और आकार बनती है। दुर्भाग्य से कुछ अपवादों को छोड़कर परीक्षा के बाद के इस जरूरी पक्ष पर ध्यान नहीं दिया जाता और असफल साबित किए गए बच्चे के मन में परीक्षा एक हौवा या भय का भूत बनती जाती है।

शिक्षक का दायित्व केवल ज्ञान प्राप्ति में सहायक होना ही नहीं, बल्कि बच्चों में यह विश्वास जगाना भी है कि उनमें अपार अंतर्निहित क्षमताएं हैं तथा उनमें न केवल विद्यालय, बल्कि जीवन की हर परीक्षा में सफल होने की काबिलियत है। किसी भी विद्यालय में बच्चों की शिक्षा तो सामूहिक होती है, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर वे अपने ज्ञान की रचना स्वयं करते हैं। इस दौरान बच्चों की सफलता उनका अधिकार है और इस बात की सगर्व अनुभूति भी कि वह इस पथ पर अपेक्षित उद्देश्यों को हासिल करते हुए आगे बढ़ रहे हैं।

अगर कोई बच्चा इस यात्रा में असफल घोषित किया जाता है तो उसके व्यक्तित्व में कुछ ऐसा बुझ जाता है कि जिसे रौशन करना बहुत कठिन हो जाता है। परिमाणतः वह शिक्षण प्रक्रियाओं व परिवेश के प्रति उदासीन हो जाता है, अपनी शक्ति व योग्यता में विश्वास खो बैठता है तथा हताशा, निराशा और कुंठा के गहन अंधियारों की और मुड़ जाता हैं। जहां से लौटना असंभव तो नहीं, लेकिन मुश्किल जरूर होता है। अध्ययनकाल में सफलता का अनुभव बच्चे के मनोबल को बढ़ाने का सबसे महत्वूर्ण कारक है। इस मनोबल से उसे भविष्य में आगे बढ़ने और कठिन चुनौतियों का सामना करने की शक्ति मिलती है। अगर ऐसा नहीं हो पा रहा तो सीधे-सीधे इसका जिम्मेदार वह प्रणाली और प्रक्रियाएं होती हैं, जो उसके माथे पर असफलता का ठप्पा लगा रही हैं। क्योंकि कोई भी बच्चा विद्यालय में असफल होने के लिए नहीं आता। ऐसा कभी नहीं होने देना चाहिए कि बच्चों के परीक्षा परिणाम उनके भावी जीवन की बेड़ियां बन जाएं। जरूरी यह है कि बच्चों की बालसुलभ जिज्ञासाओं का समुचित समाधान करते हुए उन्हें गर्व, आत्मसम्मान और सफलतापूर्वक निर्धारित लक्ष्य तक पहुंचने में सहयोगी हुआ जाए।

परीक्षा को किन्हीं निर्धारित समयों पर आयोजित कार्यक्रम के बजाय दैनिक शिक्षण योजनाओं का अभिन्न अंग बनाया जाए जिसमें बच्चे बिना किसी तनाव के स्वआंकलन करते हुए अपेक्षित अधिगम परिणामों को प्राप्त करें, जो बच्चा एक बार अपने मन और मस्तिष्क को पूर्णतः सक्रिय करते हुए लक्ष्य प्राप्ति का सफर तय करता है। वह जीवन में वैध एवं नैतिक तरीकों से सफलता हासिल करने के सूत्र को भी जान लेता है। विद्यार्थियों में यह एहसास जगाना आवश्यक है कि सफलता निरंतर प्रयत्न करने, लक्ष्य के प्रति एकाग्रचित्त रहने प्राप्त होती है। इस संबंध में विद्यालय स्तर पर संवाद कार्यक्रम विशेष प्रभावी होंगे। बच्चे सीखने और सफल होने की जन्मजात शक्तियों के साथ विद्यालय आते हैं। इन शक्तियों को तलाशना और तराशना विद्यालय का प्रमुख दायित्व होता है। यह एक अनगढ़ शिलाखंड से तराशी हुई प्रतिमा हो जाने का सफर है। परीक्षाएं इस सफर में अहम पड़ाव हैं। इस सफर को सहज, सुगम और आनंददायी ही होना चाहिए, डरावना नहीं।

# बेसिक स्कूलों में 85,152 पद खाली, भर्ती का प्रस्ताव नहीं

## बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह के जवाब से कई साल से सुपरटेट का इंतजार कर रहे युवाओं को झटका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में खाली पदों की संख्या 85 हजार 152 है, लेकिन सरकार के पास अभी तक इन पदों पर भर्ती का कोई प्रस्ताव नहीं है। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह के इस जवाब से टेट और सीटेट करके सुपरटेट की परीक्षा के जरिए शिक्षक बनने की तैयारी कर रहे लाखों युवाओं को झटका लगा है। मंत्री ने यह भी तर्क रखा है कि परिषदीय स्कूलों में 1,47,766 शिक्षामित्रों के जरिए 21 बच्चों पर एक अध्यापक का अनुपात भी दुरूस्त है।

विधानसभा में मंगलवार को प्रश्न प्रहर के दौरान सपा विधायक अनिल प्रधान और अभय सिंह के अगल-अलग सवालों के जबाव में बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि उप्र बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में स्वीकृत पद 4,17,886 के सापेक्ष प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापक के 85,152 पद रिक्त हैं। परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में नामांकित छात्र संख्या 1,05,06,379 हैं, और कार्यरत अध्यापकों की संख्या 3,32,734 है। इस प्रकार छात्र-शिक्षक अनुपात 31:1 (31 छात्र पर एक शिक्षक) है। मंत्री ने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षामित्रों की संख्या 1,47,766 को सम्मिलित करते हुए छात्र-शिक्षक अनुपात 21:1 है, जो मानक के अनुसार पूर्ण है।

एक अन्य सवाल के जवाब में बेसिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में छात्र शिक्षक अनुपात पूरा है, अभी शिक्षक भर्ती का कोई प्रस्ताव या प्रक्रिया विचाराधीन नहीं है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत शिक्षामित्र और अनुदेशक दोनों पढ़ाई में सहयोग करते हैं। विभाग में अंशकालिक अनुदेशक, शिक्षा मित्र और सहायक अध्यापकों को मिलाकर वर्तमान में शिक्षकों की संख्या 6,28,915 है। अनुपात पूरा है, और पढ़ाई में कोई दिक्कत नहीं है। एक पूरक प्रश्न के जवाब में संदीप सिंह ने यह भी कहा कि उनकी सरकार में 2017 से लेकर अभी तक 1,26,371 नये शिक्षकों की नियुक्ति की गयी है। डॉ हृदय नारायण सिंह के 69 हजार शिक्षक भर्ती में कोर्ट के आदेश को लेकर पूछे गए सवाल पर मंत्री ने आदेशानुसार कार्यवाही की बात कही।

सपा विधायक डॉ रागिनी और त्रिभुवन दत्त ने सवाल पूछा कि क्या प्रदेश में बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों को चिकित्सीय इलाज हेतु कैशलेश हेल्थ इन्श्योरेन्स से आच्छादित करने हेतु कोई योजना है, तो सरकार ने नहीं में जवाब दिया। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद एक निगमित निकाय है। उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन कार्यरत शैक्षिक/शिक्षणेत्तर कर्मचारी का संवर्ग परिषदीय है और चिकित्सा अनुभाग-6 के आदेश के प्राविधानानुसार कैशलेश चिकित्सा की सुविधा केवल राज्य कर्मचारियों को अनुमन्य की गयी है।

**निजी डीएलएड संस्थानों को संबद्धता का आदेश :** सपा के मुख्य सचेतक मनोज कुमार पांडेय ने सवाल किया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के क्रम में बीएड उत्तीर्ण अभ्यर्थी (परीक्षार्थी) प्राइमरी विद्यालयों में भर्ती नहीं हो सकते, तो ऐसी स्थिति में बीटीसी के छात्रों की बढ़ती संख्या को देखते हुये जिस विद्यालयों को पूर्ण में एनएसटी से मान्यता प्राप्त हो चुकी है पर राज्य सरकार द्वारा सम्बन्धता रोके जाने के कारण बन्द है, उनको सम्बन्धता दिये जाने की कोई नीति सरकार बनायेगी? जवाब में बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि एनसीटीई से मान्यता प्राप्त निजी डीएलएड संस्थानों को शैक्षिक सत्र 2024-25 में सम्बद्धता दिये जाने हेतु आदेश निर्गत किये गये हैं।

### हिंदी माध्यम से 12,279 बेसिक शिक्षा के स्कूल हुए अंग्रेजी

सपा विधायक पिंकी यादव के सवाल पर बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री ने बताया कि विगत पांच वर्षों में बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन हिन्दीय माध्यमम के 12279 विद्यालयों को अंग्रेजी माध्यम में परिवर्तित कर संचालित किया जा रहा है। समस्ता 12279 विद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाने हेतु 6870 प्रधानाध्याकपक एवं 40271 सहायक अध्यासपक तैनात हैं।

### परिषदीय स्कूलों में सुरक्षाकर्मी रखने से इंकार

सपा विधायक त्रिभुवन दत्त के सवाल पर बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में सुरक्षा कर्मी का पद सृजित नहीं है। परिषदीय विद्यालयों में बढ रही चोरी की घटनाओं के रोकथाम के लिए पुलिस विभाग से निगरानी कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

### माध्यमिक स्कूलों में 11094 शिक्षकों की भर्ती होगी

विधानसभा में माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि माध्यमिक स्कूलों में खाली पड़े 11094 शिक्षक पदों पर भर्ती होगी। इसके अलावा 426 प्रधानाचार्य और 11 लाईब्रेरियन भी नियुक्त किए जाएंगे। जबकि 3132 अनुसेवक आउटसोर्सिंग से रखे जाएंगे। अपना दल (कमेरावादी) से विधायक पल्लवी पटेल के सवाल के जवाब में मंत्री ने बताया कि राजकीय विद्यालयों में शिक्षक, लाइब्रेरियन, प्रधानाचार्य, अनुसेवक के रिक्त पदों की भर्ती होगी। इसमें प्रवक्ता पुरुष 2540 और महिला 1412, सहायक अध्यापक 4771 और सहायक अध्यापिका 2371 पद शामिल हैं। लाइब्रेरियन के 11 और प्रधानाचार्य के 426 पदों पर भर्ती की जाएगी। शिक्षकों की नियुक्ति के सम्बन्ध में सीधी भर्ती के रिक्त पदों का अधियाचन उप्र लोक सेवा आयोग, प्रयागराज को भेजा गया है। राजकीय इण्टर कालेजों में लाइब्रेरियन पदों हेतु नई नियमावली प्रख्यापित किये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उप्र शैक्षिक (सामान्य शिक्षा संवर्ग) सेवा नियमावली-1992 समूह 'ख' के अन्तर्गत प्रधानाचार्य के रिक्त पदों का अधियाचन उप्र लोक सेवा आयोग, प्रयागराज को प्रेषित किया गया है। पदोन्नति के पदों पर न्यायालय में योजित रिट याचिका संख्या-31192/एस0बी0/2017 में पारित आदेश दिनांक 14.07.2021 द्वारा चयन की कार्यवाही बाधित रही है। अनुसेवक के 3132 रिक्त पदों को आउटसोर्सिंग द्वारा भरे जाने की व्यवस्था की गयी है, जिसके क्रम में नीति निर्धारण की कार्यवाही चल रही है।

# नेपाल, झारखंड से मादक पदार्थों की तस्करी पर ब्रेक की तैयारी

गजेंद्र पांडेय, लखनऊ

**अमृत विचार :** तस्कर मादक पदार्थों की बड़ी खेप नेपाल और झारखंड से लाकर उत्तर प्रदेश में खपाते हैं। नारकोटिक्स विभाग ने उत्तर प्रदेश में मादक पदार्थ की तस्करी, खरीद-फरोख्त और ट्रैफिकिंग पर ब्रेक लगाने गोरखपुर में नयी यूनिट खोली है। इस यूनिट में लखनऊ यूनिट के 34 जिले शामिल किये जायेंगे। ऐसे में लंबित मामलों की जांच करने में कर्मियों को न सिर्फ राहत मिलेगी, बल्कि नेपाल और झारखंड से तस्करी कर यूपी में खपाये जाने वाले मादक पदार्थों पर अंकुश लगेगा।

नारकोटिक्स की लखनऊ यूनिट में वर्तमान में 60 से ज्यादा जिले शामिल हैं। मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिये विभाग अभियान चलाता है। लेकिन बड़ा एरिया होने के चलते कई बार तस्करों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही थी। ऐसे में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए नई यूनिट गोरखपुर में खोली गयी है। विभागीय सूत्रों की मानें तो नई यूनिट के लिए टीम को तैयार कर जिलों को भी बांट दिया गया है। पिछले कई दिनों से लखनऊ से ही अलग-अलग तरह से काम भी किया जा रहा है। विभागीय अफसरों के अनुसार फरवरी माह के अंत तक टीम को गोरखपुर भेज दिया जाएगा। जहां से 34 जिलों में नई यूनिट का स्टाफ मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों पर कार्रवाई करेगा।

### लखनऊ यूनिट के जिले

लखनऊ, मुरादाबाद, अमरोहा, रामपुर, संभल, बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, मथुरा, अलीगढ़, एटा, हाथरस, कासगंज, इटावा, औरैया, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर नगर, कानपुर देहात, जलौन, झांसी, महोबा, ललितपुर, हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हमीरपुर, बाराबंकी, उन्नाव। **गोरखपुर यूनिट :** गोरखपुर, मिर्जापुर, संतकबीरदास नगर, सोनभद्र, प्रयागराज, फतेहपुर, कौशम्भी, प्रतापगढ़, चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर, वाराणसी, फैजाबाद, अंबेडकरनगर, सुलतानपुर, अमेठी, आजमगढ़, बलिया, मऊ, बस्ती, संतरविदास नगर, सिद्धार्थनगर, रायबरेली, बांदा, चित्रकूट, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज।

# एनडीए में शामिल हो सकती है रालोद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ रिश्तों को प्रगाढ़ कर रहे सपा प्रमुख अखिलेश यादव के राजनीतिक साथी रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी सपा से नाता तोड़ने की फिराक में हैं। अखिलेश को मंगलवार को जहां कांग्रेस की यात्रा के उत्तर उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने से पहले इसमें शामिल होने का न्योता मिला वहीं, रालोद के भाजपा खेमे में जाने की खबर भी फैली।

दरअसल, लोकसभा चुनाव में भाजपा की हैट्रिक रोकने की तैयारी में जुटे इंडिया गठबंधन को इस बार उप्र. से बड़ा झटका लग सकता है। सूत्रों के अनुसार जयंत चौधरी एनडीए में शामिल हो सकते हैं और भाजपा ने उप्र. में रालोद के समक्ष चार लोकसभा सीटों का प्रस्ताव रखा है। इसके बाद चर्चाएं तेज हैं कि रालोद, सपा से गठबंधन तोड़ कर भाजपा गठबंधन का हिस्सा बन सकती है। सूत्रों के मुताबिक भाजपा की तरफ से रालोद को कैराना, बागपत, मथुरा और अमरोहा से अपने उम्मीदवार देने का प्रस्ताव रखा है। वहीं, सपा की मंशा मुजफ्फरनगर, कैराना, बिजनौर लोकसभा सीटों पर रालोद सिंबल पर अपने उम्मीदवार खड़े करने की थी। दरअसल, पूर्व में जयंत चौधरी और अखिलेश यादव की लखनऊ में हुई मुलाकात के बाद सात सीटों पर हुए समझौते की बात सामने आ चुकी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भाजपा ने आरएलडी को जिन चार सीटों पर चुनाव लड़ने की पेशकश की है, उसमें कैराना, बागपत, मथुरा और अमरोहा शामिल है। वहीं सूत्रों के अनुसार, सपा ने कैराना, मुजफ्फरनगर और बिजनौर में प्रत्याशी अपना और निशान आरएलडी का रहने की शर्त रखी है। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि सपा और आरएलडी के बीच गठबंधन टूटने की यह बड़ी वजह हो सकती है।

▸▸ इस बार इंडिया गठबंधन को उप्र. से बड़ा झटका लग सकता है

### अटकलें हैं, रालोद अपनी जगह अडिगः त्रिलोक त्यागी

रालोद के प्रधान महासचिव त्रिलोक त्यागी का कहना है कि जब भी चुनाव आता है इस तरह की अटकलें शुरू की जाती हैं और हर बार विरोधियों को मुंह की खानी पड़ती है। चार महीने पहले भी इस तरह के गठबंधन की चर्चा शुरू की गईं थी। इस तरह के दावों में कोई दम नहीं है। रालोद अपनी जगह अडिग है। वहीं, रालोद के वरिष्ठ प्रवक्ता अनिल दुबे ने फिलहाल कोई प्रतिक्रिया देने से इंकार किया।

### इस सीट को लेकर फंसा पेच

इंडिया गठबंधन में शामिल सपा और आरएलडी के बीच एक सीट को लेकर बात बनती नहीं दिख रही है। पश्चिमी यूपी की मुजफ्फरनगर लोस सीट पर पेच फंसता हुआ नजर आ रहा है। अभी इस सीट पर अंतिम निर्णय नहीं हुआ है। अब चर्चा यह भी चल रही है कि सीटों को लेकर चल रहे विवाद को छोड़ जयंत एनडीए में भी जा सकते हैं। माना जा रहा है कि, रालोद मुजफ्फरनगर नहीं छोड़ना चाहती, क्योंकि यहां से पिछला चुनाव चौधरी अजित सिंह मात्र साढ़े छह हजार वोटों से भाजपा के डॉ. बालियान से हारे थे।

# बिजली आपूर्ति पर गलत सूचना देने के आरोप में अधीक्षण अभियंता और अवर अभियंता निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** हापुड़ व अमरोहा में बिजली आपूर्ति बाधित होने व उच्चाधिकारियों को गलत सूचना देने के आरोप में हापुड़ के अधीक्षण अभियंता यूके सिंह व अवर अभियंता उदय राज को निलंबित कर दिया गया। मंगलवार को शक्ति भवन में बिजली आपूर्ति को लेकर आयोजित बैठक में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गोयल ने दोनों अभियंताओं के निलंबन का निर्देश दिया।

हापुड़ में 33 केवी लाइन की बंदी के कारण बिजली आपूर्ति लगभग 10 घंटे व अमरोहा में इंसुलेटर पंचर होने के कारण आपूर्ति लगभग एक घंटे बाधित रही थी। अध्यक्ष ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की। अध्यक्ष ने सवाल करते हुए कहा कि बिजली आपूर्ति दुरुस्त रखने के लिए निरंतर निर्देश दिये जा रहे हैं। मरम्मत कार्य के लिए सामग्री पर्याप्त मात्रा में हर जगह उपलब्ध कराई है, फिर भी घंटो बिजली आपूर्ति बाधित क्यों हुई। अध्यक्ष ने कहा कि फरवरी माह में अनुरक्षण माह मनाया जा रहा है। सभी आवश्यक अनुरक्षण कार्य समय से सुनिश्चित किया जाय। हमें अपनी कार्य संस्कृति में परिवर्तन करना चाहिए। ट्रांसफार्मर फुंकना, बिजली बाधित होना या अन्य ऐसे कार्य सामान्य घटना नहीं है। हमें इसे रोकना है।

# विधान परिषद में गूंजा शिक्षा मित्रों के मानदेय का मुद्दा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ सभापति ने सरकार को दिया आवश्यक कार्रवाई का निर्देश

**अमृत विचार :** विधान परिषद में मंगलवार को शिक्षा मित्रों के उचित मानदेय न दिये जाने का मुद्दा गूंजा। सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने सरकार को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया।

कार्यस्थगन प्रस्ताव के तहत सपा के लाल बिहारी यादव, स्वामी प्रसाद मौर्य, डॉ मान सिंह यादव, अशुतोष सिन्हा, मुकुल यादव, मोहम्मद जासमीर अंसारी व शाहनवाज खान ने शिक्षा मित्रों को उचित मानदेय दिये जाने की मांग उठाई। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। इसके साथ ही, बसपा के भीमराव आंबेडकर ने प्रदेश में वर्ष 2018 की 68,500 शिक्षक भर्ती में ओबीसी आरक्षण का लाभ दिलाए जाने की मांग उठाई। सरकार ने सदन को तथ्यों की जानकारी दी। अधिष्ठाता डॉ जयपाल सिंह व्यस्त ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। निर्दलीय सदस्य राजबहादुर सिंह चंदेल व डॉ आकाश अग्रवाल ने प्रदेश सरकार के अधिकारियों की ओर से जनप्रतिनिधियों के प्रति प्रोटोकाल का पालन न करने, उनके भ्रष्टाचार में लिप्त होने व मानव संपदा पोर्टल पर संपत्ति का विवरण प्रस्तुत न करने का मुद्दा उठाया। गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चैधरी ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया।

# राहुल की यात्रा से जुड़कर यज्ञ को सफल बनाएं: अजय माकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा के यज्ञ को सभी कांग्रेस नेता-कार्यकर्ता सफल बनाएं। कोषाध्यक्ष मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में यात्रा व लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के इस यज्ञ में सभी से सहयोग अपेक्षित है। सभी लोग 'डोनेट फॉर न्याय' की मुहिम से जुड़कर यात्रा को सफल बनाएं। राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि आज हमारे सामने राजनीतिक संकट है जिसके लिए हम सभी को एक साथ खड़े होने की आवश्यकता है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि कांग्रेस का हर सिपाही सड़क पर उतरकर भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पंच न्याय को समाज के अंतिम व्यक्ति तक ले जाने के लिए संकल्पबद्ध है। नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा 'मोना' ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा भारत की विभिन्न संस्कृतियों का समागम है। यात्रा से समाज का प्रत्येक वर्ग दलित, पिछड़ा, आदिवासी, युवा, महिला सभी जुड़ रहे हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि आज का दौर सोशल मीडिया का है। बैठक में पूर्व सांसद भारत जोड़ो न्याय यात्रा के संयोजक पीएल पुनिया, राष्ट्रीय सचिव सह प्रभारी उत्तर प्रदेश सत्य नारायण पटेल, पूर्व सांसद जफर अली नकवी, कमल किशोर कमांडो, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पांडेय, कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक डॉ प्रमोद पांडेय, प्रदीप माथुर, बरेली महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला, पश्चिम प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पारस शुक्ला, पीसीसी सदस्य योगेश जौहरी आदि शामिल हुए।



मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बैठक हुई। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सहित बरेली से महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला व पारस शुक्ला आदि शामिल हुए।

### राहुल गांधी की न्याय यात्रा में शामिल होंगे अखिलेश

**लखनऊ, अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव, राहुल गांधी की न्याय यात्रा में शामिल होंगे। वह रायबरेली और अमेठी में इस यात्रा के साथ रहेंगे। अखिलेश यादव ने कुछ दिन पहले ही कहा था कि उन्हें इस यात्रा में शामिल होने का आमंत्रण नहीं मिला है। तब पार्टी प्रवक्ता जयराम रमेश ने कहा था कि रूट तय होने के बाद सहयोगी दलों को यात्रा के लिए सूचित किया जाएगा। मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खरगे ने अखिलेश यादव को यात्रा के लिए आमंत्रित किया जिसे अखिलेश ने स्वीकार कर लिया है। अखिलेश ने कांग्रेस को बधाई दी व 16 फरवरी को उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने के बाद अमेठी या रायबरेली में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने पर सहमति दी।

## वर्ग पहेली-335

**बाएं से दाएं**

3. मानव के छह विकार

5. एक साथ रखना, लगाव या संपर्क स्थापन।

6. दृढ़ किया हुआ।

8. 1. वृक्ष की रेशेदार जड़ 2. कमल की जड़, भसींड 3. लता 4. कलगी, शिखा 5. हल्दी 6. नदी।

9. 1. आवेश, उत्साह, जोश, गरमजोशी 2. तेज़ी, वेग।

**ऊपर से नीचे**


1. 1. सरपट आदि से छाकर बनाया गया स्थान 2. मंडप, शामियाना 3. किसी मंडप के अंदर होने वाला तमाशा या खेल।

2. 1. ढीला कराना 2. बंधन से छुड़ाना।

4. 1. कर्मकांड आदि जानने वाला व्यक्ति जो अपने यजमान के यहां मुंडन करता है

5. 1. उत्पन्न, दूसरे के साथ उत्पन्न 2. युक्त, सहित, संपन्न 3. योग्य, उपयुक्त 4. सदृश, समान, बराबर।

7. 1. प्यारा 2. हमदर्द 3. अनुग्रहकर्ता।




### वर्ग पहेली - 334 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ने | ग | 2 चा | र | | |
| | | टु | | 3 मां | |
| | | का | | ड | |
| | 4 भा | र | 5 जी | वी | |
| | रि | | वा | | 6 पा |
| | त | | धा | | व |
| | | 7 बी | र | बा | नी |

## सुडोकू-52

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 3 | | 4 | | | | |
| | | 8 | | | 7 | | 5 | |
| 1 | | | | | 5 | | | 2 |
| | 2 | | | 5 | | | 3 | |
| 9 | | | 6 | | 2 | | | 5 |
| | 1 | | | 8 | | | 4 | |
| 4 | | | 1 | | | 5 | | 3 |
| | 6 | | 5 | | | 9 | | |
| | | | | 2 | | | | 8 |

### सुडोकू - 51 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 4 | 8 | 5 | 2 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 1 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 5 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 4 | 5 | 1 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 7 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 5 | 1 | 6 |
| 9 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 | 2 | 4 | 3 |
| 8 | 9 | 4 | 3 | 6 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 1 | 7 | 3 | 4 | 8 | 2 | 9 | 6 | 5 |
| 6 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 3 | 8 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 फरवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 14.02 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 8 फरवरी 04.37 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।


मेष

आज किसी को धन उधार न दें। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा। नई संपत्ति में निवेश की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके काम की प्रशन्सा होगी, किंतु इच्छित परिणाम मिलने में कठिनाई होगी।


वृष

आज समय रहते समस्याओं को सुलझाना बेहद जरूरी है। मित्रों के साथ अनबन हो सकती है। किडनी के रोगियों को स्वास्थ्य समस्या होने की आशंका है। व्यर्थ के खर्चों में बढ़ोत्तरी होगी। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं।


मिथुन

आज सरकारी जॉब कर रहे लोगों को अधिकारियों की मदद मिलेगी। दिल की बजाय दिमाग से काम लें। नए लोगों के साथ संपर्क विकसित होंगे। धन के मामलों में बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।


कर्क

आज आप काफी मेहनत करेंगे। पैतृक व्यवसाय में आपको कुछ सुधार करने की आवश्यकता है। किसी बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। नए लोगों के साथ आपके संपर्क बनेंगे। बिना विचार करे कोई काम न करें।


सिंह

आज अत्यधिक व्यस्तता के कारण थोड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपको दूसरों पर निर्भर होना पड़ सकता है। कमीशन संबंधी कार्यों में लाभ हो सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं।


कन्या

आज अपनी महत्वकांक्षाओं को अनजान लोगों से व्यक्त न करें। विवाह आदि को लेकर तात्कालिक निर्णय लेना उचित नहीं होगा। माता के साथ अपने मन की बातें साझा करने से आपको काफी अच्छा लगेगा। जीवनसाथी से आपकी अपेक्षायें बढ़ सकती हैं।


तुला

आज व्यवसाय में आपको बड़ी उपलब्धियां मिलने के योग बन रहे हैं। आप कठिन से कठिन काम को समझदारी एवं सूझबूझ से सुलझा लेंगे। राजनीतिक संबंधों के लिए दिन बेहतरीन है। जीवनसाथी के साथ रोमांटिक समय का आनंद लेंगे।


वृश्चिक

आज दिखावे के लिए आप ज्यादा खर्च कर सकते हैं। इससे आपकी बचत पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। अपनी कमियों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। तकनीकी शिक्षा ले रहे लोगों को पढ़ाई में परेशानी होगी। बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें।


धनु

आज साझेदारी से जुड़े हुए कार्यों में सफलता मिलेगी। अपनी योग्यता पर विश्वास बनाए रखें। विदेशी कंपनियों से जॉब के प्रपोजल मिल सकते हैं। कला और गेम्स में आप काफी रुचि ले सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है।


मकर

आज माता के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। बच्चे पढ़ाई को लेकर लापरवाही न करें। आपको काफी थकाऊ यात्राएं करनी पड़ सकती है। पुराना रोग उभर के सामने आ सकता है। खांसी-जुकाम की समस्या होने की संभावना है।


कुंभ

आज शेयर मार्केट में धन निवेश करना लाभकारी होगा। परिजनों पर धन खर्च करेंगे। नए कारोबार की रूपरेखा बना सकते हैं। शत्रुओं से सावधान रहें। आपकी दबी हुई इच्छाएं पूर्ण हो सकती हैं। सभी काम तीव्र गति से पूर्ण होंगे।


मीन

आज वैवाहिक संबंधों में थोड़ी अनबन के बाद सब कुछ सामान्य हो जायेगा। मैनेजमेंट संबंधी कार्यों के लिए दिन विशेष है। कारोबार में योजनाएं बदलनी पड़ सकती है। समाजसेवा में आप काफी रुचि लेंगे। पार्टी व पिकनिक के लिए जा सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
धड़कन
सुबह : 11.14
यस बॉस
रात : 07.14

SONY MAX
पागलपंती
सुबह : 10.11
पति पत्नी और वो
रात : 07.00

SONY PIX
एज ऑफ टूमारो
सुबह : 09.34
हेलबॉय
रात : 08.45

ZEE CINEMA
सिलसिला है प्यार का
सुबह : 10.30
स्पाइडर
रात : 07.30

colors CINEPLEX
गब्बर इज बैक
दोपहर : 01.27
द बॉडी
रात : 10.03

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात-07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

चंपकलाल-यार, मैं अपनी पत्नी की वजह से बहुत परेशान हो गया हूं।
शर्मा जी- क्या हो गया? वो बहुत झगड़ती हैं क्या?
चंपकलाल- नहीं यार, उसकी याददाश्त बहुत खराब है।
शर्मा जी- क्यों? काम की बातें भूल जाती हैं क्या?
चंपकलाल- अरे नहीं, वो छोटी-छोटी बातें भी याद रखती है।

मिंटू को अपना पालतू कुत्ता बेचना था, पिंटू उसे खरीदने वाला था।
पिंटू- क्या यह कुत्ता वफादार है?
मिंटू- हां जी, मैं इसको दो बार पहले भी बेच चूका हू, ये इतना वफादार है कि हर बार मेरे पास वापिस आ जाता है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1835, राज श्री 1360, फ़ॉर्चून कि. 1705, रविन्द्रा 1755, फॉर्चुन ली. 1565, जय जवान 1405, सचिन 1420, सूरज 1430, अवसर 1500, राग गोल्ड 1500, गृहणी 1390, क्लासिक (किलो) 1595, मोर 1550, चक्र टिन 1650, ब्लू 1510, आशीर्वाद मस्टर्ड 1665, स्वास्तिक 1805, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4300, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 10600, मूंग धोवा काला क्राउन 10900, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छाँटी 7300, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 6900, लाल हिंदुस्तान 7000, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14200, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12500, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**-डालमियां 4060, पीलीभीत 4040, नवाबगंज 4030, बहेड़ी (नई) 4040 रुपये।

# देश जल्द बनेगा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

## गोवा में नरेंद्र मोदी बोले-5-6 वर्ष में ऊर्जा क्षेत्र में 67 अरब अमेरिकी डॉलर का होगा निवेश

**गोवा, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत में अगले पांच से छह वर्ष में ऊर्जा क्षेत्र में 67 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश होगा। साथ ही उन्होंने वैश्विक निवेशकों को भारत की विकास गाथा का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां भारत ऊर्जा सप्ताह के दूसरे संस्करण का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था 7.5 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ रही है। देश जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

उन्होंने वैश्विक कंपनियों को भारत के ऊर्जा क्षेत्र की वृद्धि का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि देश को 2030 तक अपनी रिफाइनिंग क्षमता 254 एमएमटीपीए (मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष) से बढ़ाकर 450 एमएमटीपीए करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा-अगले पांच-छह वर्षों में भारत में ऊर्जा क्षेत्र में 67 अरब डॉलर का निवेश होने जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ऊर्जा क्षेत्र में अभूतपूर्व निवेश कर रहा है जो पहले कभी नहीं हुआ। मोदी ने कहा कि भारत कच्चे तेल तथा एलपीजी का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता और एलएनजी का चौथा सबसे बड़ा आयातक है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोवा में विकसित भारत, विकसित गोवा 2047 कार्यक्रम के दौरान आयोजित एक प्रदर्शनी का दौरा किया। ● एजेंसी

### योजनाओं की संतृप्ति असली धर्मनिरपेक्षता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं को राज्यों में संतृप्ति तक पहुंचाना असली धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय है। मोदी ने दक्षिण गोवा के मडगांव शहर में विकसित भारत, विकसित गोवा जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, "केंद्र सरकार की कई योजनाओं के कार्यान्वयन में, गोवा ने 100 प्रतिशत संतृप्ति हासिल कर ली है। उन्होंने कहा–जब योजनाओं की संतृप्ति होती है, तो लोगों के बीच मतभेद समाप्त हो जाते हैं। प्रत्येक लाभार्थी को पूरा लाभ मिलता है।

# उतार–चढ़ाव के बाद शेयर बाजार में लौटी रौनक

**मुंबई, एजेंसी**

▸▸ **सेंसेक्स 454 अंक चढ़ा निफ्टी 21900 के पार**



स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 454 अंक से अधिक के लाभ में रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के ताजा पूंजी प्रवाह के बीच सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों... टीसीएस और इन्फोसिस में लिवाली से बाजार में मजबूती आई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स की शुरुआत अच्छी रही और यह 454.67 अंक यानी 0.63 प्रतिशत चढ़कर 72,186.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 529.98 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 157.70 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की तेजी के साथ 21,929.40 अंक पर बंद हुआ।

विश्लेषकों के अनुसार, चीन के बाजारों में तेजी आने से भी धारणा मजबूत हुई। सोमवार की भारी गिरावट के बाद चीनी बाजार चार प्रतिशत तक उछल गये। इसका कारण एक सरकारी निवेश कोष का बयान है जिसमें उसने कहा कि वह शेयर खरीद बढ़ाएगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग बाजारों पर चर्चा करने के लिए अधिकारियों से मिलने वाले हैं।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-बाजार में धारणा सकारात्मक रही और यह बढ़त में बंद हुआ।

### निवेशकों की पूंजी 4.21 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**नई दिल्ली।** स्थानीय शेयर बाजार में तेजी के बीच मंगलवार को निवेशकों की पूंजी में 4.21 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 454.67 अंक यानी 0.63 प्रतिशत बढ़कर 72,186.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 529.98 अंक तक उछल गया था। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप में 1.23 प्रतिशत और मिडकैप में 1.06 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही।

निवेशक भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक से पहले अपना निवेश कम करने को इच्छुक नहीं हैं। ऐसी संभावना है कि आरबीआई की मौद्रिक नीति में नीतिगत दर को लेकर रुख उदार होगा। इससे बॉन्ड बाजार में धारणा मजबूत हुई।

## सर्राफा

| कानपुर | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 72,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,250 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,850-48,050 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 72,700 |
| चांदी तैयार | 72,800 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 714(अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,100 |
| चांदी आभूषण | 72,800। |

## कतर से एलएनजी आयात बढ़ाने के लिए समझौता करेगा भारत

**बेतुल (गोवा)।** भारत एलएनजी आयात को कतर से मौजूदा कीमतों से कम दरों पर 2048 तक बढ़ाने के लिए 78 अरब डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर कर सकता है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड यहां भारत ऊर्जा सप्ताह (आईईडब्ल्यू) के मौके पर प्रति वर्ष 75 लाख टन के आयात को बढ़ाने के लिए कतरएनर्जी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करेगी। कतर के ऊर्जा मंत्री और कतरएनर्जी के शीर्ष अधिकारी यहां आईईडब्ल्यू में हिस्सा ले रहे हैं। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कीमतें मौजूदा कीमत से काफी कम होंगी।

## भारतीय अर्थव्यवस्था में निवेशकों का भरोसा लौटा : नागेश्वरन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▸▸ **मुख्य आर्थिक सलाहकार बोले निजी क्षेत्र में निवेश में बढ़ोतरी**

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर निवेशकों का भरोसा लौटा है और यह बात निजी क्षेत्र में निवेश में आ रही तेजी से पता चलती है।

नागेश्वरन ने बातचीत में कहा- यह (भरोसा) वापस आ गया है। अगर ऐसा नहीं होता तो कैसे भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत की दर से वृद्धि हासिल करती। आप अगर विनिर्माण और सेवा क्षेत्रो में खरीद प्रबंधक सूचकांक (परचेजिंग मैनेजेर इंडेक्स) को देखें, विस्तार और गिरावट को देखें, शेयर बाजार के प्रदर्शन को देखें, यह पता चलता है। उन्होंने कहा कि यह जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) के आंकड़ों में भी दिख रहा है। नागेश्वरन ने भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि निजी क्षेत्र में सूचीबद्ध कंपनियां अपने पूंजीगत व्यय और नई परियोजनाओं की घोषणा में तेजी ला रही हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी अपने अंतरिम बजट में कहा है कि निजी निवेश हो रहा है।

## सरकार ने उतारा 29 रुपये किलो के भाव पर भारत चावल

**नई दिल्ली।** सरकार ने पिछले एक साल में चावल की खुदरा कीमतों में 15 प्रतिशत की वृद्धि के बीच उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए मंगलवार को 29 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर 'भारत चावल' की पेशकश की। खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने पांच किलो और 10 किलो के पैक में उपलब्ध सब्सिडी वाले चावल को पेश करते हुए कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि आम लोगों के लिए दैनिक खाद्य पदार्थ सस्ती दरों पर उपलब्ध हों।

## देश में रेपो दर के यथावत रखने की जताई गई संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▸▸ **रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू**

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक समीक्षा बैठक मंगलवार को शुरू हो गई। खुदरा मुद्रास्फीति के उच्चस्तर पर बने रहने के बीच अल्पकालिक ऋण दरों पर यथास्थिति बने रहने की संभावना जताई जा रही है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने करीब एक साल से अल्पकालिक ऋण दर यानी रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा हुआ है। वैश्विक घटनाक्रमों की वजह से बढ़ी महंगाई पर काबू पाने के लिए मानक ब्याज दर में आखिरी बार बढ़ोतरी फरवरी, 2023 में हुई थी जब इसे 6.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया गया था। खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई, 2023 में 7.44 प्रतिशत के उच्चस्तर पर पहुंच गई थी लेकिन उसके बाद से इसमें गिरावट आई है। दिसंबर, 2023 में खुदरा मुद्रास्फीति 5.69 प्रतिशत पर आ गई जो आरबीआई के संतोषजनक स्तर चार प्रतिशत (दो प्रतिशत ऊपर या नीचे) के भीतर ही है।



# महंगाई नियंत्रण के लिए केंद्र ने उठाए कदम: सीतारमण

## केंद्रीय वित्त मंत्री ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान विपक्षी दल के नेताओं को दी जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने मंगलवार को कहा कि महंगाई पर नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार के द्वारा समय-समय पर उठाए गए कदमों की वजह से, खास तौर पर जल्द ही खराब होने वाली खाद्य वस्तुओं के दाम में वृद्धि को काफी हद तक रोका जा सका है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा को प्रश्नकाल के दौरान विपक्षी दलों के नेताओं को यह जानकारी दी।

उन्होंने यह भी बताया कि भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) सरकार के साथ मिल कर प्याज को गामा किरणों की मदद से नमी-रहित करने पर काम कर रहा है ताकि प्याज को लंबे समय तक रखा जा सके और यह खराब न होने पाए। उन्होंने कहा



''जल्द खराब होने वाली कुछ खाद्य सामग्री का भारत में पर्याप्त उत्पादन नहीं होता है।'' उन्होंने कहा कि प्याज के दामों में अस्थिरता को रोकने के लिए सरकार ने इसका बफर आकार 2023-24 में सात लाख मीट्रिक टन कर दिया है जो 2020-21 में एक लाख मीट्रिक टन था। सीतारमण ने बताया कि तीन फरवरी 2024 तक कुल 6.32 लाख मीट्रिक टन प्याज का उत्पादन हुआ और खुदरा बिक्री, थोक बिक्री तथा ई-नीलामी के माध्यम से ग्रेड ए का 3.96 लाख टन प्याज जारी किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे कदम उठाए जा रहे हैं ताकि प्याज जैसी जल्द ही खराब होने वाली जिन्स को लंबे समय तक संरक्षित रखा जा सके।

### एससी, एसटी की सूची के लिए 2 विधेयक पारित

राज्यसभा ने मंगलवार को संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 और संविधान (अनुसूचित जाति एवं जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 पर एक साथ चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित कर दिया। दोनों विधेयकों में आंध्र प्रदेश के तीन और ओडिशा के कुछ समुदायों को जनजाति समूह में शामिल करने का प्रावधान है। विधेयकों पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आजादी के इतने लंबे कालखंड के बाद भी कई ऐसे जनजातीय समूह रह गए हैं।

### ओबीसी को आरक्षण संबंधी विधेयक पारित

जम्मू कश्मीर में स्थानीय निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने के प्रावधान वाला विधेयक मंगलवार को लोकसभा में ध्वनिमत से पारित हो गया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय द्वारा विधेयक पर चर्चा के जवाब के बाद सदन ने जम्मू कश्मीर स्थानीय निकाय कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इससे जम्मू कश्मीर पंचायती राज अधिनियम, 1989; जम्मू कश्मीर निगम अधिनियम, 2000 और जम्मू कश्मीर नगर निगम अधिनियम, 2000 में संशोधन का प्रस्ताव है।

### कांग्रेस नेता ने जातिगत जनगणना की उठाई मांग

राज्यसभा में मंगलवार को विभिन्न दलों के सदस्यों ने देश में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लोगों को शिक्षा सहित विभिन्न आधारभूत सुविधाएं प्रदान करने के लिए कदम उठाए जाने की आवश्यकता पर जहां बल दिया, वहीं कांग्रेस नेता एल हनुमंतय्या ने जातिगत जनगणना की मांग उठाई, ताकि विभिन्न जातियों की सही संख्या पता लगने पर उनके कल्याण के लिए समुचित कदम उठाये जा सके। भाजपा सदस्यों ने कहा–ओडिशा सहित कई राज्यों में कांग्रेस के कई दशकों तक सत्ता में रहने के बावजूद आरक्षण का अधिकार नहीं दिया गया।




गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने वरिष्ठ भाजपा नेता लाल कृष्ण आडवाणी से नई दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात की। शाह और नड्डा ने भाजपा के वरिष्ठ नेता आडवाणी को 'भारत रत्न' के लिए बधाई दी। ● एजेंसी

## एक नजर

### पुणे विस्फोट मामला: आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**मुंबई।** मुंबई की स्थानीय अदालत ने पुणे के जंगली महाराज रोड़ पर अगस्त 2012 में हुए बम विस्फोटों के आरोपी मुनीब मेमन की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। आरोपी मेमन ने मुकदमे में देरी का हवाला देते हुए अदालत से जमानत की गुहार लगायी है। उसने याचिका में कहा कि बॉम्बे उच्च न्यायालय ने सितंबर 2022 में उसकी जमानत याचिका खारिज कर दिया था और अदालत ने विशेष अदालत को दिसंबर 2023 के अंत तक मामला निपटाने का निर्देश दिया था।

### संजय सिंह को शपथ लेने के लिए नहीं बुलाया गया

**नई दिल्ली।** आबकारी नीति मामले में जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह को राज्य सभा की सदस्यता की शपथ लेने के लिए अभी नहीं बुलाया गया है। सूत्रों ने श्री सिंह के आठ या नौ फरवरी को शपथ लेने संबंधी रिपोर्टों पर मंगलवार को कहा कि उन्हें अभी शपथ लेने के लिए राज्य सभा की ओर से समन नहीं भेजा गया है इसीलिए उनके शपथ लेने का सवाल ही नहीं उठता। सूत्रों ने कहा कि श्री सिंह के राज्य सभा से निलंबन का मामला गत 11 अगस्त को सदन की विशेषाधिकार समिति को भेजा गया था।

## संसद का बजट सत्र एक दिन के लिए बढ़ाया जाएगा: प्रह्लाद जोशी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▸▸ **केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री ने दी जानकारी**

संसद के मौजूदा बजट सत्र को एक दिन बढ़ाकर शनिवार तक किया जा रहा है। यह जानकारी संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने यहां दी। सूत्रों ने बताया कि सरकार 2014 से पहले और उसके बाद भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति की तुलना करते हुए एक 'श्वेत पत्र' पेश करने की योजना बना रही है। बजट सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को हुई थी और इसे नौ फरवरी को समाप्त होना था।

जोशी ने एजेंडे के बारे में विस्तार से बताने से इनकार करते हुए कहा, ''संसद का सत्र एक दिन के लिए शनिवार तक बढ़ाया जाएगा।'' सूत्रों ने कहा कि चूंकि वित्त विधेयक, बजट चर्चा और अनुदान मांगों आदि पर अभी संसद में विचार होना बाकी है और श्वेत पत्र भी पेश किया जाना है, ऐसे में सत्र की अवधि एक दिन बढ़ाना जरूरी समझा गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने अंतरिम बजट भाषण में कहा था कि केंद्र सरकार 2014 से पहले और उसके बाद की भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति की तुलना करते हुए एक 'श्वेत पत्र' जारी करेगी। उन्होंने



कहा था कि उन दिनों के संकट को दूर कर लिया गया है और अर्थव्यवस्था को सर्वांगीण विकास के साथ उच्च सतत विकास पथ पर मजबूती से स्थापित किया गया है। वह इसे दोनों सदनों राज्यसभा और लोकसभा में पेश करेंगी। वित्त मंत्री ने एक फरवरी को अपने भाषण में कहा था कि केवल उन वर्षों के कुप्रबंधन से सबक लेने के उद्देश्य से अब यह देखना उचित है कि हम 2014 तक कहां थे और अब कहां हैं। सरकार सदन के पटल पर एक श्वेत पत्र रखेगी। संसद की कार्यवाही आमतौर पर सप्ताहांत में नहीं होती है, लेकिन हाल के वर्षों में ऐसे कई उदाहरण हैं, जब सदन की बैठक शनिवार को आहूत की गयी है। 'श्वेत पत्र' सत्तारूढ़ भाजपा को कांग्रेस पर अधिक हमलावर होने का एक मौका भी देगा।

## कोर्ट ने कैग से डीजेबी के ऑडिट में तेजी लाने को कहा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) को दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के 2018 से 2021 तक के खातों का तेजी से ऑडिट करने का निर्देश दिया।

उच्च न्यायालय उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें डीजेबी के खातों का ऑडिट करने के लिए कैग को निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। याचिका में कहा गया कि डीजेबी का वित्तीय ऑडिट कथित तौर पर पिछले कई वर्षों से नहीं किया गया है। कैग के वकील ने अदालत को सूचित किया कि उन्हें डीजेबी से 2018-19 से 2020-21 के लिए वार्षिक खातों का विवरण प्राप्त हुआ है और वे खातों के ऑडिट की प्रक्रिया में हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा-कैग को कानून के अनुसार डीजेबी के खातों का यथाशीघ्र ऑडिट करने का निर्देश देते हुए रिट याचिका का निपटारा किया जाता है। यह याचिका दिल्ली के भाजपा नेता हरीश खुराना द्वारा दायर की गई थी।

## अदालत ने सिद्धारमैया पर जुर्माना लगाया विशेष अदालत में पेश होने का दिया निर्देश

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ 2022 में दर्ज एक प्राथमिकी को रद्द करने की उनकी याचिका मंगलवार को खारिज कर दी और उन्हें छह मार्च को सांसद/विधायक (एमपी/एमएलए) के लिए विशेष अदालत के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने सिद्धरमैया, कांग्रेस महासचिव एवं पार्टी की कर्नाटक इकाई के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, मंत्री एम बी पाटिल और रामलिंगा रेड्डी पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। तत्कालीन पंचायत राज मंत्री के एस ईश्वरप्पा के इस्तीफे की मांग को लेकर यहां तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के आवास का घेराव करने के लिए प्रदर्शन मार्च निकालने के बाद सिद्धरमैया के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत विश्व के शीर्ष पांच देशों में

**नई दिल्ली, ब्यूरो**

**अमृत विचार:** अब भारत का विकास विदेशी तकनीक से नहीं, बल्कि स्वदेशी तकनीक को बढ़ावा दिया जाएगा। केंद्र सरकार ने इसी सोच पर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम का निर्धारण किया है। ओके थीम की शुरुआत केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह को करना था, लेकिन लोकसभा में संसदीय कार्यों की वजह से यह कार्य जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ. राजेश गोखले, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ. अभय करंदीकर, विज्ञान एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद की महानिदेशक डॉ. एन कलैसेल्वी, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अपर महानिदेशक शंभूनाथ चौधरी एवं नेशनल काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन की प्रमुख डॉ. रश्मि शर्मा ने संयुक्त रूप से किया।



नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अपर महानिदेशक शंभूनाथ चौधरी अन्य अधिकारियों के साथ। ● अमृत विचार

▸▸ **राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का नारा होगा "स्वदेशी प्रद्योगिकी"**

इस मौके पर जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ. गोखले ने कहा कि अब युवा महिला गरीब एवं किसानों को ध्यान में रखते हुए घरेलू प्रौद्योगिकी को विकसित किया जाएगा, ताकि देश का समग्र कल्याण हो सके।

डॉ. करंदीकर ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024 की थीम का लक्ष्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय वैज्ञानिकों की जमात को एक साथ काम करने का नया अवसर प्रदान करना है। इससे वर्ष 2047 तक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के मामले में भारत पूरी तरह से आत्मनिर्भर हो सकेगा। डॉ. कलैसेल्वी ने कहा कि 10 वर्षों में विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने विश्व व्यापी तरक्की की है। वैज्ञानिक शोध ग्रंथों के प्रकाशन में शीर्ष पांच देशों में भारत अपना स्थान बना चुका है। ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआईआई) में वर्ष 2015 में भारत की रैंक 81वीं थी, मगर नौ वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करते हुए भारत 40वें स्थान पर हैं। यही नहीं, पेटेंट के क्षेत्र में भी भारत ने रिकॉर्ड काम किया है। भारत की पेटेंट फाइलिंग 90,000 को पार कर गई है जो दो दशकों में सबसे अधिक है। कार्यक्रम का संचालन सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अपर महानिदेशक शंभूनाथ चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि सूचना एवं प्रौद्योगिकी की वजह से भी विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने काफी तरक्की की है। साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन की प्रमुख डॉ. रश्मि शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के नाम पर देशभर में आज से 4 मार्च तक उत्सव मनाए जाएंगे। दिल्ली में 28 फरवरी को विज्ञान भवन में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# संघ की आपसी लड़ाई से दांव पर एथलेटिक्स खिलाड़ियों का भविष्य

## जिला लखनऊ एथलेटिक्स संघ और एडहॉक कमेटी दोनों आयोजित कर रहे ट्रायल

**उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के चुनाव के बाद से शुरू हुआ विवाद**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः राजधानी में एथलेटिक्स का अभ्यास करने वाले खिलाड़ी परेशान है। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि वह किस ट्रायल में शामिल हो। लखनऊ की टीम कहां से बनेगी? एथलेटिक्स संघ की आपसी लड़ाई में उनका खेल बिगड़ता नजर आ रहा है। एथलेटिक्स संघ के पदाधिकारियों के अनुसार उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के चुनाव पिछले वर्ष नियमों को ताख कर किए गए। उसके बाद खेल विभाग, उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन और फर्म सोसाइटीज एवं चिट्स ने भी इस चुनाव को अवैध घोषित करार कर नई कार्यकारिणी को गठित करने के निर्देश दिए। इसके उलट उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ ने जिला लखनऊ एथलेटिक्स संघ को बर्खास्त कर एडहॉक कमेटी गठित कर दी। अब जिला लखनऊ एथलेटिक्स संघ और एडहॉक कमेटी दोनों ही राजधानी के खिलाड़ियों को ट्रायल के लिए बुला रहे हैं। ऐसे में खिलाड़ी परेशान है कि वह किस ट्रायल में हिस्सा ले।

उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के सदस्यों के अनुसार एथलेटिक्स फेडरेशन आफ इंडिया ने निर्देश दिए है कि राज्य संघ किसी भी जिला इकाई को बर्खास्त नहीं कर सकता। इसके बावजूद उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ ने 23 जनवरी को चुनी गई जिला एथलेटिक्स संघ की नई कार्यकारिणी समेत पूरे संघ को बर्खास्त कर एडहाक कमेटी बना दी। यह तब है जब रजिस्ट्रार फर्म सोसायटी ने उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ को कालातीत घोषित कर दिया है। खेल विभाग और उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ ने भी उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ को अमान्य करार कर दिया है।

### चुनाव के चार दिन बाद ही बर्खास्त हुई थी कमेटी, बना दी गई थी एडहाक कमेटी

जिला एथलेटिक्स संघ ने 18 जनवरी को आईएएस अफसर और संघ के अध्यक्ष अनिल सागर की अध्यक्षता में नई कार्यकारिणी के चुनाव कराए। चुनाव सेवानिवृत्त न्यायाधीश केके शर्मा की मौजूदगी में हुए। इसमें अनिल सागर अध्यक्ष और बीआर वरुण सचिव चुने गए। चार दिन बाद ही उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ ने इस संघ को बर्खास्त कर एक एडहाक कमेटी बना दी। संघ के सचिव बीआर वरुण ने बताया कि एथलेटिक्स फेडरेशन आफ इंडिया के समन्वयक जीएस राठी ने निर्देश जारी किया था कि संबद्ध राज्य संघों को अपने संबंधित राज्यों में जिला स्तर पर किसी तदर्थ ईकाई निलंबित करने का कोई अधिकार नहीं है।

चुनाव नियमानुसार हुआ है। इसकी वीडियो रिकार्डिंग है। फर्म सोसाइटीज एवं चिट्स ने जो फैसला लिया है, वह एकतरफा है। हम कोर्ट जाएंगे।

**-देवेश दुबे, सचिव, उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ**

खेल विभाग के अधिकारी को चुनाव में भेजा गया था। उसने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया है कि उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के चुनाव नियमों के अनुसार नहीं हुए हैं।

**-डॉ. आरपी सिंह, निदेशक, उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय**

उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ मनमानी पर उतारू है। हमारे यहां से भी उसकी मान्यता निरस्त की जा चुकी है। नियमों की अनदेखी कर चुनाव हुए।

**-आनंदेश्वर पाण्डेय, सचिव, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ**

### 15 दिन में बनानी थी नई कार्यकारिणी

फर्म सोसाइटीज एवं चिट्स के डिप्टी रजिस्ट्राल लोकेश श्रीवास्तव ने भी उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के चुनाव को कालातीत बताया है। बीती नौ जनवरी को इसकी जानकारी भी खेल विभाग, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ और उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ को दे दी थी। साथ ही 15 दिन के अंदर नई कार्यकारणी गठित करने के आदेश भी दिए थे। लेकिन उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ ने अब तक इस ओर कोई ध्यान नही दिया।

# जुलाई में टी-20 के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगी भारतीय टीम

**आयोजन वेस्टइंडीज व अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के बाद**

हरारे, एजेंसी

भारतीय टीम युवा खिलाड़ियों के साथ छह जुलाई से शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगी। जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को यह घोषणा की। इसका आयोजन वेस्टइंडीज व अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के बाद होगा। इसमें हालांकि भारत के मुख्य खिलाड़ियों की भागीदारी की संभावना कम है। सभी पांच मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में 6, 7, 10, 13 और 14 जुलाई को खेले जायेंगे। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि जिम्बाब्वे क्रिकेट (जेडसी) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को घोषणा की कि जिम्बाब्वे जुलाई में 5 मैचों की टी20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारत की मेजबानी करेगा। यह श्रृंखला 6 से 14 जुलाई 2024 तक हरारे में खेली जाएगी। इसकी पुष्टि जेडसी और बीसीसीआई के बीच चर्चा के बाद हुई, जिसका उद्देश्य दोनों बोर्डों के बीच सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि बीसीसीआई ने वैश्विक क्रिकेट समुदाय में योगदान देने में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई है।

## खेल डायरी

### उम्मीद है तोक्यो में खेल पाउंगा: मेस्सी

**तोक्यो, एजेंसी।** हांगकांग में इंटर मियामी के फुटबॉल मैच के दौरान बेंच पर बैठे रहने से हुए विवाद के बाद अर्जेंटीना के खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी बुधवार को तोक्यो में जापान के क्लब विस्सेल कोबे के खिलाफ मैदान में उतर सकते हैं। इससे पहले रविवार को हांगकांग में मेस्सी के नहीं खेलने से नाराज प्रशंसकों और सरकार दोनों की तीखी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा था। इस बहुचर्चित प्रदर्शनी मैच के दौरान प्रशंसकों ने इंटर मियामी के सह मालिक डेविड बेकहम की आलोचना की और पैसे वापसी की मांग की क्योंकि मेस्सी पैर की मांसपेशियों में



खिंचाव के कारण एक स्थानीय टीम के खिलाफ मैच के दौरान पूरे 90 मिनट बेंच पर बैठे रहे। इंटर मियामी टीम के उनके साथी खिलाड़ी लुईस सुआरेज भी मुकाबले के दौरान बेंच पर रहे। इंटर मियामी से जुड़ने के बाद मेस्सी आम तौर पर मीडिया से बचते रहे है लेकिन मंगलवार को वह संवाददाता सम्मेलन में पहुंचे।

### इंग्लैंड ने दिव्यांग टी-20 क्रिकेट में भारत को हराया

**अहमदाबाद, एजेंसी।** कैलम फ्लिन के हरफनमौला खेल से इंग्लैंड की दिव्यांग क्रिकेट टीम ने पांच मैचों की श्रृंखला के अंतिम मुकाबले में मंगलवार को यहां भारत को 22 रन से शिकस्त दी। इस हार के बावजूद श्रृंखला 3-2 से भारत के नाम रही। फ्लिन ने 43 गेंद में 53 रन की पारी खेलने के बाद 13 रन देकर दो विकेट चटकाए। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद फ्लिन और लियाम ओ'ब्रायन (28 गेंदों पर 45 रन) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर 20 ओवर में छह विकेट पर 152 रन बनाए। भारत के लिए रविंद्र साठे ने 4 ओवर में 28 रन देकर दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 7 विकेट पर 130 रन ही बना सकी। टीम के लिए कप्तान विक्रांत केनी ने 49 गेंद में सबसे ज्यादा 45 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए डेनियल रिकी हैम ने 3 विकेट लिए। फ्लिन मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज चुने गए।

### भारत में द.एशिया की महिला हैंडबॉल लीग का अनावरण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में मंगलवार को दक्षिण एशिया की पहली पेशेवर महिला हैंडबॉल लीग (डब्ल्यूएचएल) का अनावरण किया, जिसमें छह टीम हिस्सा लेंगी। दक्षिण एशिया की इस पहली महिला पेशेवर हैंडबॉल लीग में भारत के अलावा एशिया, यूरोप और अफ्रीका की स्टार खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। एक कार्यक्रम में लीग के लोगों का अनावरण भी किया गया। इसका आयोजन दक्षिण एशियाई हैंडबॉल महासंघ और एशियाई हैंडबॉल महासंघ के तत्वावधान में भारतीय हैंडबॉल संघ के सहयोग से किया जाएगा। पावना स्पोर्ट्स वेंचर इस लीग के प्रमोटर हैं। पावना स्पोर्ट्स वेंचर की कार्यकारी निदेशक प्रिया जैन ने लीग का अनावरण करते हुए कहा कि लीग में छह टीम हिस्सा लेंगी और यह भारतीय महिला खिलाड़ियों के प्रदर्शन में सुधार में अहम भूमिका निभा सकती है। हमने लीग को जनवरी 2025 तक शुरू करने का लक्ष्य बनाया है।

### बुंदेलखंड हॉकी टूर्नामेंट में भाग लेंगी देश की 16 टीमें

**महोबा, एजेंसी।** यूपी के महोबा जिले मे 12 फरवरी से शुरू होने वाले 75वें अखिल भारतीय बुंदेलखंड हाकी टूर्नामेंट में देश की 16 टीमें हिस्सा लेंगी। हॉकी फेडरेशन से सम्बद्ध आयोजन समिति के चेयरमैन कुलदीप भटनागर ने मंगलवार को बताया कि चरखारी के डाक बंगला ग्राउंड मे आयोजित टूर्नामेंट में रेलवे लखनऊ, जामिया दिल्ली, करमपुर .गाजीपुर, विवेक अकादमी वाराणसी, नेशनल स्पोर्ट्स क्लब प्रयागराज, डीएचए इटावा, सांई एक्सीलेंसी इंफ़ाल . मणिपुर, एएलबीएम झांसी, स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई, स्टेडियम बांदा, रेलवे भुसावल की टीमों के अलावा नागपुर, जयपुर और सागर की टीमे प्रतिभाग करेंगी। इनका स्वीकारोक्ति पत्र प्राप्त हो गया है। इन टीमों की ओर से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी मैदान पर नजर आयेंगे। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 18 फ़रवरी को खेला जाएगा। पहले इस टूर्नामेंट के आयोजन की तिथियां दो से आठ फ़रवरी तक निर्धारित की गयी थी जिन्हे अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया था।

# सचिन-उदय की पारी से भारत फाइनल में

## द. अफ्रीका ने दिया 245 रन का लक्ष्य, धास-सहारन की 171 रन की साझेदारी ने दिलाई जीता

**अंडर-19 विश्व कप**

बेनोनी (द. अफ्रीका), एजेंसी



सचिन धास और कप्तान उदय सहारन के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से गत चैंपियन भारत ने मंगलवार को विषम परिस्थितियों से उबरते हुए द. अफ्रीका को दो विकेट से हराकर पांचवीं बार फाइनल में जगह बनाई।

द. अफ्रीका के 245 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए धास (96 रन, 95 गेंद, 11 चौके, 1 छक्का) और सहारन (81 रन, 124 गेंद, 6 चौके) के बीच पांचवें विकेट की 171 रन की साझेदारी से भारत ने 48.5 ओवर में 8 विकेट पर 248 रन बनाकर जीत दर्ज की। ये दोनों उस समय बल्लेबाजी के लिए आए जब भारत 12वें ओवर में 32 रन पर 4 विकेट गंवा चुका था। अंत में राज लिम्बानी (4 गेंद में नाबाद 13) ने चौका जड़कर भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया। द. अफ्रीका ने 23 वाइड सहित 27 अतिरिक्त रन देकर भारत की राह कुछ आसान की। द. अफ्रीका की ओर से तेज गेंदबाजों क्वेना मफाका (32 रन पर 3 विकेट) और ट्रिस्टन लूस (37 रन पर 3 विकेट) ने 3-3 विकेट लिए, लेकिन मेजबान टीम को फाइनल में जगह नहीं दिला सके।

द. अफ्रीका ने इससे पहले विकेटकीपर बल्लेबाज हुआन-ड्रे प्रिटोरियस (102 गेंद में 76 रन) और रिचर्ड सेलेट्सवेन (100 गेंद में 64 रन) के अर्धशतक से 7 विकेट पर 244 रन बनाए। भारत से लिम्बानी ने 60 रन देकर 3 जबकि मुशीर खान ने 43 रन देकर 2 विकेट लिए।

भारत फाइनल में गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेगा। लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 12वें ओवर में 32 रन तक ही 4 विकेट गंवा दिए। गेंदबाज मफाका ने पारी की पहली की गेंद पर आदर्श सिंह को विकेटकीपर प्रिटोरियस के हाथों कैच कराया। टूर्नामेंट में दो शतक जड़ने वाले मुशीर (4) चौथे ओवर में लूस की गेंद पर दूसरी स्लिप में द. अफ्रीका के कप्तान युआन जेम्स को कैच दे बैठे। सलामी बल्लेबाज अर्शिन कुलकर्णी (12) ने मफाका पर पारी का पहला छक्का जड़ा लेकिन 10वें ओवर में लूस की गेंद पर स्लिप में जेम्स को कैच दे बैठे। लूस ने अगले ओवर में प्रियांशु मोलिया (5) को भी विकेट के पीछे कैच कराके भारत को चौथा झटका दिया। कप्तान सहारन और धास ने इसके बाद पारी को संभाला। सहारन ने धीमी बल्लेबाजी की, लेकिन धास अच्छी लय में रहे। धास ने तेज गेंदबाज रिली नोर्टन की गेंद पर 5 चौके मारे। भारत के रनों का अर्धशतक 17वें ओवर में पूरा हुआ। धास ने स्टीव स्टॉक पर भी दो चौके मारे और सहारन के साथ मिलकर 25वें ओवर में स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। धास ने ओलिवर वाइटहेड पर दो चौकों के साथ 47 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। सहारन ने 68 गेंद में सिर्फ 29 रन बनाए। उन्होंने जेम्स पर चौके से धास के साथ शतकीय साझेदारी पूरी कर 88 गेंद में अर्धशतक बनाया। धास ने 40वें ओवर में जेम्स पर छक्का जड़ा। भारत को अंतिम 10 ओवर में जीत के लिए 53 रन की जरूरत थी। सहारन ने नकोबानी मोकोएना पर चौके के साथ 41वें ओवर में भारत के रनों का दोहरा शतक पूरा किया। मफाका ने धास को एक्स्ट्रा कवर पर डेविड टीगर के हाथों कैच करा दिया। अरावेली अवनीश (10) मफाका के अगले शिकार बने। मुरुगन अभिषेक (0) रन आउट हुए लेकिन लिम्बानी ने छक्का जड़ मैच का रुख मोड़ा। सहारन ने चौके के साथ टीम को जीत की दहलीज पर पहुंचाया लेकिन जब जीत के लिए एक रन चाहिए था तो रन आउट हो गए। लिम्बानी ने हालांकि मोकोएना पर चौका लगाकर भारत को जीत दिला दी।

## स्कोर बोर्ड

**दक्षिण अफ्रीका — 244/10 (50 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| गिलबर्ट कैच अभिषेक बोल्ड मुशीर | 76 | 102 | 6/3 |
| स्टीव कैच अवनीश बोल्ड लिंबानी | 14 | 17 | 2/1 |
| डेविड टीगर बोल्ड लिंबानी | 00 | 2 | 0/0 |
| रिचर्ड कैच मोलिया बोल्ड तिवारी | 64 | 100 | 4/2 |
| ओलिवर कैच ढास बोल्ड मुशीर | 22 | 34 | 4/0 |
| डेवन मराय कैच अभिषेक बोल्ड सौमी | 3 | 7 | 0/0 |
| जेम्स कैच अवनीश बोल्ड लिंबानी | 24 | 19 | 1/1 |
| राइली नॉर्टन नाबाद | 7 | 7 | 1/0 |
| ट्रिस्टन लुस नाबाद | 23 | 12 | 1/2 |

**अतिरिक्त :** 11 रन कुल 50 ओवर में सात विकेट पर 244 रन **विकेट पतन :** 1-23, 2-46, 3-118, 4-163, 5-174, 6-214, 7-220, **गेंदबाजी :** राज लिंबानी-9-0-60-3, नमन तिवारी-8-0-52-1, मुरुगन अभिषेक-4-0-14-0, अर्शीन कुलकर्णी-2-0-10-0, सौमी पांडे-10-0-38-1, मुशीर खान-10-1-43-2, प्रियांशु मोलिया-7-1-25-0

**भारत — 248/8 (48.5 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| आदर्श कैच प्रीटोरियन बोल्ड मफाका | 00 | 1 | 0/0 |
| अर्शीन कैच जेम्स बोल्ड लुस | 12 | 30 | 0/1 |
| मुशीर खान कैच जेम्स बोल्ड लुस | 4 | 12 | 0/0 |
| उदय रन आउट व्हाइटहेड/मोकोएना | 81 | 124 | 6/0 |
| प्रियांशु कैच प्रीटोरियन बोल्ड लुस | 5 | 10 | 1/0 |
| सचिन ढास कैच टीगर बोल्ड मफाका | 96 | 95 | 11/1 |
| अवनीश कैच नॉर्टन बोल्ड मफाका | 10 | 18 | 1/0 |
| मुरुगन अभिषेक रन आउट मराय | 00 | 1 | 0/0 |
| राज लिंबानी नाबाद | 13 | 4 | 1/1 |
| नमन तिवारी नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

**अतिरिक्त :** 27 रन कुल 48 .5 ओवर में आठ विकेट पर 248 रन, विकेट पतन : 1-0 , 2-8 , 3-25, 4-32, 5-203, 6-226, 7-227, 8-244, **गेंदबाजी :** वेना मफाका 10-0-32-3, ट्रिस्टन लुस 10-1-37-3, राइली नॉर्टन 9-0-53-0, कोबानी मोकोएना-7 .5-0-45-0, स्टीव स्टॉक-2-0-18-0, जुआन जेम्स-8-0-44-0 , ओलिवर व्हाइटहेड-2-0-17-0

# जायसवाल और गिल के प्रदर्शन से टीम जीतने में सफल रही : जहीर

विशाखापत्तनम, एजेंसी

पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में भारत की



लचर बल्लेबाजी की आलोचना करते हुए कहा कि यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल के व्यक्तिगत प्रदर्शन से टीम दूसरे टेस्ट को जीतने में सफल रही। जायसवाल और गिल ने जहां अच्छा प्रदर्शन किया वहीं बुमराह ने मैच में 9 विकेट लिए, जिससे भारत ने 106 रन से मैच जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-1 की बराबर की। जहीर ने कहा कि जब आप टीम को देखते हैं तो कुछ चिंताएं होती हैं - बल्लेबाजी एक ऐसी ही चीज है। हमने अतीत में इन परिस्थितियों में, इस तरह की पिचों पर भारत को बेहतर प्रदर्शन करते देखा है। आप अगर इंग्लैंड की दूसरी पारी को देखेंगे तो सिर्फ एक बल्लेबाज अर्धशतक लगा पाया था फिर भी उनकी टीम 300 रन के करीब पहुंची। समग्र प्रयास से ऐसे नतीजे आते हैं। हमने इस मैच में भारत की ओर से दो शानदार पारियां (जायसवाल और गिल) देखी है लेकिन बल्लेबाजी में अब भी काफी मेहनत करने की जरूरत है।

# न्यूजीलैंड ने ली द. अफ्रीका पर 528 रन की बढ़त

माउंट मोनगानुई (न्यूजीलैंड), एजेंसी

पूर्व कप्तान केन विलियमसन की मैच में दूसरी शतकीय पारी से न्यूजीलैंड ने दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट के तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में दक्षिण अफ्रीका पर 528 रन की बड़ी बढ़त कायम कर ली है। दिन का खेल खत्म होते समय न्यूजीलैंड का स्कोर चार विकेट पर 179 रन था।

डेरिल मिशेल (11) और टॉम ब्लंडेल (पांच) क्रीज पर मौजूद है। विलियमसन टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले न्यूजीलैंड के पांचवें बल्लेबाज है। उनसे पहले ग्लेन टर्नर, ज्योफ हॉवर्थ, एंड्रयू जोन्स और पीटर फुल्टन ने इस कारनामें को किया है। उन्होंने 132 गेंद की पारी में 12 चौके और एक छक्का की मदद से 109 रन बनाये। विलियमसन ने पहली पारी में 100 रन तक पहुंचने के लिए 241 गेंद लिये थे लेकिन उन्होंने दूसरी पारी इसके लिए महज 125 गेंद लिये। टेस्ट क्रिकेट में यह उनका 31वां शतक है। वह नील ब्रांड की गेंद पर क्लाइड फोर्टुइन द्वारा स्टंप आउट हुए। अपने 97 टेस्ट में विलियमसन सिर्फ तीसरी बार इस तरह से आउट हुए हैं।




## बॉलीवुड हलचल

# शास्त्रीय संगीत सीख रहे आमिर



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता आमिर खान इन दिनों शास्त्रीय संगीत सीख रहे हैं। आमिर खान इन दिनों शास्त्रीय संगीत का प्रशिक्षण ले रहे हैं। आमिर खान ने बताया, आजकल मैं सिंगिंग सीख रहा हूं। मेरे हाथ में आप धागा देख रहे हैं , वह मेरी आधिकारिक गुरु सुचेता बसरूर जी ने बांधा है। मैं उनका शिष्य बना हूं। मैं उनसे भारतीय शास्त्रीय संगीत सीख रहा हूं। मैं उनसे पिछले चार-छह महीनों से सीख रहा हूं। आमिर खान ने फिल्म लाल सिंह चड्ढा की असफलता के बाद अभिनय से दूरी बना ली थी। आमिर अब भिनय में दोबारा वापसी कर चुके हैं। आमिर खान ने कहा, मैंने दो वर्षों का अच्छा इस्तेमाल किया है। अपने परिवार के साथ खूब वक्त गुजारा। अब मैं काम करने के लिए तैयार हूं। एक फरवरी से मेरी अगली फिल्म की शूटिंग शुरू हुई है।



### सारेगामा ने माही का पहला सिंगल 'सॉरी' लॉन्च किया

**मुंबई, एजेंसी।** आरपीएसजी समूह की कंपनी, भारत का प्रमुख म्यूज़िक लेबल, सारेगामा ने माही का पहला सिंगल 'सॉरी' लांच किया। माही ने सॉरी गाना को न केवल लिखा है बल्कि अपनी भावपूर्ण आवाज भी दी है। यह गाना एक युवा लड़के द्वारा अपनी प्रेमिका से किए गए वादे को परिभाषित करता है जिसे उसने पूरा नहीं किया और अपनी गलतियों के लिए माफी मांगने के लिए वह अनोखे तरीकों का इस्तेमाल करता है। माही का पहला सिंगल 'सॉरी' अब सारेगामा म्यूजिक यूट्यूब चैनल और अन्य सभी प्रमुख स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

# सोनाली ने की अभिनेता मोहनलाल की तारीफ

'मलाईकोट्टई वालिबन' में अपने काम के लिए सराहना पाने वाली अभिनेत्री सोनाली कुलकर्णी ने मलयालम सिनेमा के दिग्गज मोहनलाल के साथ काम करने को लेकर अपना अनुभव शेयर किया। उन्होंने मलयालम मेगास्टार की उदारता के बारे में एक घटना सुनाई। उसी पर विस्तार से बताते हुए अभिनेत्री ने कहा कि मोहनलाल सर के साथ सहयोग करना सिनेमाई दुनिया का बेहतर अनुभव था। जैसलमेर में सेट पर पहली मुलाकात से ही उनके गर्मजोशी भरे स्वागत ने मेरे लिए एक असाधारण यात्रा की रूपरेखा तैयार कर दी थी। अभिनेत्री ने कहा कि ठंडी रेगिस्तानी हवाओं के बीच अपने एक्शन सीक्वेंस शूट के दौरान उन्होंने मेरे आराम के प्रति चिंता जाहिर की, जो उनके उदारता और सौहार्द का प्रतीक थी। इस शूटिंग के दौरान मैंने प्रत्यक्ष रूप से उनकी प्रतिबद्धता देखी, हर एक्शन सीक्वेंस उनके स्थायी जुनून का प्रमाण था। उन्होंने न केवल मेरे काम को पहचाना बल्कि मेरे हालिया लोकप्रिय गीतों की बारीकियों के बारे में भीबात की। अभिनेत्री ने निर्देशक लिजो जोस पेलिसरी के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि लिजो सिनेमाई ब्रह्मांड में अप्रत्याशित आदर्श बन गए हैं। उनके साथ काम करना एक उत्साहजनक अनुभव है, जो सहजता और आश्चर्य से भरा है। लिजो की दुनिया में मेरी यात्रा उसकी कहानियों में आए मोड़ों की तरह अप्रत्याशित रूप से शुरू हुई। मैंने कभी उनके निर्देशन में मलयालम फिल्म में काम करने की कल्पना नहीं की थी। यहां मैं एक ऐसा सपना जी रही हूं, जिसे मैंने कभी पूरा होते नहीं देखा था।



# फिल्म जर्नी में नाना पाटेकर संग काम करना शानदार: भक्ति



मुंबई, एजेंसी । अभिनेत्री भक्ति राठौड़ का कहना है कि फिल्म जर्नी में नाना पाटेकर के साथ काम करना शानदार अनुभव रहा है। अनिल शर्मा निर्देशित -निर्मित, जर्नी में नाना पाटेकर, उत्कर्ष शर्मा, राजेश शर्मा, अश्विनी कालसेकर, राजपाल यादव जैसे कई कलाकार हैं। इस फिल्म में भक्ति राठौड़ ने नाना पाटेकर की सबसे बड़ी बहू मंजरी का किरदार निभाया है। फिल्म का पहला शेड्यूल बनारस के हर में शूट किया गया था, और अब, टीम दूसरा शेड्यूल हिमाचल प्रदेश में कर रही है। नाना पाटेकर के साथ काम करने को लेकर भक्ति राठौड़ ने कहा, नाना सर के साथ काम करना बहुत स्वाभाविक लगता है। उनके साथ दृश्य करना बहुत आसान है। वास्तव में, शूटिंग के पहले दिन के भीतर ही हम एक परिवार बन गए। हम ऑफ-स्क्रीन एक-दूसरे के साथ मजाक करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप कैमरे पर बहुत अच्छी केमिस्ट्री बनती है।

### राकेश मिश्रा का गाना हवेली पा रिलीज



मुंबई, एजेंसी। गायक-अभिनेता राकेश मिश्रा का गाना हवेली पा रिलीज हो गया है। हवेली पा गाना एसआर के म्यूजिक के ऑफिसियल यूट्यूब पर रिलीज हुआ है। यह गाना राकेश मिश्रा और शिल्पी राज ने गाया है। राकेश मिश्रा ने कहा कि गाना धांसू है। इस गाने को हमने बड़े लेवल से बनाया है। शिल्पी राज के साथ कोई भी प्रोजेक्ट करने में बेहद मजा आता है . गाने में मजेदार डांस भी है। उम्मीद करते हैं कि यह गाना आपको बेहद पसंद आने वाली है। हम भोजपुरी दर्शकों से अपील कर रहे हैं कि आप सभी इस गाने को खूब बड़ा बनाये। गाना हवेली पा के म्यूजिक वीडियो में पूजा ठाकुर के साथ राकेश मिश्रा हैं। इस गाने के गीतकार दीपक ब्याहुत और खबरी लाल गुप्ता हैं। संगीतकार आर्या शर्मा हैं। कोरियोग्राफर एम के गुप्ता जॉय और डीआई हमिंग बर्ड वीएफएक्स है।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# बेहद नाजुक है अभी चंद्रमा की धरती

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचारः** चंद्रमा की भूगर्भीय स्थिति बेहद नाजुक है। भूकंप से इसकी धरती कांपती रहती है और इसका सिकुड़ना भी जारी है। दक्षिणी ध्रुव कंही उथला है और कुछ हिस्सा फिसलनभरा है। नासा के आर्टेमिस मैन मून मिशन अभियान को लेकर किए गए शोध में यह जानकारी सामने आई है।

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा आगामी वर्षों में इंसान के एक दल को चन्द्रमा पर भेजने जा रहा है। इस मिशन का नाम आर्टेमिस है। जिस स्थान पर दल को उतारा जाना है, नासा उस जगह का चयन भी कर चुका है। लैंडिंग स्थलों की अधिक जानकारी को लेकर हाल में किए शोध में कई महत्वपूर्ण जानकारी मिली हैं। शोध मे दावा किया है कि चंद्रमा सिकुड़ रहा है। इसके दक्षिणी ध्रुव के पास चंद्रमा के भूकंप उत्पन्न हो रहे हैं। चंद्रमा के इसी स्थान पर नासा अपने मानव दल को भेजने की योजना बना रहा था। अध्ययन में कहा गया है कि चंद्रमा के आंतरिक भाग धीरे-धीरे ठंडा होने के कारण सिकुड़ रहा है। भूगर्भीय हलचल के कारण भूकंप आ रहे हैं। इसके अलावा भी कुछ दोष उस हिस्से में पाए गए हैं, जहां आर्टेमिस का मानव यान लैंड करने जा रहा है। इस शोध के बाद नासा को लैंडिंग का स्थान बदलना पड़ सकता है। बहरहाल इस संदर्भ में नासा ने अभी कोई टिप्पणी नही की है। मगर इतना तो तय है कि शोध के अनुसार इस जमीन पर इंसानो को उतारना सुरक्षित नही हो सकता।



चंद्रमा के सिकुड़ती सतह की तस्वीर।

### चंद्रमा के गर्भ में झांकने की क्षमता रखता है चंद्र टोही ऑर्बिटर

**नैनीताल :** नासा के चंद्र टोही ऑर्बिटर (एलआरओ) के जरिये चंद्रमा की धरती की तमाम जानकारी मिल पाई है। यह ऑर्बिटर चाँद के थ्रस्ट दोष, भू-आकृतियाँ, संकुचन बल परत, भ्रंश आदि को देख सकता है। नया शोध वाशिंगटन, डी.सी. में स्मिथसोनियन इंस्टीट्यूशन के टॉम वॉटर्स, पीयर-रिव्यूड प्लैनेटरी साइंस जर्नल में प्रकाशित हुआ है।

## निक्की हेली ने धमकियों का हवाला देते हुए मांगी सुरक्षा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल भारतीय मूल की नेता निक्की हेली ने खुद को मिल रहीं धमकियों का हवाला देते हुए खुफिया सेवा की सुरक्षा मांगी है। मीडिया में आईं खबरों में यह जानकारी दी गई है।

हेली रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने की दौड़ में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इकलौती प्रतिद्वंद्वी बची हैं। सीएनएन की खबर के अनुसार, हेली की प्रचार टीम ने कहा कि उन्होंने खुफिया सेवा की सुरक्षा के लिए आवेदन किया है, लेकिन यह नहीं बताया कि आवेदन कब किया गया। प्रचार टीम ने यह भी नहीं बताया कि किस खतरे के मद्देनजर उन्होंने सुरक्षा के लिए आवेदन किया है।

## 50 दिनों में श्रीलंका पुलिस ने 56,000 संदिग्ध किए गिरफ्तार

**कोलम्बो।** श्रीलंका में राष्ट्रीय अपराध विरोधी अभियान के दौरान पुलिस ने 50 दिनों में आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के मामले 56,000 से ज्यादा संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया है। श्रीलंका के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

मंत्रालय ने कहा कि गिरफ्तार किए गए संदिग्धों में से 49,558 को मादक पदार्थ संबंधी मामलों में गिरफ्तार किया गया है, जबकि अन्य लोगों को अन्य आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने की आशंका पर गिरफ्तार किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि संदिग्धों की जब्त की गई संपत्तियों का कुल मूल्य लगभग 72.5 करोड़ रुपये (लगभग 23 लाख अमेरिकी डॉलर) आंका गया है। इसके साथ ही जब्त दवाओं का अनुमानित बाजार मूल्य 7.73 अरब रुपये (लगभग 2.5 करोड डॉलर) बताया गया है। गौरतलब है कि श्रीलंका पुलिस ने देश में मादक पदार्थों की तस्करी और संगठित आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए गत 17 दिसंबर से एक अभियान की शुरूआत की है।



## सिंगापुर हवाई अड्डे पर भारतीय मूल के अधिकारी का सम्मान

**सिंगापुर।** सिंगापुर के चांगी हवाई अड्डे पर भारतीय मूल के एक विमानन सुरक्षा अधिकारी को जर्मनी की 87 वर्षीय एक यात्री की सहायता करने के लिए सम्मानित किया गया है।

हरेश चंद्रन को चांगी हवाई अड्डे के वार्षिक समारोह में 2023 के लिए 'सर्विस पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। चंद्रन को 22 दिसंबर, 2022 को चांगी हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 पर गिरने वाली जर्मन यात्री की उत्कृष्ट सहायता करने के परिणामस्वरूप यह पुरस्कार मिला है। यात्री की चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित करने के अलावा, चंद्रन ने उसके पति के लिए आवास की व्यवस्था की, रीबुकिंग शुल्क माफ करने के लिए एयरलाइन के साथ संपर्क किया।

## एक नजर

### कजाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री बने ओल्जास बेक्टेनोव

**अस्ताना।** कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायेव ने मंगलवार को कजाकिस्तान गणराज्य में ओल्जास बेक्टेनोव को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया। कजाकिस्तान की सत्तारूढ़ अमानत पार्टी ने ओल्जास बेक्टेनोव की उम्मीदवारी का प्रस्ताव रखा, जो पहले राष्ट्रपति प्रशासन के प्रमुख के रूप में कार्य करते थे। टोकायेव ने कजाकिस्तान की संसद के निचले सदन माजलिस के पूर्ण सत्र के दौरान पार्टी गुटों के नेताओं के साथ बेक्टेनोव की उम्मीदवारी पर चर्चा की। टोकायेव ने बाद में बेक्टेनोव को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया। गौरतलब है कि कजाकिस्तान की सरकार ने सोमवार को इस्तीफा दे दिया था।

### चिलीः जंगल में लगी आग से मरने वालों की संख्या 122 हुई

**सैंटियागो।** चिली के मध्य क्षेत्र वालपराइसो के जंगल में लगी आग में मृतकों की संख्या बढ़कर 122 हो गई है। चिली सरकार ने मंगलवार को बताया कि दक्षिण अमेरिकी देश की फोरेंसिक एजेंसी लीगल मेडिकल सर्विस के अनुसार 122 मृतकों में से केवल 32 की ही पहचान हो पाई है और 40 शवों का पोस्टमार्टम किया जा चुका है। जंगल में लगी आग को बुझाने के लिए बड़े पैमाने पर दमकल कर्मियों को तैनात किया गया है। वालपराइसो क्षेत्र में लगी आग से 11 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि जल गई है और छह हजार मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। फिलहाल, जंगल में लगी आग के कारणों की जांच जारी है।

### श्रीलंका के पर्यावरण मंत्री ने इस्तीफा दिया

**कोलंबो।** श्रीलंका के पर्यावरण मंत्री केहेलिया रामबुकवेला ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। रामबुकवेला को स्वास्थ्य मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान विवादास्पद मानव इम्युनोग्लोबुलिन खरीद घोटाले को लेकर कुछ ही दिन पहले गिरफ्तारी किया गया था। पुलिस के अपराध जांच विभाग द्वारा 10 घंटे से अधिक की पूछताछ के बाद 2 जनवरी को रामबुकवेला को गिरफ्तार किया गया था। रामबुकवेला ने राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा पत्र भेजा था। राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि इस्तीफा राष्ट्रपति द्वारा स्वीकार कर लिया गया था और इसे सरकारी गजट के माध्यम से प्रकाशन के लिए निर्देशित किया गया है। उसने कहा कि हिरासत में लिये जाने के बाद मंत्री को बीमार होने के कारण जेल अस्पताल में ले जाया गया था।

### ईरान में बिना वीजा के अधिकतम 15 दिन ठहर सकें गे भारतीय

**नई दिल्ली।** ईरान ने मंगलवार को पर्यटन के लिए हवाई मार्ग से देश में प्रवेश करने वाले भारतीयों के लिए अधिकतम 15 दिन के वीजा मुक्त प्रवास कार्यक्रम की घोषणा की। ईरानी दूतावास ने कहा कि भारतीय नागरिकों के लिए चार फरवरी से चार शर्तों के तहत वीजा-मुक्त प्रवेश सुविधा शुरू कर दी गई है। दिसंबर में ईरान ने भारत, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, जापान, सिंगापुर और मलेशिया समेत 32 अन्य देशों के लिए एक नए वीजा-मुक्त कार्यक्रम को मंजूरी दी। ईरान की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि साधारण पासपोर्ट धारक व्यक्तियों को हर छह महीने में एक बार बिना वीजा के अधिकतम 15 दिन के लिए देश में ठहरने की अनुमति दी जाएगी। बयान में कहा गया है यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि 15 दिन की अवधि को बढ़ाया नहीं जा सकता।

### दक्षिण अफ्रीका में हैजा के 46 मामले

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में एक जनवरी से एक फरवरी के बीच हैजा के 46 मामले दर्ज किए गए। दक्षिण अफ्रीका के स्वास्थ्य मंत्री जो फाहला ने मंगलवार को बताया कि पांच मामले प्रयोगशाला द्वारा पुष्टि किए गए हैं और इनमें से तीन मामले पड़ोसी देश जिम्बाब्वे से आए हैं, जो वर्तमान में डायरिया बीमारी के प्रकोप से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि पुष्टि किए गए मामलों में से चार लिम्पोपो प्रांत में पाए गए, और दूसरे की पुष्टि गौतेंग प्रांत में हुई। हैजा संक्रमण के प्रसारण को रोकने के लिए नियंत्रण उपायों को स्थापित करने के लिए स्थानीय प्रकोप प्रतिक्रिया टीमों को सक्रिय किया गया है।

### इजराइल-हमास के बीच संघर्षविराम के लिए ब्लिंकन ने की मिस्र के नेताओं से मुलाकात

# बंधकों की रिहाई पर दिया जोर

काहिरा, एजेंसी

मिस्र के नेताओं और अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात करने के लिए मंगलवार को काहिरा में मौजूद अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि उग्रवादियों से बंधकों को छुड़ाने के बदले इजराइल-हमास के बीच संघर्षविराम के लिए वार्ता करने पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

इजराइल ने संकेत दिए हैं कि गाजा में जारी लड़ाई फैलकर मिस्र सीमा तक पहुंच सकती है, जिसको लेकर मिस्र में बढ़ती चिंताओं के बीच ब्लिंकन ने यह यात्रा की है। मिस्र सीमा पर फिलहाल बड़ी तादाद में विस्थापित फलस्तीनी शरण लिए हुए हैं। इजराइली रक्षा मंत्री ने कहा है कि इजराइल के हमले अंततः मिस्र की सीमा पर रफाह शहर तक पहुंच जाएंगे। गाजा की 23 लाख की आबादी में से आधे से अधिक लोगों ने रफाह शहर में शरण ले रखी है है और वे दयनीय परिस्थितियों में रह रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय पर्यवेक्षकों ने मंगलवार को कहा कि गाजा छोड़ने का इजराइल का आदेश अब दो तिहाई क्षेत्र पर लागू हो गया है, जिसके चलते हर दिन हजारों लोग सीमावर्ती क्षेत्रों की ओर जा रहे हैं। मिस्र ने आगाह किया है कि सीमा पर इजराइली सैनिकों की तैनाती से दोनों देशों के बीच चार दशक पहले हुआ शांति समझौता खतरे में पड़ जाएगा। मिस्र को डर है कि लड़ाई के रफाह क्षेत्र तक फैलने से भयभीत फलस्तीनी नागरिक सीमा पार करके मिस्र में दाखिल हो सकते हैं। ब्लिंकन ने मंगलवार को मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सीसी से मुलाकात की। वह कहते रहे हैं कि कि फिलिस्तीनियों को गाजा से बाहर नहीं निकाला जाना चाहिए। ब्लिंकन अपनी इस यात्रा के दौरान संघर्षविराम समझौते, इजराइल और सऊदी अरब के बीच संबंधों को सामान्य बनाने और क्षेत्रीय लड़ाई को बढ़ने से रोकने पर जोर दे रहे हैं। हालांकि तीनों मुद्दों पर ब्लिंकन बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। हमास और इजराइल संभावित संघर्षविराम के लिए तैयार नहीं हैं



### फिलिस्तीनियों के साथ दो-राज्य समाधान ही एकमात्र रास्ता

**बर्लिन।** जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से कहा कि फिलिस्तीनियों के साथ दो-राज्य समाधान क्षेत्र में स्थायी शांति का एकमात्र रास्ता है। स्कोल्ज ने कहा कि सरकार केवल बातचीत के जरिए दो-राज्य समाधान से ही मध्य पूर्व संघर्ष के स्थायी समाधान की संभावना खुलेगी। यह गाजा और वेस्ट बैंक दोनों पर लागू होना चाहिए। रूस की ओर से बताया कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने संयुक्त अरब अमीरात के अपने समकक्ष शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ टेलीफोन पर बात की।

### द. लेबनान में हवाई हमला, तीन की मौत, दो घायल

**बेरूत।** इजराइली युद्धक विमान ने सोमवार को अपराह्न में दक्षिणी लेबनान के एक गांव में एक घर पर बमबारी की, जिसमें लेबनान के शिया अमल आंदोलन के तीन सदस्य मारे गए और दो नागरिक घायल हो गए। चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ ने लेबनानी चिकित्सा एवं सुरक्षा सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। सिविल डिफेंस एवं मुस्लिम स्काउट एसोसिएशन के आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि हवाई हमले ने बेयट लिफ गांव को निशाना बनाया। हमले के बाद राहत एवं बचावकर्मी और एम्बुलेंस मलबे को हटाने और हताहतों को नजदीकी अस्पताल में ले जाने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। चिकित्सा सूत्रों ने बताया कि अल-जिबिन के एक अन्य गांव को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हमले में छर्रे लगने से दो एम्बुलेंस क्षतिग्रस्त हो गईं। इस बीच, लेबनानी सैन्य सूत्रों ने शिन्हुआ को बताया कि इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान के पश्चिमी और मध्य क्षेत्रों को निशाना बनाकर 14 हवाई हमले किए और क्षेत्र के 18 कस्बों और गांवों पर लगभग 100 गोले दागे। उल्लेखनीय है कि लेबनान-इजराइल सीमा पर गत आठ अक्टूबर, 2023 से तनाव बढ़ गया है।

### अमेरिका गठबंधन बल का उत्तरी यमन पर हमला

**सना।** अमेरिका-ब्रिटेन गठबंधन बल ने मंगलवार तड़के पहले यमन के उत्तरी प्रांत सादा पर तीन हवाई हमले किए। हाउती संचालित अल-मसीरा मीडिया के अनुसार हमलों में प्रांत की राजधानी के पूर्वी हिस्से में साइटों को निशाना बनाया गया। हवाई हमले लाल सागर की ओर एक कथित मिसाइल हमले के बाद हुए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने यमन में दो हाउती विस्फोटक गैर-चालक दल वाले वाहनों पर हमला किये जाने की पुष्टि की और कहा कि यह हमला क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना के जहाजों और व्यापारी जहाजों के लिए एक आसन्न खतरे के मद्देनजर किया गया। सेंट्रल कमांड ने कहा है कि हवाई हमले 12 जनवरी से वाशिंगटन और लंदन की ओर से जारी सैन्य प्रतिक्रिया का हिस्सा हैं, जिसमें सना और अन्य उत्तरी प्रांतों के हाउती-नियंत्रित क्षेत्रों को लक्षित किया गया है। कथित तौर पर ये कार्रवाई लाल सागर में वाणिज्यिक नौवहन पर हाउती हमलों के प्रतिशोध में हैं।

# पीपीपी चुनाव कार्यालय पर ग्रेनेड हमला, तीन बच्चे घायल

क्वेटा, एजेंसी

बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा के औद्योगिक शहर के पास में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) उम्मीदवार के चुनाव कार्यालय पर ग्रेनेड हमले में तीन बच्चे घायल हो गए। अज्ञात हमलावरों ने प्रस्तावित मतदान केंद्रों सहित छह अन्य स्थानों पर भी सोमवार को ग्रेनेड हमले किए।

डॉन समाचार पत्र ने पुलिस के हवाले से मंगलवार को कहा कि अज्ञात मोटरसाइकिल चालकों ने जुम्मा खान होटल के पास पीपीपी के बलूचिस्तान विधानसभा उम्मीदवार मीर अली हसन जेहरी के चुनाव कार्यालय पर हमला किया। विस्फोट चुनाव शिविर के करीब हुआ, जिसमें तीन बच्चे घायल हो गए। विस्फोट के तुरंत बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल बच्चों को हब के जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जब ग्रेनेड विस्फोट हुआ तब श्री जेहरी चुनाव शिविर में मौजूद नहीं थे। बाद में घायल बच्चों को कराची के जियाउद्दीन अस्पताल में रेफर कर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि एक और ग्रेनेड हमला पीपीपी उम्मीदवार के चुनाव कार्यालय पर हुआ जो चुनाव कार्यालय के करीब ही फट गया। हमले में कोई हताहत नहीं हुआ तथा इसमें केवल शिविर क्षतिग्रस्त हुआ। रक्सान डिवीजन के खारन इलाके में तीन विस्फोट हुए जहां अज्ञात हथियारबंद लोगों ने मतदान केंद्रों के लिए प्रस्तावित स्कूल भवनों को निशाना बनाया। ग्रेनेड हमलों में स्कूल सहित कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं।

### खैबर पख्तूनख्वा में मार गिराए दो आतंकवादी

**उत्तरी वजीरिस्तान।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में सेना की कार्रवाई में दो आतंकवादी मारे गए। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) की ओर से जारी वक्तव्य के मुताबिक सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद कल रात अभियान चलाया। इसी दौरान सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई। मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये जिनमें से एक की पहचान अयूबुल्लाह मंसूर के रूप में की गई है। पाकिस्तानी सेना ने मौके से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए हैं। आतंकवादियों और सेना के बीच यह मुठभेड़ डेरा इस्माइल खान के एक पुलिस थाने पर आतंकवादी हमले में 10 पुलिस अधिकारियों के मारे जाने और अन्य छह के घायल होने के एक दिन बाद हुई।

### पाकिस्तानी ने अरब सागर में फंसे भारतीय नागरिकों को दी मदद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने कहा है कि उसके नौसेना के अधिकारियों और समुद्री सुरक्षा एजेंसी ने अरब सागर में फंसे नौ भारतीय नागरिकों को समय पर मदद करके भारी राहत पहुंचाई। पाकिस्तानी सेना द्वारा हा गया कि भारतीय जहाज सैस फाइव से प्राप्त संकट की स्थिति की सूचना के बाद संयुक्त खोज और बचाव अभियान शुरू किया गया था। जहाज तकनीकी समस्या के कारण भटक गया था ।यह जहाज चार फरवरी को भारत के दाभोल बंदरगाह से शारजाह के लिए रवाना हुआ था। इस दौरान इंजन में खराबी आ गई, जिससे जहाज पर सवार नौ भारतीय नागरिक 24 घंटे से अधिक समय तक समुद्र में फंसे रहे। बयान में कहा गया कि संकट की स्थिति की कॉल पर तत्काल कदम उठाते हुए सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने सफल बचाव अभियान चलाया और फंसे हुए चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए तकनीकी मुद्दों का समाधान किया।

# पीटीआई समर्थित महिला प्रत्याशी आतंकवाद के मामले में आरोपित

लाहौर, एजेंसी

पीएमएल-एन के प्रमुख नवाज शरीफ के खिलाफ चुनाव लड़ रही पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित महिला उम्मीदवार को मंगलवार को आतंकवाद मामले में अभ्यारोपित किया गया।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के अधिकारियों द्वारा आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले खान की पार्टी के नेताओं और समर्थकों के खिलाफ कार्रवाई तेज की गई है। इसी के परिणाम स्वरूप यह कार्रवाई सामने आई है। पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने पीटीआई का ऐतिहासिक चुनाव चिन्ह 'बल्ला' वापस लेने का फैसला किया था। आयोग के इस फैसले को उच्चतम न्यायालय ने बरकरार रखा था, जिसके चलते पीटीआई के उम्मीदवार निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। सेना से टकराव का सामना कर रही पीटीआई के निर्दलीय उम्मीदवारों को अपने-अपने चुनाव क्षेत्रों में प्रचार करने की अनुमति नहीं दी जा रही है। पाकिस्तान के तीन बार प्रधानमंत्री रहे शरीफ (74) लाहौर की एनए-130 सीट से चुनाव मैदान में हैं। इस सीट पर उनका मुकाबला पीटीआई समर्थित मजबूत उम्मीदवार डॉक्टर यास्मीन रशीद से है।



पुलिस की निगरानी में आगामी आम चुनाव के लिए मतपेटियों को तैयार करते लोग। ● एजेंसी


## यमन की राष्ट्रपति परिषद ने प्रधानमंत्री को किया बर्खास्त

**सना।** यमन की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त राष्ट्रपति परिषद ने प्रधानमंत्री मईन अब्दुलमलिक सईद को बर्खास्त कर दिया। यह प्रत्याशित कदम ऐसे वक्त में उठाया है सरकार के प्रतिद्वंद्वियों यानी ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर अमेरिका नीत गठबंधन हमले कर रहा है।

परिषद ने एक आदेश में विदेश मंत्री अहमद अवाद बिन मुबारक को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। सऊदी अरब के करीबी माने जाने वाले बिन मुबारक ने मईन अब्दुलमलिक सईद का स्थान लिया है जो 2018 से यमन के प्रधानमंत्री थे। परिषद ने इस फेरबदल की वजह नहीं बताई है।

## किंग्स चार्ल्स तृतीय कैंसर से ग्रसित

**लंदन।** ब्रिटेन के किंग्स चार्ल्स तृतीय कैंसर से ग्रसित हो गए हैं और उनका उपचार जारी है। राजमहल बकिंघम पैलेस ने सोमवार को यह जानकारी दी। राजमहल की ओर से जारी बयान के मुताबिक किंग्स चार्ल्स तृतीय प्रोस्टेट के इलाज के तुरंत बाद यह पता लगा कि वे कैंसर से ग्रसित हैं। पैलेस के ने कहा कि किंग्स चार्ल्स तृतीय का प्रोस्टेट वृद्धि के लिए इलाज किया गया है। बाद में यह भी पता चला कि वह कैंसर से पीड़ित हैं। बकिंघम पैलेस की ओर से जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि किंग्स का आज नियमित उपचार शुरू हुआ है और इस दौरान डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने तथा सार्वजनिक कर्तव्यों को स्थगित करने की सलाह दी। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बयान में कहा कि वह किंग्स चार्ल्स तृतीय के पूर्ण और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि वह कुछ ही समय में स्वस्थ्य हो कर वापस आ जाएंगे। पूरा देश उनके स्वस्थ होने की कामना करेगा।






रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने पुरी समुद्र तट पर राजा चार्ल्स तृतीय के शीघ्र स्वस्थ होने का कामना करते हुए रेत की मूर्ति बनाई (ऊपर)। वहीं मुंबई में एक कलाकार ने किंग चार्ल्स की पेंटिंग में यही दुआ मांगी।

## ट्रंप को चुनाव हस्तक्षेप मामले में अभियोजन से छूट नहीं: अदालत

**वाशिंगटन।** अमेरिका की एक संघीय अपीलीय अदालत ने मंगलवार को फैसला सुनाया कि डोनाल्ड ट्रंप को 2020 के चुनाव के परिणामों को पलटने की साजिश रचने संबंधी आरोपों में मुकदमे का सामना करना पड़ सकता है और पूर्व राष्ट्रपति का यह दावा स्वीकार करने योग्य नहीं है कि उन्हें अभियोजन से छूट प्राप्त है।

यह निर्णय कुछ महीनों में दूसरी बार है जब न्यायाधीशों ने ट्रंप की छूट संबंधी दलीलों को खारिज कर दिया है। लेकिन अभी पूर्व राष्ट्रपति की ओर से अतिरिक्त अपील का अवसर खुला है जो अमेरिकी उच्चतम न्यायालय तक पहुंच सकते हैं। मुकदमा मूल रूप से मार्च के लिए निर्धारित किया गया था, लेकिन इसे पिछले सप्ताह स्थगित कर दिया गया और न्यायाधीश ने तुरंत कोई नई तारीख निर्धारित नहीं की।


# ...तो चांद पर होगा अपना घरौंदा

*ये तो आपने सुना ही होगा कि कई लोगों ने चांद पर जमीन खरीद रखी है। लेकिन क्या आपको पता है चांद पर जमीन के क्या रेट हैं। अगर हम आपको चांद पर जमीन के रेट बता देंगे तो शायद आपको यकीन नहीं होगा। बता दें कि चांद पर 1 एकड़ जमीन का रेट मात्र 3000 रुपये है। अब आप सोच रहे होंगे ये जमीन आखिर इतनी सस्ती क्यों है। चलिए हम आपको इसके बारे में डिटेल में बताते हैं। अक्सर इस बात को सुनने को मिलता है कि अमुक आदमी ने चांद पर जमीन खरीदी है। कभी सुपरस्टार अभिनेता शाहरूख खान का नाम, तो कभी सुशांत सिंह राजपूत का नाम चांद पर जमीन खरीदने वालों की लिस्ट में सुनने को मिलता है। सुशांत सिंह राजपूत ने साल 2018 में चांद पर जमीन खरीदी थी। वहीं बॉलीवुड के बादशाह यानी शाहरुख खान को उनके एक फैन ने चांद पर जमीन तोहफे में दी थी।*



### कैसे खरीदें चांद पर जमीन

रिपोर्ट के मुताबिक लूना सोसाइटी इंटरनेशनल और इंटरनेशनल लूनार लैंड्स रजिस्ट्री ऐसी कंपनी है जो चांद पर जमीन बेचने का दावा करती है। इन कंपनियों के द्वारा 2002 में ही हैदराबाद के राजीव बागड़ी और 2006 बेंगलुरू के ललित मोहता ने भी चांद पर प्लॉट खरीदा था। इन लोगों का मानना है की चांद पर आज नहीं तो कल जीवन तो बसना ही है। सुशांत ने चांद पर जमीन इंटरनेशनल लूनर लैंड्स रजिस्ट्री से खरीदी थी। उनकी यह जमीन चांद के 'सी ऑफ मसकोवी' में है।



### कितनी है कीमत

लूनर रजिस्ट्री डॉट कॉम के अनुसार चांद पर एक एकड़ जमीन की कीमत 37 ।50 अमेरिकी डॉलर यानी करीब 3112 ।52 रुपये है। कम कीमत होने के कारण लोग भावनाओं में बहकर रजिस्ट्री कराने के बारे में ज्यादा नहीं सोचते। जब जमीन की कीमत तय है तो सवाल ये भी उठता है कि आखिर चांद का मालिक कौन है? आउटर स्पेस ट्रीटी 1967 के मुताबिक, अंतरिक्ष के किसी भी ग्रह या फिर चांद पर किसी भी एक देश या व्यक्ति का अधिकार नहीं है। चांद पर बेशक किसी भी देश का झंडा लगा हो, लेकिन चांद का मालिक कोई नहीं।

### चांद पर जमीन की बिक्री कानूनी या गैरकानूनी?

इस बारे में इंटरनेशनल संगठनों का मानना है कि चांद की जमीन पर कानूनी तौर पर किसी का मालिकाना हक नहीं माना जा सकता, क्योंकि पृथ्वी से बाहर की दुनिया पूरी मानव जाति की धरोहर है। इस पर किसी एक देश का कब्जा नहीं हो सकता। 1967 की आउटर स्पेस ट्रीटी के मुताबिक स्पेस में किसी भी ग्रह या उनके उपग्रहों पर किसी भी एक देश या व्यक्ति का अधिकार नहीं है। भारत समेत 110 देशों ने इस पर साइन किए हैं। बिना किसी अधिकार के लिए कंपनियां चांद पर जमीन की रजिस्ट्री करने का दावा करती हैं। यह एक तरह से गोरखधंधा है।



## सूडान के पास सांप्रदायिक झड़प में 23 लोगों की मौत

**जुबा।** दक्षिण सूडान के पास विवादित अबयेई विशेष प्रशासनिक क्षेत्र में वार्रप राज्य के ट्विक समुदाय के सशस्त्र युवाओं और न्गोक दिन्का के बीच नए सिरे से हुई सांप्रदायिक झड़पों में कम से कम 23 लोग मारे गए और 17 अन्य घायल हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। यूएनआईएसएफए ने कहा कि सप्ताहांत में वार्रप राज्य के ट्विक समुदाय के सशस्त्र युवाओं ने अबेई विशेष प्रशासनिक क्षेत्र के क्षेत्रों पर हमला किया। यूएनआईएसएफए ने कहा कि सशस्त्र हमलावरों ने तीन और चार फरवरी को मालुअल अलेउ, बैंटन, अबाथोक, मजबोंग, अवल और रूमामियर के पूर्वी क्षेत्र में नागरिकों पर हमला किया और इस दौरान रॉकेट, हथगोले और मोर्टार जैसे भारी हथियारों का उपयोग किया गया।